kanwhizztimes
@kanwhizztimes lucknow
@kanwhizztimes
www.kanwhizztimes.com

# कैनविज टाइम्स

सिर्फ सच

❐ वर्ष-15 ❐ अंक-141 ❐ रविवार, 21 जून 2026 ❐ नगर संस्करण ❐ लखनऊ से प्रकाशित एवं दिल्ली, पंजाब और उत्तराखंड में प्रसारित ❐ मूल्य- ₹ 3.00 ❐ पृष्ठ-12



सब लोग योग दिवस पर प्रण लें कि हम योग करेंगे और निरोग रहेंगे। योग के माध्यम से हम केवल अपने शरीर ही नहीं बल्कि मन को भी स्वस्थ बनाते। मन स्वस्थ होकर सकारात्मक दिशा की ओर आगे बढ़ेगा तभी हमारा देश व प्रदेश आगे बढ़ेगा। **ब्रजेश पाठक**

किसानों के खातों में पहुंचे 18,880 करोड़ 11

मुख्यमंत्री धामी ने 4,400 श्रमिकों के खातों में ट्रांसफर की 11 करोड़ की धनराशि 12

## संक्षेप

### मुर्मु मंगलवार को 65 हस्तियों को पद्म पुरस्कारों से सम्मानित करेंगी

**नयी दिल्ली।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु मंगलवार को राष्ट्रपति भवन के गणतंत्र मंडप में नागरिक अलंकरण समारोह–द्वितीय में वर्ष 2026 के पद्म पुरस्कार प्रदान करेंगी। इस अवसर पर उपराष्ट्रपति सी. पी. राधाकृष्णन, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह, केंद्रीय मंत्रिपरिषद के अनेक मंत्री तथा अन्य गणमान्य व्यक्ति भी इस समारोह में उपस्थित रहेंगे। द्वितीय नागरिक अलंकरण समारोह में राष्ट्रपति 65 हस्तियों को पद्म पुरस्कार प्रदान करेंगी, जिनमें दो पद्म विभूषण, सात पद्म भूषण और 56 पद्म श्री सम्मान शामिल हैं। श्रीमती मुर्मु ने 25 मई को आयोजित प्रथम नागरिक अलंकरण समारोह में भी 65 पद्म पुरस्कार प्रदान किए थे, जिनमें दो पद्म विभूषण, छह पद्म भूषण और 57 पद्म श्री शामिल थे। पद्म पुरस्कार देश के सर्वोच्च नागरिक सम्मानों में से एक हैं। ये तीन श्रेणियों पद्म विभूषण, पद्म भूषण और पद्म श्री में प्रदान किए जाते हैं। ये पुरस्कार कला, समाज सेवा, लोक कार्य, विज्ञान एवं अभियांत्रिकी, व्यापार एवं उद्योग, चिकित्सा, साहित्य एवं शिक्षा, खेल, लोक सेवा आदि विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट योगदान के लिए दिए जाते हैं। 'पद्म विभूषण' असाधारण और विशिष्ट सेवा के लिए, 'पद्म भूषण' उच्च कोटि की विशिष्ट सेवा के लिए तथा 'पद्म श्री' किसी भी क्षेत्र में विशिष्ट सेवा के लिए प्रदान किया जाता है। इन पुरस्कारों की घोषणा प्रत्येक वर्ष गणतंत्र दिवस के अवसर पर की जाती है।

### चुनाव प्रक्रिया को बेहतर बनाने की कोशिश कर रहे : ज्ञानेश कुमार



**जयपुर।** मुख्य चुनाव आयुक्त (सीईसी) ज्ञानेश कुमार ने शनिवार को जयपुर में लगभग 700 बूथ लेवल अधिकारियों (बीएलओ) और पर्यवेक्षकों से बातचीत की और कहा कि देश की चुनाव प्रणाली को बेहतर बनाने की कोशिशें की जा रही हैं। यह बातचीत शहर के सीतापुरा इलाके में जयपुर एग्जीबिशन एंड कन्वेंशन सेंटर (जेईसीसी) में हुई और इसमें राजस्थान के मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवीन महाजन और चुनाव से जुड़े अन्य अधिकारी शामिल हुए। कुमार ने कहा कि चुनाव आयोग (ईसी) लोकतांत्रिक संस्थाओं को मजबूत करने के लिए प्रतिबद्ध है और राष्ट्रीय चुनाव, निकाय चुनाव प्रक्रिया को बेहतर बनाने तथा चुनाव प्रबंधन में अधिक दक्षता और विश्वसनीयता सुनिश्चित करने के लिए काम कर रहा है। सीईसी ने एसआईआर से जुड़ी गतिविधियों की भी सराहना की और राज्य के प्रदर्शन को प्रशंसनीय बताया। कार्यक्रम के बाद पत्रकारों से बात करते हुए कुमार ने कहा कि इस बातचीत से बीएलओ और पर्यवेक्षकों के साथ सीधे जुड़ने और चुनाव प्रक्रियाओं को और बेहतर बनाने के तरीकों पर चर्चा करने का मौका मिला।

# लेबनान से इजराइल ने आठ घंटे में ही सीजफायर तोड़ा

## ड्रोन और तोप के गोले दागे, 16 की मौत, नेतन्याहू बोले– हमले जारी रहेंगे

एजेंसी

तेल अवीव/तेहरान/वॉशिंगटन डीसी। इजराइल और हिजबुल्लाह के बीच शुक्रवार को सीजफायर पर सहमति बनी थी। इसके 8 घंटे बाद ही इजराइल ने दक्षिणी लेबनान पर हवाई हमले किए।

अल जजीरा के मुताबिक, इजराइली सेना ने ड्रोन और तोपों से नबाहितए इलाके में हमला किया जिसमें कम से कम से कम 47 लोगों के मारे जाने और 97 अन्य लोगों के घायल होने की रिपोर्ट सामने आयी है।इजराइली पीएम बेंजामिन नेतन्याहू ने कहा है कि इजराइल अपनी सुरक्षा से कोई समझौता नहीं करेगा। उन्होंने कहा कि इजराइल गाजा और लेबनान में अपने सैन्य अभियान जारी रखेगा।

लेबनान के स्वास्थ्य अधिकारियों के अनुसार, शुक्रवार से हुए इन हमलों में कम से कम 47 लोग मारे गये हैं और 97 अन्य



घायल हुए हैं। इसने उस युद्धविराम की स्थिरता पर संदेह पैदा कर दिया है, जिसके जरिये क्षेत्रीय राजनयिक सीमा पर शांति बहाली की उम्मीद कर रहे थे। एक अमेरिकी अधिकारी ने मीडिया को बताया कि हाल के दिनों में इजरायल द्वारा तेज किए गए हमलों के बाद इजराइल और हिज़्बुल्लाह के बीच संघर्षविराम पर सहमति बन गई है। हालांकि, ज़मीनी रिपोर्टों के अनुसार लड़ाई अभी पूरी तरह रुकी नहीं है। बताया जा रहा है कि दक्षिणी लेबनान के अली ताहर पहाड़ी क्षेत्र में भारी तोपखाने से लगातार गोलाबारी जारी है। गौरतलब है कि नबातिह के पास स्थित यह स्थल हिजबुल्लाह की सुरक्षा का मुख्य केंद्र रहा है और इजरायल ● शेष पेज 11 पर

### ईरान से बातचीत के लिए स्विट्जरलैंड रवाना हुए अमेरिकी दूत विटकॉफ

वॉशिंगटन। अमेरिका-ईरान के बीच उच्च स्तरीय वार्ता बहाल करने के उद्देश्य से अमेरिका के विशेष दूत स्टीव विटकॉफ ईरानी अधिकारियों से बातचीत के लिए स्विट्जरलैंड रवाना हो गये हैं। दक्षिणी लेबनान में हालांकि नये इजरायली हमलों ने उस नाजुक संघर्ष विराम के लिए खतरा पैदा कर दिया है, जिसे व्यापक कूटनीतिक प्रक्रिया के लिए बेहद अहम माना जा रहा है। यह नया राजनयिक प्रयास शुक्रवार को होने वाली तकनीकी वार्ता के स्थगित होने के बाद शुरू हुआ है। लेबनान में इजरायल और हिजबुल्लाह के बीच बढ़ती शत्रुता के कारण उस वार्ता ● शेष पेज 11 पर

# सरकार ने 16 एफडीसी दवाओं पर लगाए प्रतिबंध

एजेंसी

नयी दिल्ली। केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय ने जनहित में 16 निश्चित खुराक संयोजनों (एफडीसी) के निर्माण, बिक्री और मानव उपयोग के लिए वितरण पर तत्काल प्रभाव से प्रतिबंध लगा दिया है।

स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय ने आज बताया कि मंत्रालय ने औषधि एवं सौंदर्य प्रसाधन अधिनियम, 1940 की धारा 26ए के तहत अधिसूचना जारी कर यह फैसला लिया है। सरकार का कहना है कि यह कदम जनस्वास्थ्य की रक्षा तथा केवल वैज्ञानिक रूप से उचित और सुरक्षित दवा संयोजनों की उपलब्धता सुनिश्चित करने के उद्देश्य से उठाया गया है। मंत्रालय ने कहा कि यह निर्णय सर्वोच्च न्यायालय के निर्देशों के अनुपालन में लिया गया है। अदालत ने देश में उपलब्ध एफडीसी दवाओं की व्यापक समीक्षा करने का निर्देश दिया था। इसके बाद औषधि तकनीकी सलाहकार बोर्ड (डीटीएबी) ने विशेषज्ञ समिति का गठन किया, जिसने विभिन्न



एफडीसी दवाओं का वैज्ञानिक परीक्षण कर उन संयोजनों की पहचान की जो तर्कहीन हैं, चिकित्सीय औचित्य नहीं रखते या मानव स्वास्थ्य के लिए जोखिम पैदा कर सकते हैं। विशेषज्ञ समिति की सिफारिशों और वैज्ञानिक मूल्यांकन के आधार पर सरकार ने 16 ऐसे एफडीसी पर कार्रवाई की है, जिनका कोई ठोस चिकित्सीय औचित्य नहीं पाया गया। मंत्रालय का कहना है कि इन दवाओं के निरंतर उपयोग से संभावित जोखिम अधिक हैं जबकि उनके लाभ पर्याप्त नहीं माने गए। प्रतिबंधित दवाओं में कुछ त्वचा रोगों के उपचार में उपयोग होने वाली दवाएं, दर्द निवारक एवं ऐंठनरोधी दवाएं तथा एंटीबायोटिक आधारित संयोजन शामिल हैं। स्वास्थ्य मंत्रालय ● शेष पेज 11 पर

## योगमय होगा उत्तर प्रदेश, 1.42 करोड़ स्कूली बच्चे करेंगे सामूहिक योगाभ्यास

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ। उत्तर प्रदेश 12वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर रविवार को नया कीर्तिमान बनाने को तैयार है। इस बार 1.32 लाख परिषदीय विद्यालयों के करीब 1.42 करोड़ छात्र-छात्राएं और 746 कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालयों की 78 हजार से अधिक छात्राएं सामूहिक योगाभ्यास करेंगी।

सरकार की ओर से शनिवार को जारी बयान में कहा गया है कि सरकार ने अंतरराष्ट्रीय योग दिवस को जन आंदोलन बनाने के लिए छात्रों, शिक्षकों, शिक्षामित्रों, अनुदेशकों और अभिभावकों की भागीदारी तय की है। बयान के मुताबिक गांव से लेकर शहर तक सभी विद्यालय परिसर योगमय माहौल के साक्षी बनेंगे। कार्यक्रमों के समन्वय के लिए शिक्षा




निदेशक बेसिक अनिल भूषण चतुर्वेदी को नोडल अधिकारी बनाया गया है। बेसिक शिक्षा विभाग के निर्देश पर 21 जून को सभी स्कूलों में सामूहिक योगाभ्यास, प्राणायाम और योग के महत्व पर जागरूकता कार्यक्रम होंगे। बच्चों को योग के शारीरिक, मानसिक और आध्यात्मिक लाभ बताए जाएंगे। स्थानीय समुदाय की सहभागिता भी सुनिश्चित की जाएगी ताकि योग का संदेश हर वर्ग तक पहुंचे। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ● शेष पेज 11 पर

### हनुमान मंदिर की छत गिरी, सात की मौत

परभणी। महाराष्ट्र के परभणी जिले में यशवाड़ी देवस्थान में हनुमान मंदिर के हॉल की निर्माणाधीन छत शनिवार दोपहर गिर गई। मलबे में में दबने से 7 लोगों की मौत हो गई, जबकि 25 लोग घायल हुए, जिन्हें अस्पताल पहुंचा दिया गया है। रिपोर्ट्स के मुताबिक यहां मंदिर के ठीक सामने सभामंडप बनाने का काम चल रहा था। दोपहर के समय लोग प्रसाद ले रहे थे। अचानक मंदिर का स्ट्रक्चर और पत्थर भरभराकर गिर पड़े। हादसे का फुटेज भी सामने आया है। वीडियो के मुताबिक दोपहर 3 बजे कई लोग लाइन में खड़े होकर प्रसाद दर्शन-पूजा कर रहे थे। तभी बांस और लोहे की रॉड से बना सेंट्रिंग स्ट्रक्चर टूट गया। रिपोर्ट्स के मुताबिक परभणी के हनुमान मंदिर ● शेष पेज 11 पर

# माफियाराज से विकासराज तक पहुंचा बुंदेलखंड : योगी

❐ 1766 करोड़ की परियोजनाओं के साथ विकास की नई उड़ान भरेगा ललितपुर

एजेंसी

ललितपुर। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि ललितपुर को आज एक साथ 1500 करोड़ रुपये से अधिक की परियोजनाओं की सौगात मिल रही है। कांग्रेस ने पांच दशक और सपा ने चार बार प्रदेश में शासन किया, लेकिन इन दलों ने कुल मिलाकर 1500 करोड़ रुपये भी ललितपुर को नहीं दिए होंगे, क्योंकि उनमें विकास की सोच नहीं थी। सपा के लिए सैफई ही परिवार था और कांग्रेस के लिए दिल्ली का परिवार ही देश था। दोनों इससे बाहर नहीं निकल सकते। लेकिन, हमारे लिए 25 करोड़ जनता ही परिवार है और उसे विकास, सुरक्षा, सम्मान देना



हमारा दायित्व है।

मुख्यमंत्री शनिवार को तुवन मंदिर मैदान में राजकीय मेडिकल कॉलेज सहित 1766 करोड़ रुपये की 221 विकास परियोजनाओं का लोकार्पण व शिलान्यास करने के उपरांत जनसमूह को संबोधित कर रहे थे। इस मौके पर ललितपुर की विकास यात्रा पर लघु फिल्म भी दिखाई गई। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्राकृतिक सौंदर्य के लिए विख्यात बुंदेलखंड के सुंदरतम जनपदों में से एक ललितपुर हमारे हृदय में बसता है। मुख्यमंत्री ने कार्यक्रम में उपस्थित जनता का अभिनंदन करते हुए आश्वासन दिया कि डबल इंजन सरकार यहां के विकास के लिए हरसंभव कदम उठाएगी। मुख्यमंत्री ने कांग्रेस व सपा पर निशाना साधते हुए कहा कि संकुचित सोच वाली इनकी सरकारों ने हर जनपद में एक-एक माफिया दिया था, जो जनता की गाढ़ी कमाई पर डकैती डालने के साथ अवैध खनन, ● शेष पेज 11 पर



# पीएम मोदी के नेतृत्व में भारत ने ऊंचाइयों को छुआ : योगी

- विकसित भारत के लिए पंच प्रण जरूरी,
- बुंदेलखंड में दिख रहा विकास का नया मॉडल
- सत्ता से बाहर होने पर समाज को जाति-धर्म के नाम पर बांटने में जुटी सपा व कांग्रेस
- कांग्रेस के लिए गांधी परिवार, सपा के लिए सैफई परिवार ही महत्वपूर्ण

एजेंसी

झांसी। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि बुंदेलखंड अब पिछड़ेपन का प्रतीक नहीं, बल्कि विकास का नया मॉडल बन रहा है। डिफेंस मैन्युफैक्चरिंग कॉरिडोर, एक्सप्रेसवे, मेडिकल कॉलेज, फार्मा पार्क और रोजगार के नए अवसरों ने क्षेत्र की तस्वीर बदल दी है। अब बुंदेलखंड का युवा पलायन नहीं कर रहा, बल्कि सरकारी नौकरियों और उद्योगों में अपनी भागीदारी सुनिश्चित कर रहा है। सरकार का लक्ष्य हर नौजवान को रोजगार, हर किसान के खेत तक पानी और हर गांव को आत्मनिर्भर बनाना है। विकसित भारत का सपना तभी पूरा होगा जब उत्तर प्रदेश का हर जिला, हर गांव और हर नगर आत्मनिर्भर और विकसित बनेगा।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ शनिवार को पंडित दीनदयाल उपाध्याय सभागार में आयोजित 'विकसित भारत संकल्प सम्मेलन' को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने पंडित दीनदयाल उपाध्याय व श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्रों पर पुष्पांजलि भी अर्पित की। मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मार्गदर्शन में केंद्र सरकार की उपलब्धियों को गिनाते हुए कांग्रेस व समाजवादी पार्टी पर तीखा हमला बोला। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने देश को 'सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास' का मंत्र दिया, जिसके कारण भारत दुनिया में सबसे तेजी से बढ़ने वाली अर्थव्यवस्था बनकर उभरा है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि 140 करोड़ भारतवासियों का सामूहिक प्रयास ही विकसित भारत की नींव है। जब पूरा देश एक लक्ष्य के साथ आगे बढ़ता है तो गुलामी के प्रतीकों को हटाने और भगवान राम के भव्य मंदिर निर्माण जैसे ऐतिहासिक कार्यों में देर नहीं लगती। राम मंदिर केवल प्रभु रामलला का मंदिर नहीं, बल्कि नए भारत के राष्ट्र मंदिर के निर्माण की शुरुआत है।

सीएम ने कहा कि कांग्रेस नेतृत्व वाली यूपीए सरकार के समय देश की स्थिति बदहाल हो चुकी थी। भ्रष्टाचार चरम पर था, अर्थव्यवस्था लड़खड़ा रही थी और दुनिया में भारत का सम्मान कम हो गया था। प्रधानमंत्री मोदी जी के नेतृत्व में पिछले 12 वर्षों में भारत ने नई ऊंचाइयों को छुआ है। आज भारत दुनिया की पांच बड़ी अर्थव्यवस्थाओं में शामिल है और सबसे तेजी से बढ़ने वाली अर्थव्यवस्था बन चुका है। इंफ्रास्ट्रक्चर, एक्सप्रेसवे, रेलवे, एयर कनेक्टिविटी और डिफेंस मैन्युफैक्चरिंग के क्षेत्र में अभूतपूर्व बदलाव हुए हैं। बुंदेलखंड में डिफेंस कॉरिडोर, मेडिकल कॉलेज और बड़े निवेश इसकी मिसाल हैं।



सपा सरकार के रहते उत्तर प्रदेश में आतंक व असुरक्षा का वातावरण बनाने वाले माफिया की कमर टूट चुकी है या मिट्टी में मिल गया है। मुख्यमंत्री ने सपा व कांग्रेस पर समाज को बांटने का आरोप लगाते हुए कहा कि जब इन दलों के पास सत्ता थी तब ये केवल अपने परिवार के लिए काम करते थे। जनता ने जब इन्हें सत्ता से बाहर कर दिया तो अब ये जाति-धर्म के नाम पर समाज को बांटने में जुटे हैं। विदेशी आक्रांताओं ने भी भारत को इसी तरह विभाजित कर कमजोर किया था। इसलिए सामाजिक एकता व राष्ट्रवाद ही भारत की सबसे बड़ी ताकत है। भाजपा कार्यकर्ता समाज को जोड़ने और राष्ट्र निर्माण के लिए काम करता है, जबकि विपक्ष विभाजनकारी राजनीति में लगा हुआ है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि कांग्रेस से पूछिए कि उनके लिए सबसे महत्वपूर्ण क्या है, तो वह गांधी परिवार का नाम लेगी। समाजवादी पार्टी से पूछिए तो वह सैफई परिवार को सबसे ऊपर बताएगी। भाजपा कार्यकर्ता सबसे पहले राष्ट्र को महत्व देता है। भाजपा की राजनीति 'राष्ट्र प्रथम' की भावना पर आधारित है और यही उसकी सबसे बड़ी ताकत है। भाजपा कार्यकर्ता देश की सुरक्षा, समृद्धि और सांस्कृतिक विरासत को आगे बढ़ाने के लिए समर्पित भाव से काम करता है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से विकसित भारत के संकल्प को गांव-गांव तक पहुंचाने का आह्वान किया। सीएम योगी ने कहा कि 2022 में जब पूरी दुनिया कोरोना महामारी से जूझ रही थी और कई देश हिम्मत हार चुके थे, उस समय प्रधानमंत्री मोदी जी देशवासियों को विकसित राष्ट्र बनाने के संकल्प से जोड़ रहे थे। मोदी जी ने विकसित भारत के लिए पंच प्रण का मंत्र दिया। इसमें गुलामी की मानसिकता से मुक्ति, विरासत का सम्मान, सेना व सुरक्षा बलों के प्रति सम्मान, सामाजिक एकता और नागरिक कर्तव्य को सबसे महत्वपूर्ण बताया गया है। कोई भी देश तब तक आत्मनिर्भर नहीं बन सकता, जब तक वह गुलामी की मानसिकता से बाहर नहीं निकलता। भारत के पास ज्ञान, संस्कृति, परंपरा व आर्थिक समृद्धि सब कुछ था, लेकिन पहले मुगलों और बाद में अंग्रेजों ने भारतीय व्यवस्था को कमजोर कर दिया था। मुख्यमंत्री ने ओरछा में भगवान राम राजा की परंपरा का उल्लेख करते हुए कहा कि मध्यकाल में जब देश गुलामी के दौर से गुजर रहा था, तब संत तुलसीदास जी ने भारतीय संस्कृति और आस्था को मजबूत करने का आह्वान किया था। तुलसीदास जी को कई बार अकबर के दरबार में जाने और नवरत्नों में शामिल होने का प्रस्ताव मिला, लेकिन उन्होंने उसे ठुकरा दिया। उन्होंने रामलीलाओं की शुरुआत करवाई और 'राजा रामचंद्र की जय' का उद्घोष कराया। ओरछा में आज भी भगवान राम राजा के रूप में विराजमान हैं। इस अवसर पर विधानपरिषद सभापति कुंवर मानवेंद्र सिंह, सांसद अनुराग शर्मा, महापौर बिहारी लाल आर्य, विधायक रवि शर्मा, राजीव सिंह, जवाहर लाल राजपूत, रश्मि आर्य, एमएलसी रमा निरंजन आदि मौजूद रहे।

## भारत की प्राचीन सांस्कृतिक विरासत और जीवन पद्धति का अभिन्न अंग है योग : 'दयालु'

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ। उत्तर प्रदेश के आयुष राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) डॉ. दयाशंकर मिश्र 'दयालु' ने 21 जून को आयोजित होने वाले 12वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर प्रदेशवासियों से अधिक से अधिक संख्या में योग कार्यक्रमों में सहभागिता करने और योग को अपनी दैनिक दिनचर्या का हिस्सा बनाने की अपील की है।

उन्होंने कहा कि ''करे योग, रहे निरोग'' का संदेश अपनाकर प्रत्येक व्यक्ति स्वस्थ एवं संतुलित जीवन जी सकता है। डॉ. दयालु ने बताया कि अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर प्रदेश के सभी जनपद मुख्यालयों, तहसीलों, विकास खंडों, नगर निकायों तथा ग्राम पंचायतों में व्यापक स्तर पर योग कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। इसके साथ ही प्रदेश के सांस्कृतिक, धार्मिक एवं ऐतिहासिक महत्व वाले स्थलों पर भी विशेष योग सत्रों का आयोजन किया जाएगा। उन्होंने कहा कि इस वर्ष



अंतरराष्ट्रीय योग दिवस की थीम योगा फॉर हेल्दी एजिंग (स्वस्थ वृद्धावस्था के लिए योग) निर्धारित की गई है। इस थीम का उद्देश्य लोगों को बढ़ती उम्र में भी स्वस्थ, सक्रिय और ऊर्जावान जीवन जीने के लिए योग के महत्व से अवगत कराना है। योग दिवस के व्यापक प्रचार-प्रसार के माध्यम से अधिक से अधिक लोगों को योग से जोड़ने का प्रयास किया जा रहा है। आयुष मंत्री ने कहा कि योग भारत की प्राचीन सांस्कृतिक विरासत और जीवन पद्धति का अभिन्न अंग है। प्रधानमंत्री के प्रयासों से योग को वैश्विक पहचान मिली और संयुक्त राष्ट्र महासभा ने वर्ष 2015 से 21 जून को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के रूप में मनाने की घोषणा की। आज विश्व के लगभग सभी देशों में योग को स्वास्थ्य और मानसिक संतुलन के लिए अपनाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि हजारों वर्षों से चली आ रही भारत की योग परंपरा स्वस्थ शरीर, स्वस्थ मन, मानसिक एकाग्रता, बौद्धिक विकास तथा जीवनशैली संबंधी अनेक रोगों के निवारण में सहायक सिद्ध हुई है। हमारे ऋषि-मुनियों ने योग के माध्यम से आत्मसंयम, मानसिक संतुलन और सामाजिक सद्भाव का संदेश दिया, जो आज भी उतना ही प्रासंगिक है। आयुष मंत्री ने प्रदेशवासियों से अपील की कि वे 21 जून को आयोजित योग कार्यक्रमों में बढ़-चढ़कर भाग लें और योग को अपने जीवन का नियमित हिस्सा बनाकर स्वस्थ समाज के निर्माण में योगदान दें।

## यूपी के सभी 18 मंडलों में शुरू होगी 'ब्लू डॉट्सएआई' सेवा

लखनऊ। उत्तर प्रदेश की योगी सरकार ने स्थानीय युवाओं को उनके आसपास रोजगार से जोड़ने के लिए 'ब्लू डॉट्सएआई' पहल की शुरुआत की है।

व्यावसायिक शिक्षा राज्यमंत्री कपिल देव अग्रवाल ने शनिवार को मुजफ्फरनगर में प्रदेश के पहले संयुक्त सुविधा केंद्र जेएफसी का उद्घाटन किया। गाजियाबाद में सफल पायलट प्रोजेक्ट के बाद अब इस डिजिटल पहल का विस्तार सभी 18 मंडलों में होगा।

अधिकारियों ने बताया कि युवा अपनी भाषा में वॉयस कॉल कर रोजगार की जानकारी ले सकेंगे। मोबाइल मैप पर आसपास उपलब्ध नौकरियां दिखेंगी। उद्योगों को आसपास के प्रशिक्षित अभ्यर्थी आसानी से मिलेंगे। मंत्री कपिल देव अग्रवाल ने कहा कि तकनीक के जरिए स्थानीय हुनर और उद्योग को जोड़कर आत्मनिर्भर उत्तर प्रदेश का लक्ष्य मजबूत होगा। गाजियाबाद में कुछ ही महीनों में 16 हजार से ज्यादा स्थानीय रोजगार अवसर और 15 हजार से अधिक अभ्यर्थियों का पंजीकरण हुआ था। मुजफ्फरनगर में बना पहला संयुक्त सुविधा केंद्र क्षेत्रीय समन्वय का प्रमुख केंद्र होगा। आने वाले समय में सभी 18 मंडलों में जेएफसी स्थापित होंगे।

## निपुण भारत मिशन के तहत 23 जून को शिक्षकों से होगा प्रदेशव्यापी संवाद

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ। निपुण भारत मिशन के माध्यम से प्रदेश के करोड़ों बच्चों को आधारभूत साक्षरता एवं संख्यात्मक ज्ञान से सशक्त बनाने की दिशा में व्यापक प्रयास किए जा रहे हैं। बालवाटिका से लेकर कक्षा-8 तक के विद्यार्थियों में भाषा एवं गणित की बुनियादी दक्षताओं के विकास के साथ-साथ वैज्ञानिक दृष्टिकोण, डिजिटल साक्षरता, पर्यावरण जागरूकता और समग्र व्यक्तित्व विकास पर भी विशेष बल दिया जा रहा है। अब ग्रीष्मावकाश के बाद शुरू होने वाले नए शैक्षिक सत्र 2026-27 की तैयारियों को अंतिम रूप देने तथा शिक्षकों के साथ अधिकारियों का सीधा संवाद स्थापित करने के लिए 23 जून को प्रदेशव्यापी ऑनलाइन गोष्ठी आयोजित की जाएगी। योगी सरकार द्वारा सभी जनपदों में इस गोष्ठी की शत-प्रतिशत सहभागिता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं।



अब योगी सरकार केवल विद्यालय खोलने तक सीमित नहीं है, बल्कि प्रत्येक बच्चे को निपुण बनाने और शिक्षा की गुणवत्ता को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाने के लिए सुनियोजित, परिणामोन्मुख और जवाबदेह व्यवस्था विकसित कर रही है। यही प्रयास उत्तर प्रदेश को देश में बुनियादी शिक्षा सुधार का अग्रणी मॉडल बनाने की दिशा में निरंतर आगे बढ़ा रहे हैं।

अपर राज्य परियोजना निदेशक प्रेम रंजन सिंह द्वारा जारी निर्देशों के अनुसार 23 जून को पूर्वाह्न 11:30 बजे आयोजित होने वाली इस ऑनलाइन गोष्ठी में प्रदेश के सभी प्रधानाध्यापक, शिक्षक, शिक्षामित्र, अनुदेशक, शिक्षक संकुल, एआरपी, एसआरजी, डायट मेंटर्स तथा विभागीय अधिकारी प्रतिभाग करेंगे। गोष्ठी के माध्यम से नए शैक्षिक सत्र की प्राथमिकताओं, निपुण भारत मिशन के लक्ष्यों, भाषा और गणितीय दक्षताओं के विकास तथा बेहतर अधिगम परिणामों को लेकर विस्तृत चर्चा की जाएगी।

शिक्षकों के क्षमता संवर्धन, नियमित संवाद और नवाचारी शिक्षण पद्धतियों के प्रसार पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। इस गोष्ठी में डिजिटल शिक्षण संसाधनों के उपयोग, छात्र केंद्रित शिक्षण, अधिगम स्तर में सुधार और विद्यालयों में गुणवत्तापूर्ण शैक्षिक वातावरण तैयार करने के उपायों पर भी मार्गदर्शन दिया जाएगा।

## बीएचयू के युवा पर्वतारोही चढ़ेंगे 17,352 फीट ऊंची फ्रेंडशिप पीक पर

कैनविज टाइम्स संवाददाता

वाराणसी। काशी हिन्दू विश्वविद्यालय (बीएचयू) के पर्वतारोहण केंद्र के छात्र-छात्राओं का 14 सदस्यीय दल शनिवार को हिमाचल प्रदेश स्थित माउंट फ्रेंडशिप पीक के आरोहण के लिए रवाना हुआ। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. अजित कुमार चतुर्वेदी ने दल को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

अभियान दल मनाली से सोलंग, धुंधी एवं बकरथाच होते हुए व्यास कुंड पहुंचेगा, जिसे व्यास नदी का उद्गम स्थल माना जाता है। व्यास कुंड समुद्र तल से लगभग 12,772 फीट की ऊंचाई पर स्थित है। इसके उपरांत दल लेडी लेग क्षेत्र में लगभग 15,500 फीट की ऊंचाई पर अपना दूसरा शिविर स्थापित करेगा। आगे बढ़ते हुए लगभग 14,900 फीट की ऊंचाई पर एडवांस बेस कैंप स्थापित किया जाएगा, जहां स्नोक्राफ्ट एवं आइसक्राफ्ट का प्रशिक्षण और अभ्यास किया जाएगा। इसके पश्चात दल 17,352 फीट ऊंचे फ्रेंडशिप पीक पर अंतिम आरोहण करेगा।

कुलपति प्रो. अजित कुमार चतुर्वेदी ने दल के सदस्यों से संवाद करते हुए उनके अब तक के प्रशिक्षण और अनुभव के बारे में जानकारी प्राप्त की। उन्होंने विद्यार्थियों से अभियान की तैयारियों पर चर्चा की तथा उनका उत्साहवर्धन किया। कुलपति ने कहा कि सभी सदस्य पूरे समर्पण और अनुशासन के साथ अपने लक्ष्य को प्राप्त करें तथा सुरक्षित रूप से सफलतापूर्वक लौटें। उन्होंने पर्वतारोही दल के सभी सदस्यों को शुभकामनाएं दीं।

पर्वतारोहण केंद्र के प्रभारी प्रो. अनिल कुमार सिंह ने बताया कि यह अभियान प्रशिक्षक बलराम यादव एवं शिवनारायण यादव के नेतृत्व में आयोजित किया जा रहा है। माउंट फ्रेंडशिप पीक हिमाचल प्रदेश की पीर पंजाल पर्वतमाला में स्थित है तथा अभियान का प्रारंभ मनाली से होगा। मनाली पौराणिक कथाओं में मनु तथा महाभारतकालीन पात्र हिडिम्बा से जुड़े ऐतिहासिक एवं धार्मिक महत्व के लिए जाना जाता है।

## उत्तर प्रदेश के पांच स्पोर्ट्स कॉलेजों में चल रही प्रवेश प्रक्रिया

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ। उत्तर प्रदेश में खेल और खिलाड़ियों को बढ़ावा देने की दिशा में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में लगातार प्रभावी कदम उठाए जा रहे हैं। उत्तर प्रदेश के पांच प्रतिष्ठित स्पोर्ट्स कॉलेजों में शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिए प्रवेश प्रक्रिया अंतिम चरण में पहुंच गई है।

उ.प्र. स्पोर्ट्स कॉलेजेज सोसाइटी लखनऊ के अधीन संचालित पांच प्रमुख स्पोर्ट्स कॉलेज गुरु गोबिंद सिंह स्पोर्ट्स कॉलेज लखनऊ, बीर बहादुर सिंह स्पोर्ट्स कॉलेज गोरखपुर, मेजर ध्यानचंद स्पोर्ट्स कॉलेज सैफई, स्पोर्ट्स कॉलेज सहारनपुर और स्पोर्ट्स कॉलेज फतेहपुर में कक्षा 6, 9 और 11 में प्रवेश के लिए मुख्य चयन परीक्षा की मेरिट सूची जारी कर दी गई है। चयन समिति ने प्रत्येक प्रतिभागी के प्रदर्शन के आधार पर ऑनलाइन अंक प्रदान किए हैं।

प्रदेश के सभी 5 स्पोर्ट्स कॉलेजों में 14 खेलों के लिए कुल 518 सीटें रिक्त हैं। प्रवेश प्रक्रिया के तहत मुख्य चयन परीक्षा के बाद 558 खिलाड़ियों की मेरिट लिस्ट जारी की गई है। जारी सूची में 391 खिलाड़ियों का चयन फ्रेश लिस्ट में हुआ है, जबकि 167 खिलाड़ियों को प्रतीक्षा सूची में रखा गया है। कक्षावार और खेलवार सूची जारी की गई है, जिसे अभ्यर्थी संबंधित पोर्टल से डाउनलोड कर सकते हैं। चयन प्रक्रिया के अगले चरण में चयनित खिलाड़ियों की जैविक आयु जांच और मेडिकल परीक्षण कराया जाएगा। यह प्रक्रिया भी पूरी पारदर्शिता के साथ निर्धारित मानकों के अनुसार होगी। एथलेटिक्स, बैडमिंटन, क्रिकेट और फुटबॉल के खिलाड़ियों की जैविक आयु जांच मुख्य चिकित्साधिकारी कार्यालय लखनऊ में कराई जाएगी। वहीं जिम्नास्टिक्स, हॉकी, जूडो, वॉलीबॉल और कुश्ती के खिलाड़ियों की जांच मुख्य चिकित्साधिकारी कार्यालय गोरखपुर में होगी। इसके अलावा कबड्डी, तैराकी, हैंडबॉल, बॉक्सिंग और भारोत्तोलन के खिलाड़ियों की जैविक आयु जांच मुख्य चिकित्साधिकारी कार्यालय सैफई/इटावा में कराई जाएगी।

इस वर्ष स्पोर्ट्स कॉलेजों में प्रवेश के लिए रिकॉर्ड आवेदन प्राप्त हुए हैं। कुल 518 सीटों के लिए लगभग 2600 छात्रों ने आवेदन किया था, जो अब तक का सबसे बड़ा आंकड़ा है। मुख्य चयन परीक्षा 3 जून से 6 जून 2026 तक निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार खेलवार संबंधित स्पोर्ट्स कॉलेजों में आयोजित की गई थी। चयन प्रक्रिया को पूरी तरह डिजिटल और पारदर्शी बनाने के लिए खिलाड़ियों के प्रदर्शन का मूल्यांकन ऑनलाइन माध्यम से किया गया है। इस सत्र से दो नए फतेहपुर स्पोर्ट्स कॉलेज और सहारनपुर स्पोर्ट्स कॉलेज की शुरुआत हो रही है।

## योग को वैश्विक पहचान दिलाने का श्रेय प्रधानमंत्री मोदी को : केशव

कैनविज टाइम्स संवाददाता

प्रयागराज। उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने अंतरराष्ट्रीय योग दिवस की पूर्व संध्या पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व की सराहना करते हुए कहा कि उनके प्रयासों से भारत की प्राचीन योग पद्धति को वैश्विक पहचान मिली है और आज पूरी दुनिया योग को अपना रही है।

श्री मौर्य ने शनिवार को पत्रकारों से बातचीत के दौरान लोगों से योग को अपनी दैनिक दिनचर्या का हिस्सा बनाने की अपील करते हुए कहा, ''करें योग, रहें निरोग।'' उन्होंने कहा कि योग भारत की प्राचीन सांस्कृतिक धरोहर है, जिससे न केवल देश बल्कि दुनिया भर के लोग स्वास्थ्य लाभ प्राप्त कर रहे हैं।

नीट परीक्षा के संबंध में पूछे गए एक प्रश्न के उत्तर में उपमुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार प्रत्येक परीक्षा को पूरी शुचिता, पारदर्शिता और निष्पक्षता के साथ संपन्न कराने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने



कहा कि पूर्व में सामने आई अनियमितताओं को ध्यान में रखते हुए परीक्षा व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ एवं व्यवस्थित बनाया गया है ताकि किसी प्रकार की गड़बड़ी की संभावना न रहे।

इस दौरान राजनीतिक घटनाक्रम से जुड़े सवालों पर श्री मौर्य ने टिप्पणी करने से परहेज किया। समाजवादी पार्टी के सांसदों और विधायकों के भाजपा के संपर्क में होने संबंधी दावों पर पूछे गए प्रश्न का उन्होंने कोई उत्तर नहीं दिया और इस विषय पर टिप्पणी करने से इंकार कर दिया।

## प्रयागराज में 3.31 करोड़ से होगा भूलभुलैया पार्क का निर्माण

कैनविज टाइम्स संवाददाता

प्रयागराज। उत्तर प्रदेश को हरित प्रदेश बनाने के लिए प्रदेश की योगी सरकार सतत प्रयास कर रही है। इसके लिए शहरी और ग्रामीण क्षेत्र में वनो का विस्तार किया जा रहा है जिससे एक तरफ हरित क्षेत्र का विस्तार हो रहा है तो वहीं भूजल स्तर भी सुधर रहा है। प्रयागराज में उपवन योजना के अंतर्गत भूल भुलैया पार्क का निर्माण इसी का हिस्सा है।

प्रयागराज शहर में हरित क्षेत्र का विस्तार करने के लिए नगर निगम प्रयागराज भूलभुलैया पार्क का निर्माण करेगा। नगर निगम प्रयागराज के चीफ इंजीनियर दिनेश सचान का कहना है कि उपवन योजना के अंतर्गत शहर के नंदीग्राम कालिंदीपुरम में भूलभुलैया पार्क के निर्माण की योजना है । मियावाकी तकनीक से इस मेज़ पार्क की लैंडस्केपिंग और विकास के लिए एजेंसी का चयन करने के लिए टेंडर की प्रक्रिया शुरू हो गई। जनवरी 2027 तक इसका निर्माण कार्य पूरा कर लिया जायेगा। इसे इस तरह डिजाइन किया जाएगा जहाँ लोग



पर्यावरण के आँगन में हरियाली और मनोरंजन की सुविधाओं के बीच पूरा दिन बिता सकें। तेजी से हुए नगरीकरण से खोई हुई हरियाली को वापस पाने का एक आसान तरीका ऐसे पार्कों का निर्माण करना है जिससे शहर ने हरित आवरण बढ़ता है। नगर आयुक्त सीलम तेजा साईं यह प्रोजेक्ट मियावाकी जंगल और भूलभुलैया पार्क का मिला-जुला रूप होगा । लगभग 22 बीघे में फैले इस प्रोजेक्ट पर करीब 3.31 करोड़ रुपये का खर्च आएगा। इस प्रस्तावित पार्क में मियावाकी तकनीक से देशी किस्म के स्थानीय पेड़-पौधों का इस्तेमाल करके भूलभुलैया जैसा लेआउट बनाया जाएगा।

मेज़ गार्डन/पार्क में हरे-भरे लॉन, रास्ते और अलग-अलग तरह के लैंडस्केप टीले और टोपियरी जैसी संरचनाएं विकसित की जायेंगी । तालाबों के ढलान पर सुंदरता बढ़ाने के लिए अलग-अलग तरह के ग्राउंड कवर, टोपियरी और फूलों वाले पौधे लगाए जाएँगे। पार्क में योग ज़ोन, ओपन जिम, बच्चों के खेलने की जगह , सुंदर लॉन, रास्ते, बैठने की जगह भी होंगे। यहाँ साफ़-सफ़ाई की बुनियादी सुविधाएँ (जैसे टॉयलेट और यूरिनल), पर्यावरण के अनुकूल डस्टबिन और सोलर-पावर्ड लाइटिंग (स्ट्रीटलाइट, बोलार्ड लाइट और हाई मास्ट लाइट) भी लगाई जाएँगी।

जैव विविधता को बढ़ाने के लिए स्थानीय वृक्षों की प्रजातियों को झाड़ी, छोटे पेड़, बड़े पेड़ और कैनोपी के रूप में लगाया जाएगा । पौधों का चुनाव स्थानीय मौसम की स्थितियों, जैसे तापमान, नमी और धूप के आधार पर किया जाएगा। प्रयागराज शहर में आबादी की बढ़ोत्तरी के साथ तेजी से भवनों और अपार्टमेंट का विस्तार हो रहा है। इसके चलते यहां रहने वाले लोगों के घूमने फिरने और ताजी हवा में भ्रमण करने के लिए पार्कों के निर्माण किए जा रहे हैं। नगर निगम के मेयर उमेश चन्द गणेश केसरवानी का कहना है कि प्रयागराज शहर के ईको सिस्टम को प्रकृति के साथ जोड़ने और शहर में हरित आवरण के विस्तार के लिए मेज़ पार्क का निर्माण हो रहा है।इस प्रोजेक्ट का मकसद शहर में जैव-विविधता को बढ़ाना, पर्यावरण की गुणवत्ता में सुधार करना और जंगल का दायरा बढ़ाना है।

## कोरांव समाधान दिवस में 333 में से 5 शिकायतें निपटीं

कैनविज टाइम्स संवाददाता

(कोरांव), प्रयागराज । प्रयागराज के कोरांव में शनिवार को उप जिलाधिकारी (एसडीएम) संदीप तिवारी की अध्यक्षता में संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। इस दौरान कुल 333 शिकायतें प्राप्त हुईं, जिनमें से केवल 5 का ही मौके पर निस्तारण किया जा सका, जबकि 328 शिकायतें लंबित रह गईं।

एसडीएम संदीप तिवारी ने दूर-दराज से आए फरियादियों की शिकायतें सुनीं और संबंधित विभागों को उनके त्वरित निस्तारण के निर्देश दिए। उन्होंने सभी अधिकारियों से प्राप्त प्रार्थना पत्रों पर गंभीरतापूर्वक कार्रवाई करने को कहा। प्राप्त शिकायतों में राजस्व विभाग की 125, पुलिस की 65, विकास की 35, शिक्षा की 2, स्वास्थ्य की 1, समाज कल्याण की 2 और अन्य विभागों की 103 शिकायतें शामिल थीं। इस अवसर पर एसडीएम के अलावा नायब तहसीलदार, थाना कोरांव के प्रभारी निरीक्षक सत्येंद्र कुमार केबी सिंह, सीएचसी अधीक्षक कोरांव, सहायक विकास अधिकारी विवेक

### एसडीएम को सौंपा ज्ञापन, किसान नेता को रोका गया



मिश्र सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।समाधान दिवस के दौरान, बिहार के भोजपुर में कथित क्रांतिकारी समाजसेवी भरत तिवारी के फर्जी एनकाउंटर और निर्मम हत्या के विरोध में एक ज्ञापन सौंपा गया। ज्ञापन में उनके परिवार को एक करोड़ रुपये का मुआवजा, एक सरकारी नौकरी, पूरे प्रकरण की सीबीआई जांच और फर्जी एनकाउंटर करने वालों को फांसी की सजा देने की मांग की गई। ज्ञापन सौंपने वालों ने चेतावनी दी कि यदि उनकी मांगें पूरी नहीं हुईं तो वे आंदोलन करने को बाध्य होंगे, जिसकी जिम्मेदारी शासन-प्रशासन की होगी। इसके अतिरिक्त, भारतीय किसान यूनियन प्रयाग के बैनर तले प्रदेश अध्यक्ष राजू चौबे के निर्देश और राष्ट्रीय महासचिव पिंटू चौबे के नेतृत्व में किसानों ने भी एसडीएम को एक ज्ञापन सौंपा। इस ज्ञापन में खाद, बिजली, पानी, डीजल, पेट्रोल सहित किसानों से जुड़े विभिन्न क्षेत्रीय मुद्दों को उठाया गया और इन पर कठोर कार्रवाई की मांग की गई। वहीं दूसरी ओर, किसान नेता लल्लन सिंह पटेल को उनकी एजेंसी पर पुलिस बल द्वारा 02 घंटा तक रोक दिया गया। उन्हें तहसील तक जाकर ज्ञापन देने से भी रोका गया, 02 घंटे बाद किसी तरह अपना जाकर ज्ञापन सौंपे वही किसान नेता का कहना है कि यूरिया 267 के बजाय 550 में डीएपी 1340 की जगह 2000 दो हजार तक में बिक्री किया जा रहा जिम्मेदारी तहसील के अधिकारी व कृषि विभाग के अधिकारी ऐसे दुकानदारों को चिन्हित करके कार्यवाही नहीं किया जा था किसानों का शोषण किया जा रहा

# मरीज की मौत के बाद डॉक्टर के खिलाफ तहरीर

## केजीएमयू से निजी अस्पताल भेजने और 45 हजार रुपये लेने का आरोप

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ। किंग जॉर्ज चिकित्सा विश्वविद्यालय (केजीएमयू) से एक मरीज को निजी अस्पताल भेजकर इलाज के नाम पर धन उगाही करने तथा उपचार में गंभीर लापरवाही बरतने का आरोप लगाते हुए अंबेडकर नगर निवासी विनय दुबे ने एसीपी चौक को तहरीर देकर एफआईआर दर्ज करने की मांग की है। शिकायत में डॉक्टर अमित जायसवाल और संबंधित अस्पताल प्रबंधन पर गंभीर आरोप लगाए गए हैं।

विनय दुबे के अनुसार वह 6 जून को अपनी पत्नी कमलेश देवी को इलाज के लिए केजीएमयू लेकर पहुंचे थे। आरोप है कि भर्ती के बाद दो दिनों तक उन्हें समुचित उपचार नहीं मिला। इसी दौरान ऑर्थोपेडिक विभाग के डॉक्टर अमित जायसवाल ने उनसे संपर्क किया और कहा कि केजीएमयू उनकी पत्नी के इलाज के लिए उपयुक्त नहीं है तथा विशेष व्यवस्था के तहत बेहतर उपचार कराया जा सकता है।



शिकायतकर्ता का आरोप है कि डॉक्टर ने इलाज की व्यवस्था कराने के नाम पर लगभग 50 हजार रुपये की मांग की। भरोसा करते हुए उन्होंने कुल 45 हजार रुपये का भुगतान किया, जिसमें 11 हजार रुपये ऑनलाइन दिए गए। इसके बाद एंबुलेंस की व्यवस्था कर मरीज को कृष्णा नगर स्थित एसवीएम मल्टीस्पेशियलिटी अस्पताल भेजा गया।

परिजनों का आरोप है कि निजी अस्पताल में भर्ती कराने के बाद भी डॉक्टर लगातार अतिरिक्त धनराशि की मांग करते रहे। मरीज की गंभीर हालत को देखते हुए परिवार इलाज जारी रखने को मजबूर रहा।

तहरीर के मुताबिक 16 जून को ऑपरेशन के बाद रक्त की आवश्यकता बताई गई। डॉक्टर के निर्देश पर अवध ब्लड सेंटर, आलमबाग से इ+ रक्त की एक यूनिट उपलब्ध कराई गई, जिसे मरीज को चढ़ाया गया।

अगले दिन दो और यूनिट रक्त की मांग की गई। परिजन जब ब्लड बैंक पहुंचे तो जांच के दौरान मरीज का ब्लड ग्रुप उ+ बताए जाने पर रक्त देने से इनकार कर दिया गया। शिकायत में कहा गया है कि

❒ ब्लड ग्रुप में विरोधाभास, इलाज में लापरवाही और धन उगाही के आरोप

ब्लड ग्रुप को लेकर सामने आए इस विरोधाभास पर कोई स्पष्ट जवाब नहीं दिया गया। बाद में डॉक्टर ने रक्त की आवश्यकता न होने की बात कही और दवाओं से स्थिति संभालने का आश्वासन दिया।

शिकायतकर्ता ने आरोप लगाया है कि सरकारी अस्पताल से निजी अस्पताल भेजकर अनुचित आर्थिक लाभ प्राप्त किया गया, इलाज के नाम पर धन वसूला गया तथा उपचार के दौरान मानक चिकित्सा प्रक्रियाओं का पालन नहीं किया गया। तहरीर में डॉक्टर अमित जायसवाल, संबंधित अस्पताल प्रबंधन और अन्य जिम्मेदार व्यक्तियों के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता (उगट्ट) की प्रासंगिक धाराओं में एफआईआर दर्ज कर कठोर कार्रवाई की मांग की गई है। एसीपी चौक को दी गई तहरीर में पूरे मामले की निष्पक्ष एवं गहन जांच कराने की मांग की गई है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि प्राप्त शिकायत के आधार पर मामले की जांच कर आवश्यक विधिक कार्रवाई की जाएगी। हालांकि, शिकायत में लगाए गए आरोपों पर डॉक्टर अमित जायसवाल तथा संबंधित अस्पताल प्रबंधन का पक्ष समाचार लिखे जाने तक प्राप्त नहीं हो सका था।

### हालत बिगड़ने पर फिर केजीएमयू भेजा गया

विनय दुबे का आरोप है कि इसके बाद उनकी पत्नी की हालत लगातार बिगड़ती रही, लेकिन अपेक्षित उपचार नहीं मिला। लगभग दो दिनों तक तबीयत खराब रहने के बाद डॉक्टर ने बताया कि अब इस समस्या का उपचार केजीएमयू में ही संभव है। इसके बाद मरीज को एंबुलेंस से केजीएमयू भेजा गया। परिजनों का कहना है कि वहां पहुंचने तक उनकी पत्नी की स्थिति बेहद गंभीर हो चुकी थी। ट्रॉमा सेंटर के क्रिटिकल केयर यूनिट में उपचार के दौरान 20 जून को उनकी मृत्यु हो गई।

# मुख्यमंत्री आवास कूच पर अड़े किसान, आश्वासन के बाद सौंपा ज्ञापन

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बख्शी का तालाब, लखनऊ। बख्शी का तालाब तहसील परिसर में पिछले पांच दिनों से चल रहा किसानों का धरना शनिवार को अचानक उग्र हो गया। भारतीय किसान यूनियन श्रमिक जनशक्ति के बैनर तले धरना दे रहे किसानों ने तहसीलदार और नायब तहसीलदार पर अभद्रता, धक्का-मुक्की और आंदोलन को जबरन खत्म कराने का आरोप लगाते हुए जमकर प्रदर्शन किया। हालात तब और तनावपूर्ण हो गए जब नाराज किसानों ने मुख्यमंत्री आवास की ओर कूच का एलान कर दिया। पुलिस ने उन्हें रास्ते में रोक लिया, जिसके बाद घंटों तक हंगामा और वार्ता का दौर चलता रहा।

भाकियू श्रमिक जनशक्ति के राष्ट्रीय अध्यक्ष कमलेश यादव के नेतृत्व में 15 जून से किसान तहसील परिसर में धरना दे रहे हैं। किसानों का आरोप है कि भूमि विवाद, नामांतरण, रजिस्ट्री और खनन से जुड़े मामलों में व्याप्त भ्रष्टाचार के खिलाफ आवाज उठाने पर प्रशासन उनकी

### तहसीलदार-नायब तहसीलदार पर अभद्रता के आरोप, घंटों चले हंगामे के बाद एसीपी के आश्वासन पर सौंपा ज्ञापन



अनदेखी कर रहा है। संगठन का यह भी आरोप है कि आंदोलन को कमजोर करने के लिए धरनास्थल की बिजली और पानी की व्यवस्था बंद करा दी गई। विवाद उस समय बढ़ गया जब किसानों के अनुसार तहसीलदार और नायब तहसीलदार की मौजूदगी में धरनास्थल से तंबू और बैनर हटाने का प्रयास किया गया। विरोध करने पर किसान नेताओं के साथ धक्का-मुक्की हुई। प्रदर्शनकारियों ने आरोप लगाया कि महिला किसानों को भी जबरन हटाने की कोशिश की गई, जबकि मौके पर कोई महिला पुलिसकर्मी मौजूद नहीं थी। किसानों ने एक सेवानिवृत्त सैनिक एवं संगठन के वरिष्ठ पदाधिकारी के साथ भी अभद्र व्यवहार किए जाने का आरोप लगाया। घटना से आक्रोशित किसानों ने तहसील प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी करते हुए अधिकारियों के निलंबन की मांग कर दी। सूचना पर बीकेटी सहायक पुलिस आयुक्त विकास पांडेय कई थानों की पुलिस फोर्स के साथ मौके पर पहुंचे और किसानों को समझाने का प्रयास किया। हालांकि किसान कार्रवाई की मांग पर अड़े रहे और मुख्यमंत्री आवास की ओर कूच करने निकल पड़े।पुलिस ने किसानों को रास्ते में रोक लिया, जिसके बाद काफी देर तक गतिरोध की स्थिति बनी रही। अंततः एसीपी विकास पांडेय द्वारा पूरे प्रकरण की निष्पक्ष जांच कर उचित कार्रवाई का आश्वासन दिए जाने पर किसान नेता मान गए और प्रशासन को ज्ञापन सौंप दिया। इसके बाद आंदोलन शांतिपूर्ण ढंग से समाप्त हो गया।

# सपा समता मूलक समाज स्थापना को लेकर चलाएगी अभियान : पाल

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ। सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव के आने वाले जन्मदिन एक जुलाई से पार्टी समता मूलक समाज की स्थापना के लिए एक सप्ताह तक प्रदेश स्तरीय विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन करेगी। इसके तहत समाज में फैले प्रदूषण को दूर करने के लिए पदाधिकारी और कार्यकर्ता पीडीए पौधारोपण, सदस्य बनाए जाने का अभियान चलाएंगे। सपा प्रदेश अध्यक्ष श्याम लाल पाल ने राजधानी लखनऊ सहित सभी जनपदों में शनिवार को पार्टी कार्यकर्ताओं एवं सभी पदाधिकारियों को इस संबंध में पत्र भेजा है। उन्होंने सभी से आवाह्न किया कि समता मूलक समाज के मानव-मूल्यों की स्थापना के लिए सामाजिक-न्याय का राज स्थापित हो, प्रदूषण मुक्त भारत हो, इसलिए राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के जन्मदिन 01 जुलाई 2026 बुधवार को हम सब मिलकर प्रदेश में मनाएंगे। इसके



अंतर्गत वर्तमान में हर तरफ से फैले प्रदूषण को दूर करने के लिए 01 जुलाई से 07 जुलाई 2026 तक सभी विधान सभा क्षेत्रों में बूथ स्तर पर, हर गाँव-गली में पीडीए (पिछड़ा, दलित, अल्पसंख्यक) पेड़ लगाएंगे और प्रेम, दया, अपनापन के द्वारा पीड़ित, दुःखी, अपमानित परिवार को पार्टी का सदस्य बनाएंगे। श्याम लाल पाल ने बताया कि इस दिन हम संविधान, लोकतंत्र एवं आरक्षण बचाएंगे। पर्यावरण के संरक्षण के साथ-साथ सामाजिक न्याय के प्रतीक के रूप में, जिसे बाबा साहेब डॉ. भीमराव अम्बेडकर ने अपने संविधान का आधार बनाया है, समता, स्वतंत्रता और बंधुत्व की प्राणवायु हर दिन सब को मिल सके, इसका संकल्प लेंगे।

# भाजपा सरकार सिर्फ कागजों पर नदी की सफाई कर रही: अखिलेश

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा कि भाजपा सरकार की भ्रष्ट नीतियों से नदियों की हालत खराब है। भाजपा सरकार सिर्फ कागजों पर नदी की सफाई कर रही है। डबल इंजन सरकारें बड़े-बड़े दावे करती है, लेकिन गंगा, यमुना, गोमती, काली नदी समेत अन्य नदियों की दुर्दशा है। इसका बुरा असर इसके आस-पास रह रहे लोगों के स्वास्थ्य पर पड़ रहा है। जल जीवों का बुरा हाल है।

अखिलेश ने शनिवार को जारी बयान में कहा है कि भाजपा सरकार में केवल भ्रष्टाचार हो रहा है। विकास और जन स्वास्थ्य का कोई काम नहीं हो रहा है। बजट साफ हो गया, लेकिन नदियों की सफाई नही हो पाई। साल 2027 में प्रदेश की जनता भाजपा को सत्ता से हटा कर उसके भ्रष्टाचार का अंत करेगी। समाजवादी पार्टी की सरकार में नदियों की सफाई का नया अभियान चलेगा। गोमती रिवर फ्रंट के मॉडल पर प्रदेश की अन्य नदियों की साफ-सफाई होगी। उन्हे प्रदूषण मुक्त किया जाएगा।

उन्होंने कहा कि लखनऊ में गोमती गुम होती जा रही है। समाजवादी पार्टी की सरकार में गोमती नदी पर विश्वस्तरीय रिवर फ्रंट बनाया गया। नदी को साफ सुथरा बनाया गया। शहर के नाले का पानी नदियों में न गिरे इसकी व्यवस्था की गई। गोमती रिवर फ्रंट नदियों की सफाई के लिए एक मॉडल है, लेकिन भाजपा सरकार ने सब बर्बाद कर दिया। गंदे नाले नदी में जा रहे हैं। नदी में पानी नहीं है। जगह-जगह अवरोध है। नदी का प्रवाह रुक गया है। भाजपा सरकार की गलत नीतियों से प्रदेश में जल प्रदूषण, वायु प्रदूषण समेत अन्य समस्याएं विकराल रूप धारण कर रही हैं। भाजपा सरकार में भ्रष्टाचार चरम पर है। नदियों की सफाई के लिए बजट में भारी लूट हुई। भाजपा सरकार ने मां गंगा की सफाई का झूठा वादा किया।

# समर कैंप में चमके विद्यार्थियों का हुआ सम्मान

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ। ठाकुरगंज के अम्बरगंज स्थित सेंट मैरी पब्लिक इंटर कॉलेज में आयोजित समर कैंप का समापन समारोह शुक्रवार को उत्साह के साथ संपन्न हुआ। इस अवसर पर विद्यालय की छात्र परिषद के सदस्यों को भी औपचारिक रूप से जिम्मेदारियां सौंपी गईं। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा उत्तर प्रदेश के उपाध्यक्ष अमील शम्सी रहे। समारोह में समर कैंप के दौरान विभिन्न गतिविधियों में हिस्सा लेने वाले लगभग 100 छात्र-छात्राओं को प्रमाण पत्र प्रदान किए गए। विद्यार्थियों ने बॉक्सिंग, ताइक्वांडो, खो-खो, वॉलीबॉल, बैडमिंटन, तैराकी, मेकअप तथा बोर्ड परीक्षा की तैयारी से जुड़ी विशेष कक्षाओं में भाग लिया था।

मुख्य अतिथि अमील शम्सी ने छात्र परिषद के सदस्यों को बैज लगाकर उनकी नई जिम्मेदारियों की शुरुआत कराई। उन्होंने




विद्यार्थियों को नेतृत्व क्षमता विकसित करने और विद्यालय का नाम रोशन करने के लिए प्रेरित किया।

अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि इस प्रकार के शिविर बच्चों के आत्मविश्वास और प्रतिभा को निखारने का अच्छा माध्यम हैं। उन्होंने विद्यालय प्रबंधन द्वारा शिक्षा के साथ खेल और अन्य रचनात्मक गतिविधियों को बढ़ावा देने की सराहना की। कार्यक्रम में विद्यालय के शिक्षक, अभिभावक एवं बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं मौजूद रहे। अंत में प्रमाण पत्र वितरण के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ।

## ट्रांसपोर्ट नगर में बंद पड़ी कबाड़ की दुकान में लगी आग, फायर सर्विस ने समय रहते पाया काबू

**सरोजिनी नगर, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** लखनऊ। क्षेत्र के ट्रांसपोर्ट नगर स्थित एफ-88/89 में शनिवार सुबह एक बंद पड़ी दुकान में आग लगने से अफरा-तफरी मच गई। सुबह करीब 6:53 बजे आग लगने की सूचना मिलने पर फायर सर्विस की टीम तत्काल मौके के लिए रवाना हुई। मुख्य अग्निशमन अधिकारी (सीएफओ) के निर्देशन में फायर स्टेशन सरोजनीनगर से दो तथा फायर स्टेशन आलमबाग से एक फायर टेंडर प्रभारी अधिकारियों के साथ घटनास्थल पर पहुंचा। प्रारंभिक सूचना फैक्ट्री में आग लगने की थी, लेकिन मौके पर जांच करने पर पता चला कि आग गुरुपति सलूजा की बंद पड़ी दुकान में लगी थी, जिसमें कबाड़ का सामान भरा हुआ था। फायर सर्विस की टीम ने तत्काल मोर्चा संभालते हुए अग्निशमन कार्य शुरू किया और आवश्यक प्रयासों के बाद आग पर पूरी तरह काबू पा लिया। समय रहते आग बुझा दिए जाने से कोई बड़ा हादसा नहीं हुआ। घटना में किसी प्रकार की जनहानि या अन्य अप्रिय घटना की सूचना नहीं है। आग लगने के कारणों का पता लगाया जा रहा है।

## नाबालिग किशोरी को बहला-फुसलाकर ले जाने का आरोप

**चिनहट, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** राजधानी चिनहट के बीबीडी थाना क्षेत्र में एक 17 वर्षीय किशोरी को बहला-फुसलाकर ले जाने का मामला सामने आया है। पीड़ित पिता की तहरीर पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। प्राप्त जानकारी के अनुसार जीवन यापन के लिए परिवार सहित लखनऊ के बीबीडी इलाके मे रह रहे हैं। आरोप है कि 18 जून 2026 को उनकी पत्नी मजदूरी के लिए घर से निकली थीं। इसी दौरान अतलोरी गांव निवासी उमेश पुत्र स्वर्गीय सुधीर ने मोबाइल फोन पर किशोरी से बात की और बाद में मोटरसाइकिल से आकर उसे अपने साथ ले गया। परिजनों का कहना है कि घटना की जानकारी किशोरी की बड़ी बहन ने फोन के माध्यम से दी। सूचना मिलने पर पिता घर पहुंचे और बेटी की तलाश शुरू की, लेकिन उसका कोई पता नहीं चल सका। इसके बाद उन्होंने बीबीडी थाने में शिकायत दर्ज कराई। पुलिस के अनुसार पीड़ित की तहरीर के आधार पर मुकदमा पंजीकृत कर लिया गया है। मामले की जांच की जा रही है।

## चिनहट में विदेश भेजने के नाम पर लाखों की ठगी

**चिनहट, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** चिनहट में विदेश में नौकरी दिलाने के नाम पर ठगी का बड़ा मामला सामने आया है। बाराबंकी निवासी एक व्यक्ति ने चिनहट क्षेत्र स्थित एक कंसल्टेंसी कंपनी और उसके एजेंटों पर दुबई भेजने का झांसा देकर लाखों रुपये हड़पने का आरोप लगाया है। मामले की शिकायत पुलिस से की गई है। पीड़ित नसवर पुत्र असरार, निवासी फतेहपुर (बाराबंकी) के अनुसार, उसकी पहचान मो. जुबेर नामक व्यक्ति से हुई थी, जिसने विदेश में नौकरी दिलाने का भरोसा दिलाया। इसके बाद उसे चिनहट स्थित एक कंसल्टेंसी कार्यालय ले जाया गया, जहां कंपनी के एजेंट माइकल ने दुबई में नौकरी दिलाने के नाम पर 1.10 लाख रुपये ले लिए। आरोप है कि पीड़ित ने अपने साढू के बेटे मिथुन को दुबई भेजने के लिए पासपोर्ट और अन्य दस्तावेजों के साथ रकम जमा कराई थी। एजेंटों ने वीजा और हवाई टिकट भी उपलब्ध कराए, लेकिन जब युवक एयरपोर्ट पहुंचा तो वीजा और टिकट फर्जी निकले। इसके चलते उसे यात्रा करने से रोक दिया गया और वापस लौटना पड़ा। पीड़ित का कहना है कि कंपनी ने कई अन्य युवकों को भी विदेश भेजने का झांसा देकर पैसे वसूले हैं। रुपये वापस मांगने पर आरोपी लगातार टालमटोल करते रहे। बाद में कंपनी का कार्यालय भी बंद मिला और संचालक फरार हो गए। शिकायतकर्ता ने बताया कि उसने मुख्यमंत्री पोर्टल सहित विभिन्न माध्यमों से शिकायत की, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। पीड़ित ने पुलिस मे मुकदमा दर्ज कर आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई तथा हड़पी गई रकम वापस दिलाने की मांग की है।

## ट्रैक्टर सवार मजदूर की मौत, तीन घायल

**चिनहट, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** बीबीडी थाना क्षेत्र में शुक्रवार एक तेज रफ्तार टैंकर की टक्कर से ट्रैक्टर सवार मजदूर की मौत हो गई, जबकि तीन अन्य मजदूर गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे के बाद मृतक के परिजनों की तहरीर पर पुलिस ने टैंकर चालक और वाहन स्वामी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस को दी गई तहरीर के अनुसार, गुड़म्बा थाना क्षेत्र के ग्राम पारा निवासी संदीप कुमार के पिता मिश्रीलाल (55) मजदूरी का कार्य करते थे। 19 जून 2026 को वह छत की ढलाई के काम के लिए अपने तीन साथियों के साथ ट्रैक्टर पर सवार होकर जा रहे थे। बताया गया कि वे बबूरिया साइड की ओर जा रहे थे और खैलेटर पुल के पास सड़क पार कर रहे थे। इसी दौरान तेज रफ्तार से आ रहे एक टैंकर ने ट्रैक्टर में जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि ट्रैक्टर दो हिस्सों में बंट गया और उस पर सवार सभी मजदूर गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को तत्काल अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने मिश्रीलाल को मृत घोषित कर दिया। जबकि अन्य तीन घायलों का उपचार जारी है। मृतक के पुत्र ने आरोप लगाया है कि हादसा टैंकर चालक की लापरवाही और तेज रफ्तार के कारण हुआ। पुलिस ने मामले में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## मातृशक्तियों द्वारा संचालित भण्डारे का आयोजन 1090 चौराहे पर हुआ

**लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** ज्येष्ठ मास में भण्डारों के क्रम में आज लखनऊ के 1090 चौराहे पर माँ जानकी सेवा न्यास के बैनर तले राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ विचार परिवार की मातृशक्तियों द्वारा आयोजित एवं मातृशक्तियों को समर्पित सुन्दरकाण्ड पाठ और विशाल भण्डारे का आयोजन किया गया। जिसमें प्रसाद ग्रहण करने वाले सभी भक्तों को हनुमान चालीसा और हनुमान जी के लॉकेट वाली माला वितरित की गयी। इस आयोजन की यह विशेषता रही कि इसमें प्लास्टिक मुक्त एवं पर्यावरण अनुकूल सामग्रियों का ही उपयोग किया गया और पूरी व्यवस्था महिलाओं ने ही सम्भाली। आयोजन में मुख्य अतिथि के रूप में प्रांत प्रचारक कौशल किशोर पद्मश्री रामसरन वर्मा उप मुख्यमंत्री बृजेश पाठक, उत्तर प्रदेश सरकार में परिवहन राज्य मंत्री दयाशंकर सिंह राज्यसभा सांसद दिनेश शर्मा एवं संजय सेठ, रीता बहुगुणा जोशी अपर महा अधिवक्ता कुलदीप पति त्रिपाठी, एमएलसी नीरज सिंह एमएलसी आनंद द्विवेदी एमएलसी अवनीश सिंह , एमएलसी योगेश शुक्ला एमएलसी योगेश श्रीवास्तव डीएम विशाख पुलिस कमिश्नर अमरेन्द्र सेंगर, नगर आयुक्त गौरव कुमार, महापौर सुषमा खर्कवाल, पूर्व महापौर संयुक्ता भाटिया, राज्य सूचना आयुक्त दिलीप अग्निहोत्री, सुनील हलवासिया , सरदार मंजीत सिंह एवं सरदार निर्मल सिंह भाजपा नगर अध्यक्ष आनन्द द्विवेदी के अलावा राष्ट्र सेविका समिति की डॉ. पूजा सिंह रेशु भाटिया संयोगिता आकांक्षा नीलम ईशान पूजा गुप्ता पूजा सिंह उपस्थित रहे।

## आप आज प्रदेश भर में चलाएगी भिक्षाटन कार्यक्रम

**लखनऊ।** आम आदमी पार्टी (आप) रविवार को प्रदेश भर में भिक्षाटन कार्यक्रम चलाएगी। अयोध्या में भगवान श्रीराम मंदिर में चंदा चढ़ावा में गड़बड़ी के खिलाफ पार्टी प्रदेशव्यापी विरोध अभियान चलाएगी। सभी जिला मुख्यालयों व प्रमुख चौराहों पर भिक्षा मांगकर विरोध जताएंगे। आप के यूपी प्रभारी व राज्यसभा सदस्य संजय सिंह के निर्देश पर यह प्रदेशव्यापी विरोध अभियान चलाया जाएगा। आप के प्रदेश मीडिया प्रभारी महेंद्र सिंह का कहना है कि मामले में निष्पक्ष जांच कर दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग कार्यकर्ता करेंगे।

# बंटवारे के विवाद में बेटे ने फावड़े से किया हमला, पिता की मौत

## महिगवां के अतरौरा गांव में हुई वारदात, केजीएमयू में इलाज के दौरान तोड़ा दम

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बख्शी का तालाब, लखनऊ। पैतृक जमीन के बंटवारे को लेकर चल रहा पारिवारिक विवाद आखिरकार खूनी संघर्ष में बदल गया। महिगवां थाना क्षेत्र के अतरौरा गांव में बेटे पर अपने ही पिता के सिर पर फावड़े से हमला करने का आरोप है। गंभीर रूप से घायल पिता की इलाज के दौरान केजीएमयू में मौत हो गई। घटना के बाद गांव में शोक और सनसनी का माहौल है।




पुलिस के अनुसार अतरौरा गांव निवासी रामकुमार यादव और उनके पुत्र महेंद्र यादव के बीच पैतृक भूमि के बंटवारे को लेकर काफी समय से विवाद चला आ रहा था। शुक्रवार को विवाद उस समय और बढ़ गया जब रामकुमार यादव अपने खेत में खड़ी पशुओं को खिलाये जाने वाली करवी को ट्रैक्टर से जुतवा रहे थे। इसी बात को लेकर पिता-पुत्र के बीच कहासुनी शुरू हो गई। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार दोनों के बीच विवाद बढ़ने पर मारपीट की नौबत आ गई। आरोप है कि इसी दौरान महेंद्र यादव ने फावड़े से अपने पिता रामकुमार यादव के सिर पर वार कर दिया। वार इतना गंभीर था कि रामकुमार लहूलुहान होकर जमीन पर गिर पड़े। परिजन और ग्रामीण उन्हें तत्काल इलाज के लिए अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सकों ने उनकी हालत नाजुक देखते हुए केजीएमयू, लखनऊ रेफर कर दिया।केजीएमयू में उपचार के दौरान रामकुमार यादव ने दम तोड़ दिया। पिता की मौत की सूचना मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया। वहीं गांव में भी घटना को लेकर तरह-तरह की चर्चाएं होती रहीं।प्रभारी निरीक्षक राधेश्याम मौर्या ने बताया कि परिजनों की तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। घटना के सभी पहलुओं की गहनता से जांच की जा रही है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट और अन्य साक्ष्यों के आधार पर आगे की विधिक कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।

# ब्रजेश पाठक ने किया योगाभ्यास, कहा नियमित करें योग रहें निरोग

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ। उत्तर प्रदेश के उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक व तुलसी मानस मंदिर हरिद्वार के महंत कामेश्वर पुरी महाराज ने अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस 2026 के पूर्व दिवस पर शनिवार की सुबह के.डी.सिंह बाबू स्टेडियम में आयोजित ''विशाल योग शिविर'' का दीप जलाकर शुभारम्भ किया। इस अवसर पर योगाभयास कर रहे लोगों को योग की महत्ता बताते हुए ब्रजेश पाठक ने कहा कि सब लोग योग दिवस पर प्रण लें कि हम योग करेंगे और निरोग रहेंगे। योग के माध्यम से हम केवल अपने शरीर ही नहीं बल्कि मन को भी स्वस्थ बनाते। जब एक-एक व्यक्ति का शरीर व मन स्वस्थ होकर सकारात्मक दिशा की ओर आगे बढ़ेगा तभी हमारा देश व प्रदेश आगे बढ़ेगा।



ममता चैरिटेबल ट्रस्ट के प्रयासों की सराहना करते हुए भाजपा के राज्यसभा सांसद डॉ. दिनेश शर्मा ने कहा कि योग हमारे भातरवर्ष की एक ऐसी विधा है जिसने पूरी दुनिया में लोगों के मध्य भारत का एक स्थान बनाया है। आज 170 देश पूरे विश्व में 21 जून को योग दिवस के रूप में मनाया जाता है। अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस केवल योग दिवस नहीं है बल्कि भारत की एक वह प्रतिष्ठा है जिसमें पूरी दुनिया को यह संदेश देना चाहते हैं कि भारत प्रत्येक क्षेत्र में अग्रणी है। चाहे वह हमारी प्राचीन विरासत हो, आयुर्वेद हो व योग हो। हम केवल अपने स्वास्थ्य के लिए चिंतित नहीं रहते। इसमें मानव कल्याण की भावना छिपी है। आज तमाम स्थानों पर योग दिवस के कार्यक्रम हो रहे हैं। पूर्व मंत्री डॉ. महेन्द्र सिंह ने कहा कि योग को अपनी दिनचर्या का हिस्सा बनाकर स्वस्थ समाज के निर्माण में सहभागी बनें। तुलसी मानस मंदिर हरिद्वार के महंत कामेश्वर पुरी महाराज ने योग के माध्यम से स्वस्थ एवं संतुलित जीवन अपनाने की प्रेरणा दी। इस अवसर पर एक पृथ्वी एक स्वास्थ्य के संदेश के साथ योग को जन-जन तक पहंचाने और स्वस्थ भारत समर्थ भारत के निर्माण का संकल्प लिया गया। के.डी. सिंह बाबू स्टेडियम में हजारों लोगों ने एक स्वर में वंदेमातरम का गायन कर देशभक्ति, एकता और स्वस्थ भारत के संकल्प को सशक्त बनाया। सभी ने योगाभ्यास किया। ममता चैरिटेबल ट्रस्ट के अध्यक्ष राजीव मिश्र ने मंचस्थ अतिथियों व योग करने आये प्रतिभागियों का आभार जताया। इस अवसर पर एमएलसी अवनीश सिंह पटेल, पूर्व मुख्य सचिव दुर्गा शंकर मिश्र, भाजपा नेता नीरज सिंह, भाजपा के महानगर अध्यक्ष आनंद द्विवेदी, उपाध्यक्ष राजेश शुक्ला, न्यायमूर्ति रंगनाथ पाण्डेय, सचिन धानवाल, डॉ. सुरभी धानवाल, गौरव पांडेय, राजेश मिश्रा उपस्थित रहे।

# डीएम-एसपी ने सुनीं जन शिकायतें, मौके पर कई मामलों का हुआ निस्तारण

❒ सीतापुर में डीएम की अध्यक्षता में आयोजित हुआ सम्पूर्ण समाधान दिवस

कैनविज टाइम्स संवाददाता



सीतापुर। जनता की शिकायतों एवं समस्याओं को पूर्ण गुणवत्ता के साथ निस्तारित करने के उद्देश्य से जनपद की सभी सात तहसीलों में शनिवार को सम्पूर्ण समाधान दिवस आयोजित किया गया। तहसील बिसवां में जिलाधिकारी डा0 राजागणपति आर0 एवं पुलिस अधीक्षक अंकुर अग्रवाल की अध्यक्षता में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। शिकायतकर्ताओं की शिकायतों को एक-एक करके सुना गया एवं जनता की शिकायतों एवं समस्याओं को समयान्तर्गत गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित करने के निर्देश के साथ संबंधित अधिकारियों को अन्तरित किया। सम्पूर्ण समाधान दिवस के दौरान जिलाधिकारी ने सभी विभागाध्यक्षों और अधिकारियों को निर्देश दिये कि लाभार्थीपरक योजनाओं से संबंधित प्रकरणों का तेजी से निस्तारण किया जाये, जिससे पात्रों को समय से लाभान्वित किया जा सके। जिलाधिकारी ने कहा कि आई0 जी0आर0एस0 पोर्टल पर प्राप्त होने वाली शिकायतों का त्वरित गति से निस्तारण हो। उन्होंने कहा कि शिकायतकर्ता द्वारा जो शिकायत की गई है उसका निस्तारण संबंधित अधिकारी मौके पर पहुंचकर गुणवत्ता पूर्ण करें। सम्पूर्ण समाधान दिवस के दौरान उपजिलाधिकारी बिसवां आकांक्षा गौतम सहित संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे। तहसील बिसवां में सम्पूर्ण समाधान दिवस के अवसर पर कुल 95 शिकायतों में से 12 का निस्तारण मौके पर ही कर दिया गया। इसी प्रकार से जनपद की अन्य तहसीलों में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस में तहसील सदर में प्राप्त 88 प्रार्थना पत्रों में से 08, तहसील महोली में प्राप्त 33 प्रार्थना पत्रों में से 02, तहसील लहरपुर में प्राप्त 48 प्रार्थना पत्रों में से 07, तहसील महमूदाबाद में प्राप्त 60 प्रार्थना पत्रों में से 06, तहसील सिधौली में प्राप्त 81 प्रार्थना पत्रों में से 07, तहसील मिश्रिख में प्राप्त 47 प्रार्थना-पत्रों में से 04 शिकायतों का निस्तारण मौके पर ही कर दिया गया। शेष बची हुयी शिकायतों को पृष्ठांकित कर एक सप्ताह के अन्दर संबंधित अधिकारी को निस्तारित करने के निर्देश दिये गये।

# खैराबाद में विकास कार्यों पर सख्ती

❒ अध्यक्ष प्रतिनिधि का औचक निरीक्षण, लापरवाही पर सख्त चेतावनी

कैनविज टाइम्स संवाददाता



खैराबाद, सीतापुर। नगरपालिका क्षेत्र में चल रहे विकास कार्यों की गुणवत्ता और प्रगति को परखने के लिए आज अध्यक्ष प्रतिनिधि ने औचक निरीक्षण कर अधिकारियों व ठेकेदारों में हड़कंप मचा दिया। उन्होंने माखूपुर, कुल्हन सराय, हटौरा, पोलीपुर, रौजा दरवाजा, ललियापुर, तुरसावां समेत कई वार्डों में पहुंचकर निर्माण कार्यों की जमीनी हकीकत देखी और मौके पर ही आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

निरीक्षण के दौरान अध्यक्ष प्रतिनिधि ने सड़कों, नालियों व अन्य निर्माण कार्यों की गुणवत्ता का बारीकी से जायजा लिया। कई स्थानों पर कार्य की धीमी गति और मानकों के अनुरूप गुणवत्ता न मिलने पर उन्होंने नाराजगी जाहिर की। संबंधित ठेकेदारों को कड़े शब्दों में चेतावनी देते हुए कहा कि कार्यों में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिए कि सभी निर्माण कार्य निर्धारित मानकों के अनुसार ही कराए जाएं और समयसीमा का विशेष ध्यान रखा जाए। जनता को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराना प्राथमिकता है, इसलिए गुणवत्ता से किसी भी प्रकार का समझौता नहीं होना चाहिए। अध्यक्ष प्रतिनिधि ने कहा कि यदि किसी भी कार्य में अनियमितता या मानकों के विपरीत निर्माण कार्य पाया गया तो संबंधित फर्म को ब्लैकलिस्ट करवाया जाएगा। साथ ही दोषी ठेकेदारों के खिलाफ सख्त कार्रवाई भी सुनिश्चित की जाएगी। उन्होंने अधिकारियों को भी नियमित निगरानी रखने और कार्यों की गुणवत्ता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। इस औचक निरीक्षण से ठेकेदारों में हड़कंप की स्थिति देखने को मिली और मौके पर ही कई कार्यों में सुधार के निर्देश दिए गए। स्थानीय लोगों ने भी निरीक्षण का स्वागत करते हुए उम्मीद जताई कि इससे विकास कार्यों की गुणवत्ता में सुधार आएगा।

# रिश्तेदार बुजुर्ग महिला से लाखों की साइबर ठगी, आरोपी मां-बेटे गिरफ्तार

❒ 13 लाख से अधिक की ज्वैलरी व 36,642 रुपए नकद बरामद

कैनविज टाइम्स संवाददाता



शाहजहांपुर। थाना सदर बाजार और साइबर सेल की संयुक्त पुलिस टीम ने रिश्तेदार बुजुर्ग महिला के खाते से धोखाधड़ी कर 17.19 लाख रुपये निकालने के मामले में वांछित मां-बेटे को गिरफ्तार किया। जिनके कब्जे से पुलिस ने 13.15 लाख रुपये कीमत की सोने व डायमंड की ज्वैलरी तथा 36,642 रुपए नकद बरामद किए हैं।

शुक्रवार को एक बुजुर्ग महिला की तहरीर पर थाना सदर बाजार में धोखाधड़ी और चोरी का मुकदमा दर्ज किया गया। पुलिस जांच में सामने आया कि आरोपियों ने पीड़िता के मोबाइल नंबर और बैंक खाते की जानकारी का दुरुपयोग कर लाखों रुपये की ठगी की थी। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर विशेष टीम गठित की गई। शनिवार को संयक्त पुलिस टीम ने रिंग रोड अंडरपास के सामने शहवाजनगर क्षेत्र से चिनौर गांव में होमगार्डस कार्यालय के पास रहने वाले ऋतिक सिंह और उसकी मां रेखा सिंह को गिरफ्तार किया। जिनके कब्जे से पुलिस ने विभिन्न ज्वैलर्स की दुकानों से खरीदी गई 13 लाख 15 हजार रूपए से अधिक सोने और डायमंड की ज्वैलरी, 36 हजार 642 रूपए नकद, मोबाइल फोन, डेबिट कार्ड आदि बरामद किया। पुलिस पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि बुजुर्ग पीड़िता उनकी रिश्तेदार हैं, उनका घर में आना जाना था। उन्हें जानकारी थी कि संपत्ति बेचने के बाद पीड़िता के खाते में लगभग 52 लाख रुपये आए हैं। इसी लालच में उन्होंने पीड़िता के बैंक खाते में पंजीकृत मोबाइल नंबर का प्रयोग करके डेबिट कार्ड का आर्डर किया। बैंक में मां रेखा देवी को पीड़िता बताकर डेबिट कार्ड ले लिया। इसके बाद किसी तरह पीड़िता का फोन लिया और बैंक के एटीम से पहले पिन जनरेट किया। इसके बाद एटीएम, यूपीआई, पीओएस और आईएमपीएस के माध्यम से कुल 38 ट्रांजेक्शन कर 17 लाख 19 हजार पांच सौ रुपये निकाल लिए। चोरी की रकम से विभिन्न दुकानों से महंगी ज्वैलरी खरीदी। बताया कि कुछ धनराशि रिश्तेदारों को भी दिए हैं।

फिलहाल, पुलिस ने आरोपी दोनों मां-बेटे को विधिक कार्रवाई करते हुए जेल भेज दिया है और पूछताछ में प्रकाश में आए तीसरे आरोपी प्रेमप्रकाश सिंह समेत अन्य लोगों की भूमिका की भी जांच कर रही है। गिरफ्तारी करने वाली पुलिस टीम में थाना सदर बाजार के प्रभारी निरीक्षक राजीव कुमार के साथ साइबर सेल एसआई मोहन देव शर्मा आदि मौजूद रहे।

## किशोरी के अपहरण व दुष्कर्म का आरोपी गिरफ्तार

शाहजहांपुर। थाना कोतवाली पुलिस ने नाबालिग किशोरी के अपहरण व दुष्कर्म के वांछित अभियुक्त को गिरफ्तार कर जेल भेजा है। बीती 22 मई 2026 को एक व्यक्ति ने थाना कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर बताया कि उसकी 17 वर्षीय भांजी घर से मंडी जाने की बात कहकर गई थी, लेकिन वापस घर नहीं लौटी। तहरीर के आधार पर पुलिस ने अपहरण का मामला दर्ज किया और पीड़िता की तलाश शुरू की। इसी क्रम में पुलिस ने पीड़िता को सकुशल बरामद किया और उसकी मेडिकल रिपोर्ट बयान और अन्य संकलित साक्ष्यों के आधार पर दर्ज मुकदमें में दुष्कर्म और पॉक्सो एक्ट की बढ़ोत्तरी की। इसी क्रम में आज पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर किशोरी को बहला-फुसलाकर ले जाने वाले अभियुक्त को बरेली मोड़ से गिरफ्तार किया। पकड़ा गया अभियुक्त जनपद आगरा के थाना ताजगंज क्षेत्र के मोहल्ला संजय कालोनी का रहने वाला सौरभ शर्मा उर्फ गोलू है। पुलिस ने अभियुक्त के खिलाफ आवश्यक वैधानिक कार्रवई करते हुए न्यायालय के समक्ष पेश किया। जहां से पुलिस अभिरक्षा में उसे जेल भेज दिया गया। अभियुक्त को गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में थाना कोतवाली के उपनिरीक्षक रणजीत बहादुर सिंह के साथ कांस्टेबल गवेन्द्र और रिक्रूट कांस्टेबल भूपेन्द्र मौजूद रहे।

# पीएम किसान सम्मान निधि की 23वीं किस्त का सीधा प्रसारण, कृषि विज्ञान केंद्र कटिया में जुटे किसान

❒ कृषि विज्ञान केंद्र कटिया में पीएम किसान कार्यक्रम के साथ आधुनिक खेती पर वैज्ञानिकों का विशेष मार्गदर्शन

कैनविज टाइम्स संवाददाता



सीतापुर। कृषि विज्ञान केंद्र-2, कटिया, सीतापुर में आज प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना की 23वीं किस्त के हस्तांतरण कार्यक्रम का सजीव प्रसारण आयोजित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कृषि विज्ञान केंद्र के वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं अध्यक्ष डॉ दया शंकर श्रीवास्तव ने की।

मुख्य अतिथि के रूप में भारतीय जनता पार्टी के जिला महामंत्री श्री सुधाकर शुक्ला तथा विशिष्ट अतिथि के रूप में किसान मोर्चा के जिला महामंत्री श्री अनिल मिश्रा उपस्थित रहे। कार्यक्रम में दुर्गेश शुक्ला (शक्ति केंद्र संयोजक) एवं राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के खंड प्रशिक्षण संयोजक गो सेवा गतिविधि श्री योगेश जी भी विशेष रूप से उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान किसानों ने माननीय प्रधानमंत्री श्री का संबोधन सुना। अपने उद्बोधन में प्रधानमंत्री ने कहा कि सरकार किसानों की आय बढ़ाने, कृषि लागत घटाने तथा आधुनिक तकनीकों को गांव-गांव तक पहुंचाने के लिए निरंतर कार्य कर रही है। उन्होंने प्राकृतिक खेती, जैविक खेती, जल संरक्षण तथा कृषि यंत्रीकरण को समय की आवश्यकता बताते हुए किसानों से नवाचार अपनाने का आह्वान किया। प्रधानमंत्री ने यह भी कहा कि प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि केवल आर्थिक सहयोग नहीं, बल्कि किसानों के सम्मान और सशक्तिकरण का प्रतीक है। अध्यक्षीय उद्बोधन में डॉ दया एस श्रीवास्तव ने कहा कि कृषि विज्ञान केंद्र किसानों तक वैज्ञानिक तकनीकों को पहुंचाने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि बदलते मौसम और प्राकृतिक संसाधनों के संरक्षण को देखते हुए टिकाऊ कृषि प्रणाली अपनाना समय की मांग है। मुख्य अतिथि श्री सुधाकर शुक्ला ने कहा कि केंद्र सरकार किसानों के हित में अनेक योजनाएं चला रही है और पीएम किसान योजना उनमें सबसे प्रभावी है। इससे किसानों को खेती में आर्थिक मजबूती मिल रही है।

# रैडिको खेतान लिमिटेड द्वारा नाड़ी परीक्षण केंद्र का शुभारंभ

कैनविज टाइम्स संवाददाता



कंदुनी, बिसवां। जनपद सीतापुर कंदुनी, बिसवां (सीतापुर) स्थित रैडिको हाउसिंग कॉलोनी के निकट रैडिको खेतान लिमिटेड द्वारा नव स्थापित ल्लनाड़ी परीक्षण केंद्र का उद्घाटन दिनाँक 19 जुलाई 2026 को किया गया। इस केंद्र का उद्घाटन कंपनी के चेयरमैन डॉ. ललित खेतान द्वारा किया गया।

इस अवसर पर कंपनी सी.एस.आर. अध्यक्ष अनीता चौहान, मुख्य वित्तीय अधिकारी दिलीप कुमार बांठिया, चीफ टेक्निकल ऑफिसर प्रकाश एम, यूनिट हेड़ अंशु श्रीवास्तव, तथा विभिन्न विभागों के विभागाध्यक्ष एवं वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे। उद्घाटन समारोह को संबोधित करते हुए डॉ. ललित खेतान ने कहा कि रैडिको खेतान लिमिटेड सदैव समाज के समग्र विकास एवं जनकल्याण के लिए प्रतिबद्ध रही है। नाड़ी परीक्षण केंद्र की स्थापना का उद्देश्य आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों के निवासियों को स्वास्थ्य संबंधी सुविधाएँ उपलब्ध कराना तथा स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता को बढ़ावा देना है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि यह केंद्र स्थानीय समुदाय के लिए लाभकारी सिद्ध होगा और लोगों को समय पर स्वास्थ्य परामर्श एवं परीक्षण सुविधाएँ प्राप्त होंगी। रैडिको खेतान लिमिटेड अपनी कॉर्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व (एट्टट) नीति के अंतर्गत शिक्षा, स्वास्थ्य, स्वच्छता, पर्यावरण संरक्षण एवं सामुदायिक विकास जैसे क्षेत्रों में निरंतर कार्य कर रही है। कंपनी का मानना है कि समाज के कमजोर एवं जरूरतमंद वर्गों तक स्वास्थ्य सेवाओं की पहुंच सुनिश्चित करना एक महत्वपूर्ण सामाजिक दायित्व है। कंपनी ने पुनः अपनी प्रतिबद्धता दोहराते हुए कहा कि भविष्य में भी ऐसे जनहितकारी एवं समाजोपयोगी कार्यक्रमों के माध्यम से स्थानीय समुदाय के स्वास्थ्य, कल्याण एवं जीवन स्तर में सुधार हेतु निरंतर प्रयास किए जाते रहेंगे।

# आत्महत्या के लिए उकसाने के मामले में पत्नी व ससुर को भेजा जेल

कैनविज टाइम्स संवाददाता



शाहजहांपुर। थाना तिलहर पुलिस ने आत्महत्या के लिए उकसाने के मामले में वांछित पत्नी व ससुर को जेल भेजा है। बीती 04 दिसम्बर 2024 को थाना तिलहर के मोहल्ला पच्चासा निवासी सुमन देवी ने पुलिस को तहरीर देकर पुत्रवधु पूजा पटेल और उसके पिता ओमेन्द्र के खिलाफ आत्महत्या के लिए उकसाने के मामले की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। आरोप था कि उसका इकलौता पुत्र राजनारायन शिक्षा विभाग में कार्यरत था। उसकी शादी मोहल्ला घेरचैबा निवासी ओमेन्द्र पटेल की पुत्री पूजा पटेल से हुई थी। शादी के कुछ दिनों के बाद से ही राजनारायन का पत्नी पूजा से विवाद होने लगा। जिसके चलते पूजा अपने मायके में रहने लगी। उसने व उसके पुत्र ने कई बार पूजा को घर लाने का प्रयास किया, लेकिन अनुचित मांगों के कारण दोनों का समझौता नहीं हुआ। 02 दिसम्बर को उसका पुत्र घर आया, बताया कि वो पत्नी पूजा को विदा कराने ससुराल गया था। वहां पूजा और उसके पिता ओमेन्द्र आदि ने उसके पुत्र को भला बुरा कहा और मारपीट की। यही नहीं, आत्महत्या के लिए उकसाया, कहा कि मर जाओ, तुम्हारी नौकरी मिल जाएगी। इससे क्षुब्ध होकर उसके पुत्र ने जहरीला पदार्थ खा लिया। 03 दिसम्बर को बरेली में उपचार के दौरान उसके पुत्र की मौत हो गई। तहरीर के आधार पर पुलिस ने पूजा पटेल और उसके पिता ओमेन्द्र सहित अन्य परिजनों के खिलाफ संबंधित धाराओं में रिपोर्ट दर्ज की। इसी क्रम में आज थाना तिलहर पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर वांछित अभियुक्त ओमेन्द्र पटेल और अभियुक्ता पूजा पटेल को उनके घर से गिरफ्तार किया। अभियुक्तों को गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में थाना तिलहर के प्रभारी निरीक्षक प्रिंस शर्मा के साथ एसआई प्रमोद कुमार, कांस्टेबल अरूण कुमार, महिला कांस्टेबल विनीता आदि मौजूद रहे।

## बैनामा फ्रेंचाइजी व्यवस्था रद्द करने की मांग, दिया ज्ञापन



**मिश्रिख, सीतापुर, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** ऑनलाइन ई रजिस्ट्री फ्रेंचाइजी व्यवस्था को रद्द करने की माँग को लेकर मिश्रिख लॉयर्स एसोसिएशन द्वारा जोरदार आंदोलन किया गया अधिवक्ताओं,बैनामा लेखकों तथा स्टाम्प वेंडरों ने मुख्यमंत्री को संबोधित मांगपत्र उपनिबंधक मिश्रिख सुषमा यादव को सौंपा ज्ञापन में बताया गया कि ई रजिस्ट्री व्यवस्था पूर्णतया अव्यावहारिक और लोकहित के विपरीत है। जमीन जायदाद के पंजीकरण के फ्रेंचाइजी मॉडल से भविष्य में गंभीर कानूनी पेंचीदगी उत्पन्न होगी ग्रामीण जनता विपरीत विधिक स्थित,धोखाधड़ी का शिकार हो सकती है अधिवक्ता जमीन जायदाद के विषयों की समझ रखता है। निबंधन कार्य से जुड़े अधिवक्ताओं,स्टाम्प वेंडरों और दस्तावेज लेखकों के सम्मुख रोजगार का संकट उत्पन्न हो जाएगा मांग की गयी कि वर्तमान प्रचलित व्यवस्था को ही यथावत रखा जाए और प्रस्तावित फ्रेंचाइजी व्यवस्था को तत्काल रद्द किया जाये।अधिवक्तागण सुधीर शुक्ल राना,अकरम खान,सौरभ सक्सेना,प्रेम प्रकाश राजवंशी, रजनीश कुमार, ठाकुर प्रसाद अर्कवंशी,जलालुद्दीन, प्रशांत त्रिपाठी,सत्यप्रकाश अर्कवंशी, सुशील भारती,कपिल मुनि,शिवम त्रिपाठी,शैलेन्द्र कुमार,भास्कर पाण्डेय,विमलेंद्र त्रिपाठी,नितिनमालाकार, अजय पाण्डेय,आनंद यादव,सुनील कुमार त्रिपाठी,पुष्पेंद्र गुप्ता,सुनील प्रताप सिंह,आदि लोग उपस्थित रहे।

## नोडल ने परखी निर्माण परियोजना, गुणवत्ता और समयबद्धता पर दिया जोर

**लखीमपुर खीरी,कैनविज टाइम्स संवाददाता।** नोडल अधिकारी मिनिस्ती एस ने डीएम, सीडीओ, एडीएम संग शनिवार को राजकीय आश्रम पद्धति विद्यालय छाउछ में निर्माणाधीन ऑडिटोरियम, कॉमन हॉल, स्टाफ रूम तथा टाइप-2 के आठ आवासीय भवनों की परियोजना का स्थलीय निरीक्षण किया। इस दौरान कार्य की प्रगति, गुणवत्ता, निर्धारित समयसीमा के अनुरूप निर्माण कार्यों की समीक्षा की, संबंधित को जरूरी दिशा-निर्देश दिए।निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने बताया कि उप्र स्टेट कंस्ट्रक्शन एंड इंफ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट कॉरपोरेशन लिमिटेड द्वारा लगभग 631.76 लाख रुपये की लागत से परियोजना का निर्माण कराया जा रहा है। अबतक लगभग 236 लाख रुपये की वित्तीय प्रगति दर्ज की जा चुकी है, जबकि निर्माण कार्य तेजी से आगे बढ़ रहा है।नोडल ने निर्माण स्थल पर पहुंचकर विभिन्न कार्यों का बारीकी से निरीक्षण किया और तकनीकी अधिकारियों से परियोजना की प्रगति की जानकारी ली। कहा कि शासन की प्राथमिकता है कि निर्माण कार्य निर्धारित मानकों के अनुरूप गुणवत्तापूर्ण ढंग से समय पर पूर्ण हों, जिससे विद्यार्थियों, कर्मचारियों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध हो सकें। उन्होंने कार्यदायी संस्था को निर्देशित किया कि निर्माण की गुणवत्ता से किसी प्रकार का समझौता न किया जाए। सुरक्षा मानकों का विशेष ध्यान रखा जाए। साथ ही परियोजना को तय समयसीमा में पूरा कर उपयोग के लिए उपलब्ध कराने के निर्देश भी दिए।

## पीएम-किसान सम्मान निधि की 23वीं किस्त जारी

**रायबरेली।** प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि (पीएम-किसान) योजना की 23वीं किस्त के वितरण के अवसर पर जनपद रायबरेली का मुख्य कार्यक्रम कृषि विज्ञान केंद्र, दरियापुर में आयोजित किया गया। कार्यक्रम में उत्तर प्रदेश सरकार के माननीय राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार), उद्यान एवं कृषि विपणन, कृषि व्यापार एवं कृषि निर्यात उ0प्र0 दिनेश प्रताप सिंह मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान किसानों ने पश्चिम बंगाल के तारकेश्वर, जनपद हुगली से माननीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना की 23वीं किस्त जारी किए जाने के कार्यक्रम का सजीव प्रसारण देखा एवं प्रधानमंत्री के संबोधन को सुना। मुख्य कार्यक्रम में लगभग 200 किसानों ने प्रतिभाग किया। इस अवसर पर जिला कृषि अधिकारी ने बताया कि प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना की 23वीं किस्त के अंतर्गत जनपद रायबरेली के 3,96,049 किसानों को लाभान्वित किया जा रहा है। इसके तहत लगभग ?79.21 करोड़ की धनराशि सीधे किसानों के बैंक खातों में अंतरित की जाएगी। उन्होंने बताया कि यह योजना किसानों को खेती-किसानी की आवश्यकताओं हेतु समय पर आर्थिक सहयोग प्रदान कर रही है तथा कृषि क्षेत्र को सुदृढ़ बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है। इस अवसर पर मा0 उद्यान मंत्री जी ने कहा कि किसानों की समृद्धि ही विकसित भारत की आधारशिला है। केंद्र एवं राज्य सरकार किसानों की आय बढ़ाने, कृषि लागत कम करने तथा आधुनिक कृषि तकनीकों को बढ़ावा देने के लिए निरंतर कार्य कर रही हैं। उन्होंने किसानों से कृषि विभाग द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं का अधिकतम लाभ उठाने का आह्वान किया। माननीय मंत्री जी किसानों से विविधीकरण, प्राकृतिक खेती अपनाने, रसायनों पर निर्भरता कम करने, खेती को टिकाऊ बनाने हेतु प्रयास करने की आवश्यकता है तथा इसी में पशुपालन को भी समाहित किया जाए जिससे खेती फायदे का सौदा सिद्ध हो । मुख्य कार्यक्रम के अतिरिक्त जनपद के सभी विकास खंड मुख्यालयों तथा कृषि समृद्धि केंद्रों पर भी कार्यक्रम आयोजित किए गए, जहां किसानों ने प्रधानमंत्री जी के कार्यक्रम का सजीव प्रसारण देखा। कृषि विभाग के अधिकारियों द्वारा किसानों को किसान क्रेडिट कार्ड, प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना, मृदा स्वास्थ्य कार्ड, कृषि यंत्रीकरण एवं अन्य कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी प्रदान की गई।

# योग दिवस की तैयारियों का लिया जायजा, नोडल अधिकारी ने परखी प्रशासन की तैयारियां

कैनविज टाइम्स संवाददाता

❒ बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ के तहत बालिकाओं को बांटी स्पोर्ट्स लोअर टी शर्ट, खिले चेहरे

लखीमपुर खीरी। शासन द्वारा नामित जनपद की नोडल अधिकारी मिनिस्ती एस शुक्रवार को अपने निर्धारित भ्रमण कार्यक्रम के अंतर्गत लखीमपुर खीरी पहुंचीं। जनपद आगमन पर डीएम अंजनी कुमार सिंह, एसपी डॉ. ख्याति गर्ग एवं सीडीओ अभिषेक कुमार ने उनका स्वागत किया।

नोडल अधिकारी ने कलेक्ट्रेट स्थित अटल सभागार में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस-2026 के आयोजन को लेकर की जा रही तैयारियों एवं पूर्व में संचालित गतिविधियों की समीक्षा की। इस अवसर पर सीडीओ अभिषेक कुमार ने पावर प्वाइंट प्रेजेंटेशन के माध्यम से 14 जून से अब तक आयोजित योग संबंधी कार्यक्रमों, जनजागरूकता गतिविधियों तथा 21 जून को आयोजित होने वाले मुख्य कार्यक्रम की तैयारियों की विस्तृत जानकारी प्रस्तुत की।

समीक्षा के दौरान नोडल अधिकारी ने जनपद में योग दिवस को सफलतापूर्वक आयोजित करने के लिए की गई व्यवस्थाओं की जानकारी प्राप्त की तथा संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने निर्देशित किया कि योग दिवस कार्यक्रम में अधिकतम जनसहभागिता सुनिश्चित की जाए तथा सभी व्यवस्थाएं समयबद्ध एवं सुव्यवस्थित रूप से पूर्ण की जाएं। इससे पूर्व नोडल अधिकारी ने डीएम, एसपी एवं सीडीओ के साथ ''बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ'' योजना के अंतर्गत बालिका विद्यालय की छात्राओं को स्पोर्ट्स लोअर टी-शर्ट वितरित किए। उन्होंने छात्राओं को शिक्षा एवं खेल गतिविधियों में सक्रिय सहभागिता के लिए प्रेरित करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना क

### प्रभारी मंत्री के निर्देशों के अनुपालन की नोडल अधिकारी ने की समीक्षा, दिए निर्देश

जनपद में शासन की प्राथमिकताओं, विकास कार्यों को गति देने के उद्देश्य से प्रभारी मंत्री के विगत जनपद भ्रमण एवं समीक्षा बैठक में दिए गए निर्देशों के अनुपालन की स्थिति की शुक्रवार को नोडल अधिकारी मिनिस्ती एस ने सभी जिला स्तरीय अधिकारियो के साथ विस्तृत समीक्षा की। बैठक का संचालन सीडीओ अभिषेक कुमार ने किया। कलेक्ट्रेट स्थित अटल सभागार में आयोजित बैठक के दौरान नोडल ने विभागवार प्रगति की बिंदुवार समीक्षा करते हुए स्पष्ट निर्देश दिए कि सभी लंबित कार्यों का समयबद्ध, गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि शासन की मंशानुरूप प्रत्येक निर्देश का धरातल पर प्रभावी क्रियान्वयन प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। नोडल ने निर्देश दिए कि जिन विभागों के अधीन विभागीय बजट से विद्यालय संचालित हैं, वे विद्यालयों में उपलब्ध संसाधनों, बजट एवं आवश्यकताओं का विस्तृत विवरण तैयार करें। इन सूचनाओं की जिला स्तर पर सीडीओ की अध्यक्षता में नियमित समीक्षा की जाए, ताकि वास्तविक जरूरतों का आकलन कर समयबद्ध समाधान सुनिश्चित किया जा सके। नोडल ने स्पष्ट किया कि इस प्रक्रिया का उद्देश्य विद्यालयों में आधारभूत सुविधाओं की कमी को चिन्हित कर उनका प्रभावी निस्तारण सुनिश्चित करना है।

# वीएचएसएनडी सत्र में मिली एक्सपायर वैक्सीन, डीएम ने कार्रवाई के दिए निर्देश



कैनविज टाइम्स संवाददाता

सीतापुर। जिलाधिकारी डा. राजागणपति आर0 ने आज ग्राम पंचायत बघैया, विकास खण्ड बिसवां के पंचायत भवन में संचालित वी0एच0एस0एन0डी0 सत्र का औचक निरीक्षण कर व्यवस्थाएं देखीं। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने ए0एन0एम0 से वार्ता करते हुये एच0आर0पी0, गर्भवती महिला, सैम एवं मैम के ट्रैगिंग रजिस्टर का अवलोकन किया। वी0एच0एस0एन0डी0 सत्र के दौरान पंचायत भवन में आयी हुयी महिला से बच्चे के टीकाकरण संबंधी जानकारी प्राप्त की। सत्र के दौरान जिलाधिकारी ने गभर्वती महिला के रजिस्टर का अवलोकन करते हुये पाया कि 13 महिला गर्भवती है, उनके टीकाकरण की स्थिति के बारे में संबंधित से जानकारी प्राप्त की। आईस बाक्स का गहनतापूर्वक अवलोकन करते हुये वैक्सीनेशन किट को देखा, जिसमें घनघोर लापरवाही के दृष्टिगत वैक्सीन एक्सपायर पाये जाने पर ए0एन0एम0 पर अनुशासनिक कार्यवाही करने के निर्देश जिलाधिकारी ने दिये। साथ ही ड्यू लिस्ट का भी अवलोकन किया। निरीक्षण के दौरान मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ0 सुखरंजन समद्दर उपस्थित रहे।

# जनसामान्य की शिकायतों के त्वरित निस्तारण के लिये जनपद की तीनों तहसीलों में आयोजित हुआ संपूर्ण समाधान दिवस

❐ जिलाधिकारी की अध्यक्षता में तहसील सभागार चंदौसी में आयोजित हुआ सम्पूर्ण समाधान दिवस

❐ अगर कोई भी ठियाबंदी उखाड़ने का कार्य करे तो पुलिस एवं राजस्व की टीम मिलकर उसके विरुद्ध एफआईआर के साथ-साथ ठोस से ठोस कार्यवाही करना करें सुनिश्चित: जिलाधिकारी

कैनविज टाइम्स संवाददाता

संभल, बहजोई। जनसामान्य की शिकायतों के त्वरित निस्तारण के उद्देश्य से आज जनपद की तीनों तहसीलों में संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। जिलाधिकारी अंकित खण्डेलवाल की अध्यक्षता में तहसील चंदौसी के सभागार में संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया।

संपूर्ण समाधान दिवस में जिलाधिकारी ने शिकायतकर्ताओं की समस्या सुनकर मौके पर अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि शिकायतें लंबित न रखी जायें, शिकायतों को गम्भीरता से लिया जाये। आज तहसील चंदौसी में आए प्रार्थना पत्रों को लेकर जिलाधिकारी ने कहा कि समस्त शिकायती पत्रों को संज्ञान में लेते हुए संबंधित अधिकारी गंभीरता पूर्वक एवं गुणवत्तापूर्ण शत प्रतिशत निस्तारण करना सुनिश्चित करें। शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण एवं शीघ्र निस्तारण निचले स्तर पर ही सुनिश्चित किया जाए। जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि अगर कोई भी ठियाबंदी उखाड़ने का कार्य करे तो उसके विरुद्ध एफआईआर दर्ज कराते हुए पावंद सहित ठोस से ठोस कार्यवाही करना सुनिश्चित किया जाए। जिलाधिकारी ने सम्पूर्ण समाधान दिवस में अनुपस्थित रहने वाले अधिकारियों का एक दिन का वेतन काटने एवं स्पष्टीकरण जारी करने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी द्वारा धारा 24 की लंबित पत्रावलियों का शीघ्र निस्तारण करने के निर्देश दिए।

सहकारी समितियों पर पर्याप्त मात्रा में खाद उपलब्ध रहे उसको लेकर भी संबंधित अधिकारी को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। चक रोड एवं सरकारी तालाब से अवैध कब्जा हटाने के लिए राजस्व एवं पुलिस की संयुक्त टीम बनाकर कार्यवाही करने के निर्देश दिए। विनियमित क्षेत्र के अन्तर्गत अवैध प्लॉटिंग को हटवाने के लिए संबंधित को निर्देशित किया। विवादित विरासत एवं अंश निर्धारण को लेकर भी आवश्यक दिशा निर्देश दिए। सम्पूर्ण समाधान दिवस के अन्तर्गत आने वाली समस्याओं की आख्या समय से आयें उसको लेकर भी संबंधित को निर्देशित किया। चंदौसी तहसील के अन्तर्गत आने वाली नगर पालिका एवं नगर पंचायत के संबंधित अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि नगर क्षेत्र में एक अभियान चलाते हुए साफ सफाई सुनिश्चित की जाए।

टीम बनाकर साफ सफाई का कार्य सुनिश्चित किया जाए। नगर की सीमा रेखा से जुड़े क्षेत्र में साफ सफाई को लेकर विकासखण्ड से संबंधित अधिकारी को निर्देशित किया। साफ सफाई के जिओ टैग फोटो भी संबंधित व्हाट्सएप ग्रुप पर प्रेषित किये जाएं। मौलागढ में जलभराव की समस्या की शीघ्र निस्तारण करने को लेकर भी संबंधित को आवश्यक दिशा निर्देश दिए।नगर क्षेत्रों में सड़कों के किनारे कचरा न दिखे यह भी सुनिश्चित किया जाए।

# आमजन की शिकायतों का समयबद्ध निस्तारण करें अधिकारी: डीएम

❐ जिलाधिकारी ने कहा कि शिकायतों के निस्तारण में शिकायतकर्ता की संतुष्टि आवश्यक है इसका विशेष ध्यान रखा जाए

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बदायूँ। जिलाधिकारी अवनीश राय ने शनिवार को तहसील बिसौली में आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस की अध्यक्षता करते हुए अधिकारियों को आमजन की समस्याओं का गुणवत्तापरक व समयबद्ध निस्तारण करने के निर्देश दिए। इस अवसर पर कुल 34 शिकायती व प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए जिनमें से 02 का मौके पर निस्तारण कर दिया गया शेष 32 के समयबद्ध निस्तारण के निर्देश संबंधित विभागीय अधिकारियों को दिए गए।

जिलाधिकारी ने अधिकारियों से कहा कि आमजन की शिकायतों का निस्तारण शासन की प्राथमिकताओं में है अधिकारी समस्त प्राप्त शिकायतों को गंभीरतापूर्वक लेते हुए उनका गुणवत्तापरक व समयबद्ध निस्तारण करना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि शासन स्तर से भी संपूर्ण समाधान दिवस में प्राप्त शिकायतों के निस्तारण के संबंध में फीडबैक लिया जाता है। शिकायतों के निस्तारण में शिकायतकर्ता की संतुष्टि आवश्यक है इसका विशेष ध्यान रखा जाए। उन्होंने कहा कि भूमि विवाद से संबंधित मामलों के निस्तारण के लिए राजस्व व पुलिस विभाग की संयुक्त टीम मौके पर जाकर शिकायतों का निस्तारण करना सुनिश्चित करें, निस्तारण के समय की फोटोग्राफी भी कराई जाए तथा अगर नियमानुसार किसी शिकायत का निस्तारण नहीं किया जा सकता है तो शिकायतकर्ता को इस बात की जानकारी भी दी जाए। संपूर्ण समाधान दिवस के अवसर पर प्राप्त कुल 34 शिकायतों में से 02 का मौके पर निस्तारण कर दिया गया तथा शेष 32 के गुणवत्तापरक निस्तारण के निर्देश संबंधित विभागीय अधिकारियों को दिए गए। प्राप्त शिकायती व प्रार्थना पत्रों में राजस्व विभाग की 08, पुलिस विभाग के 09, विकास विभाग की 02, समाज कल्याण विभाग की 01, विद्युत विभाग की 02 व अन्य विभागों से संबंधित कुल 12 शिकायती व प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए जिनमें से विद्युत विभाग की 02 शिकायतों का मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया, शेष 32 शिकायती पत्रों के निस्तारण के निर्देश संबंधित विभागीय अधिकारियों को दिए गए। इस अवसर पर वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अंकिता शर्मा सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

## चौराहे के पास मिला शव, पुलिस बता रही एक्सीडेंट

बदायूँ। बिल्सी कस्बे में शनिवार तड़के अम्बियापुर चौराहे के पास 15 वर्षीय किशोर का शव पड़ा मिला। वह साहिबगंज निवासी रमेश किरारी का पुत्र था। उसकी मौत की वजह पुलिस एक्सीडेंट मान रही है।वहीं पुलिस पहलू पर जांच में जुटी है। आपको बता दें कि बिल्सी कस्बे में शनिवार तड़के करीब चार बजे सनसनी फैल गई, जब अशोक सम्राट चौक के पास 15 वर्षीय किशोर का शव पड़ा मिला। शव मिलने की सूचना पर लोगों की भीड़ जमा हो गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने जांच की। मृतक की पहचान साहिबगंज निवासी रमेश किरारी के पुत्र सत्यम के रूप में हुई है ।परिजनों के अनुसार सत्यम की मानसिक स्थिति ठीक नहीं रहती थी। मृतक के पिता रमेश किरारी ने बताया कि उन्हें एक अज्ञात व्यक्ति ने फोन पर सूचना दी कि उनके बेटे का शव अम्बियापुर चौराहे के पास पड़ा हुआ है। सूचना मिलते ही परिवार के लोग मौके पर पहुंचे, जहां बेटे का शव देखकर उनके होश उड़ गए। वहीं बिल्सी के क्राइम इंस्पेक्टर में बताया कि शव मिलने की सूचना पर पुलिस ने मौके पर पहुंच जांच की है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही सच सामने आएगा। वहीं जांच एक्सीडेंट पुष्टि हुई है।

# सिविल लाइन क्षेत्र के मंदिर परिसर में पेड़ पर फंदे से लटका मिला पुजारी का शव, हत्या का आरोप

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बदायूं। थाना सिविल लाइंस क्षेत्र में क्राइम कम होने का नाम नहीं ले रहा, वही मृतक के भाई ने हत्या का आरोप लगाया है, आपको बता दें कि एक मंदिर के पुजारी का शव परिसर में पेड़ पर फंदे से लटका मिला। उनके भाई ने हत्या का आरोप लगाया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। वहीं थाना सिविल लाइंस क्षेत्र के गांव सोवरनपुर के बाहर मुख्य मार्ग स्थित ब्रह्मदेव मंदिर में शनिवार सुबह पुजारी चंद्रपाल का शव मंदिर परिसर में पेड़ पर फंदे से लटका मिला, जिससे क्षेत्र में सनसनी फैल गई। घटना की सूचना मिलते ही ग्रामीणों की भीड़ मंदिर परिसर में जुट गई। मृतक के तहेरे भाई सत्यदेव ने आरोप लगाया कि चंद्रपाल पिछले करीब 20 वर्षों से मंदिर की सेवा, देखरेख और पूजा-अर्चना कर रहे थे। उनका कहना है कि शुक्रवार देर रात किसी ने उनकी हत्या कर शव को फांसी के फंदे पर लटका दिया। चंद्रपाल अपने पीछे दो पुत्र और दो पुत्रियां छोड़ गए हैं। उनकी दोनों पुत्रियों का विवाह हो चुका है। बड़े पुत्र नीलकमल भी विवाहित हैं, जबकि छोटे पुत्र हेमंत कमल अविवाहित हैं। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा भर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुजारी की संदिग्ध परिस्थितियों में हुई मौत से क्षेत्र में शोक और आक्रोश का माहौल है। वहीं मामले में क्राइम रिपोर्टर नें सिविल लाइन इंस्पेक्टर सें जानकारी लेने की कोशिश की तो उन्होंने फोन नहीं उठाया।

# जिलाधिकारी ने प्राचीन मनोकामना मंदिर श्री बाँके बिहारी एवं माँ गंगा मंदिर का किया भ्रमण, विकास कार्य को लेकर दिये निर्देश

❐ निर्माणाधीन स्टेडियम का निरीक्षण कर कार्यों में तेजी लाने तथा समन्वय स्थापित करने के दिए निर्देश

कैनविज टाइम्स संवाददाता

सम्भल, बहजोई। जिलाधिकारी अंकित खण्डेलवाल द्वारा विकासखण्ड बनियाखेड़ा के ग्राम गणेशपुर में वर्ष 1884 में स्थापित प्राचीन मनोकामना मंदिर श्री बाँकेबिहारी जी का भ्रमण किया गया। इस दौरान उन्होंने श्री बाँकेबिहारी जी एवं माँ गंगा मंदिर में दर्शन-पूजन किया तथा मंदिर परिसर स्थित जलकुंड का निरीक्षण किया।

जिलाधिकारी ने प्राचीन मंदिर को विकसित कर श्रद्धालुओं की आस्था का प्रमुख केंद्र बनाने तथा मंदिर के समुचित रखरखाव के लिए एक समिति गठित किए जाने के संबंध में संबंधित को आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि धार्मिक एवं ऐतिहासिक महत्व के स्थलों का संरक्षण एवं विकास प्राथमिकता के आधार पर किया जाए। इसके उपरांत जिलाधिकारी चन्दौसी स्थित गणेश मंदिर पहुंचे, जहां उन्होंने भगवान गणेश जी के दर्शन किए तथा वहां स्थापित विशाल प्रतिमा का अवलोकन किया।

तत्पश्चात जिलाधिकारी ने चन्दौसी-बहजोई रोड स्थित ग्राम भरतरा में खेल विभाग के अन्तर्गत निर्माणाधीन स्टेडियम का निरीक्षण किया। उन्होंने कार्यदायी संस्था यूपी प्रोजेक्ट कॉरपोरेशन से निर्माण कार्य की प्रगति के संबंध में जानकारी प्राप्त की तथा स्टेडियम के मानचित्र का अवलोकन किया।

निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने स्टेडियम तक पहुंच मार्ग के संबंध में रेलवे विभाग के साथ समन्वय स्थापित कर आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिए। साथ ही विद्युत तारों की शिफ्टिंग के संबंध में विद्युत विभाग के अधिकारियों के साथ समन्वय बनाते हुए संबंधित कार्यों का शीघ्र निस्तारण सुनिश्चित कराने के निर्देश भी दिए। इस अवसर पर उपजिलाधिकारी चन्दौसी नीतू रानी, तहसीलदार रविन्द्र विक्रम, उप क्रीड़ा अधिकारी प्रमिला भारती तथा संबंधित अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

## चंदौसी के तहसील सभागार आयोजित हुआ सम्पूर्ण समाधान दिवस

**सम्भल, बहजोई, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** चंदौसी के तहसील सभागार चंदौसी में जिलाधिकारी अंकित खण्डेलवाल की अध्यक्षता में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। समाधान दिवस के अन्तर्गत चकबंदी अधिकार राजेश द्वारा गुटखा खाने पर जिलाधिकारी ने नाराजगी व्यक्त करते हुए सिगरेट और अन्य तम्बाकू उत्पाद ( विज्ञापन निषेध तथा व्यापार एवं वाणिज्य उत्पादन प्रदाय और वितरण का विनियमन ) अधिनियम 2003 के अन्तर्गत जुर्माना लगाने के निर्देश संबंधित अधिकारी को दिये गये। जिला तम्बाकू नियंत्रण प्रकोष्ठ के नोडल अधिकारी डॉ मनमोहन शर्मा द्वारा तत्काल कार्यवाही करते हुए सिगरेट और अन्य तम्बाकू उत्पाद अधिनियम 2003 के अन्तर्गत ?200 का जुर्माना लगाया गया। जिलाधिकारी ने सख्त आदेश देते हुए कहा कि सार्वजनिक स्थलों पर सिगरेट एवं अन्य तम्बाकू उत्पादों का उपभोग करने पर नियमानुसार कार्यवाही सुनिश्चित की जाए।

## ट्रेन से कटकर पिता-पुत्र की मौत

**देवरिया,कैनविज टाइम्स संवाददाता ।** गौरीबाजार थाना क्षेत्र के रहने वाले श्रवण जायसवाल (55) और उनके पुत्र राकेश जायसवाल (26) की ट्रेन की चपेट में आने से मौत हो गई। क्षेत्राधिकारी रुद्रपुर सतेन्द्र राय ने बताया कि 19 जून की रात करीब 11 बजे दोनों कपड़े खरीदने के लिए चौरी-चौरा गए थे। इसी दौरान दोनों के बीच किसी बात को लेकर कहासुनी हो गई। उन्होंने बताया कि जील मोटेल के पीछे रेलवे ट्रैक पर पहुंचने के दौरान दोनों ट्रेन की चपेट में आ गए, जिससे मौके पर ही उनकी मौत हो गई।सूचना मिलते ही मौके पर पुलिस ने शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मौके पर फोरेंसिक टीम द्वारा साक्ष्य संकलन की कार्रवाई की जा रही है। पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

## दहेज हत्या के चार दोषियों को आजीवन कारावास

**मीरजापुर, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** उत्तर प्रदेश के मीरजापुर जिले में लगभग 12 वर्ष पुराने दहेज हत्या के मामले में शनिवार को अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश/विशेष न्यायाधीश (एससी/एसटी एक्ट) ऋचा जोशी की अदालत ने चार दोषियों को आजीवन सश्रम कारावास की सजा सुनाई है। न्यायालय ने सभी दोषियों पर कुल 32 हजार रुपये का अर्थदंड भी लगाया है। अर्थदंड अदा न करने पर तीन माह का अतिरिक्त कारावास भुगतना होगा। अभियोजन के अनुसार, 20 नवंबर 2014 को चुनार थाना क्षेत्र के मड़ई मड़फा निवासी ओम प्रकाश ने कोतवाली देहात थाने में तहरीर देकर आरोप लगाया था कि उसकी बहन की दहेज की मांग को लेकर हत्या कर दी गई है। तहरीर के आधार पर पुलिस ने दहेज हत्या और दहेज प्रतिषेध अधिनियम की धाराओं में मुकदमा दर्ज कर विवेचना शुरू की थी। जांच के दौरान साक्ष्य संकलित कर आरोपितों के विरुद्ध आरोप पत्र न्यायालय में प्रस्तुत किया गया। सुनवाई के दौरान अभियोजन पक्ष ने गवाहों एवं साक्ष्यों के आधार पर अपना पक्ष रखा, जिसे न्यायालय ने पर्याप्त माना। सुनवाई पूरी होने के बाद न्यायालय ने ग्राम बरकछा, थाना कोतवाली देहात निवासी दिनेश, नारायण, धनपत्ती और सुरेश को दोषी पाते हुए आजीवन सश्रम कारावास तथा अर्थदंड की सजा सुनाई। अभियोजन पक्ष की ओर से एडीजीसी उदय प्रताप सिंह ने पैरवी की। मामले की विवेचना तत्कालीन क्षेत्राधिकारी सदर सर्वजीत साही ने की थी।

# प्रदर्शनी के अंतिम दिन रही भारी भीड़, आगंतुकों में दिखा भारी उत्साह

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बदायूँ। केंद्र सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर केंद्र एवं प्रदेश सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं, कार्यक्रमों तथा उपलब्धियों पर आधारित डायट परिसर में आयोजित चार दिवसीय प्रदर्शनी के चौथे व अंतिम दिन बड़ी संख्या में लोगों ने पहुंचकर विभिन्न योजनाओं की जानकारी प्राप्त की। जनप्रतिनिधियों, विभिन्न योजनाओं के लाभार्थियों आदि ने सेल्फी प्वाइंट पर तस्वीरें लेकर पलों को यादगार बनाया।

उल्लेखनीय है कि बुधवार को जनपद के प्रभारी मंत्री एवं प्रदेश सरकार में राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) वन एवं पर्यावरण डॉ. अरुण कुमार सक्सेना ने प्रदर्शनी का उद्घाटन किया था। प्रदर्शनी में पहले दिन से ही आगंतुकों में सरकार की योजनाएं जानने के लिए भारी उत्साह देखा गया, यह सरकार की बढ़ती लोकप्रियता का घोतक है। शनिवार को जनप्रतिनिधियों, युवाओं, विभिन्न योजनाओं के लाभार्थियों,अधिकारियों कर्मचारियों व गणमान्य नागरिकों ने प्रदर्शनी का अवलोकन किया। उन्होंने विभिन्न योजनाओं की विस्तृत जानकारी प्राप्त करते हुए कहा कि वे स्वयं भी इन योजनाओं का लाभ लेने तथा अपने परिचितों, रिश्तेदारों एवं ग्रामीणों को इनके प्रति जागरूक करने का कार्य करेंगे। आगंतुकों ने कहा कि सरकार बिना किसी भेदभाव के पात्र व्यक्तियों तक योजनाओं का लाभ पहुंचा रही है। प्रदर्शनी में केंद्र एवं राज्य सरकार की अनेक लाभार्थीपरक तथा जनहितकारी योजनाओं को आकर्षक ढंग से प्रदर्शित किया गया है। केंद्र सरकार की योजनाओं में स्टार्टअप, मुद्रा योजना, प्रधानमंत्री आयुष्मान भारत योजना, प्रधानमंत्री जनधन योजना, महिला सशक्तिकरण संबंधी योजनाएं, प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना तथा निःशुल्क खाद्यान्न वितरण जैसी योजनाएं शामिल हैं। वहीं राज्य सरकार की मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना, मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना सहित विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं को भी प्रभावी ढंग से प्रदर्शित किया गया है। प्रदर्शनी का आयोजन सूचना एवं जनसंपर्क विभाग, उत्तर प्रदेश द्वारा किया गया।

## बाजार में तमंचा लहराने का वीडियो वायरल, गिरफ्तार

बदायूँ। कुंवरगांव थाना क्षेत्र के खासपुर गांव निवासी मक्कन का सोशल मीडिया पर वीडियो वायरल हो रहा है, जिसमें वह कासिमपुर साप्ताहिक बाजार से पौनिया (तमंचा) लेकर घूमता दिख रहा है। किसी के कुछ कहने पर पौनिया दिखा कर डरा रहा है। पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर लिया। बताया जा रहा है कि मक्कन एक महिला के घर में पौनिया लेकर पहुंच गया था। उस समय महिला का पति घर पर नहीं था। महिला के शोर मचाने पर ग्रामीण मौके पर जुट गए। आरोप है कि मक्कन नशे की हालत में वहां से भागकर कासिमपुर के मछली बाजार पहुंच गया। हाथ में पौनिया देख बाजार में अफरा-तफरी मच गई। एक युवक ने उसका वीडियो बनाया तो उसने पौनिया उस पर तान दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने काफी देर चले हंगामे के बाद आरोपी को मौके से गिरफ्तार कर लिया। इस घटना का वीडियो भी सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है, जिसमें आरोपी हाथ में अवैध पौनिया लेकर बाजार में घूमता नजर आ रहा है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# डीएम ने डलमऊ गंगा घाट का किया स्थलीय निरीक्षण

❐ व्यवस्थाओं को सुदृढ़ करने के दिये निर्देश

कैनविज टाइम्स संवाददाता



रायबरेली । जिलाधिकारी सरनीत कौर ब्रोका ने पर्यटन विभाग द्वारा डलमऊ गंगा घाट में निर्माणाधीन 50 मी0 घाट का स्थलीय निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने घाट पर साफ-सफाई, सुरक्षा व्यवस्था, पेयजल, प्रकाश व्यवस्था एवं अन्य मूलभूत सुविधाओं का गहनता से अवलोकन किया तथा संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

जिलाधिकारी ने घाट परिसर में स्वच्छता व्यवस्था को और बेहतर बनाने के निर्देश देते हुए कहा कि गंगा घाट पर प्रतिदिन बड़ी संख्या में श्रद्धालु एवं स्थानीय नागरिक आते हैं, ऐसे में स्वच्छता एवं सुव्यवस्था बनाए रखना अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने नगर पंचायत एवं संबंधित विभागों को नियमित साफ-सफाई सुनिश्चित करने तथा कूड़ा निस्तारण की प्रभावी व्यवस्था करने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान उन्होंने सुरक्षा के दृष्टिगत घाट पर पर्याप्त बैरिकेडिंग, चेतावनी संकेतक (साइन बोर्ड) एवं गोताखोरों की उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए, जिससे किसी भी प्रकार की दुर्घटना से बचाव किया जा सके। उन्होंने कहा कि वर्षा ऋतु एवं जलस्तर बढ़ने की स्थिति में विशेष सतर्कता बरती जाए। जिलाधिकारी ने प्रकाश व्यवस्था का निरीक्षण करते हुए निर्देशित किया कि घाट क्षेत्र में सभी हाईमास्ट लाइट एवं स्ट्रीट लाइट पूर्ण रूप से क्रियाशील रहें, ताकि रात्रि के समय भी श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो। इस मौके पर जिला पर्यटन अधिकारी तनुजा यादव, तहसीलदार डलमऊ मंजरी सिंह, थानाध्यक्ष डलमऊ राघवन सिंह, अधिशासी अधिकारी नगर पंचायत डलमऊ सच्चिदानन्द सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

## सेवा और संवेदना की मिसाल बना सेवार्थम फाउंडेशन, बेटियों की शादी में किया सहयोग



**चांदा, सुल्तानपुरकैनविज टाइम्स संवाददाता ।** समाज के कमजोर और जरूरतमंद परिवारों के सहयोग के लिए लगातार कार्य कर रहा सेवार्थम फाउंडेशन एक बार फिर मददगार बनकर सामने आया है। फाउंडेशन ने क्षेत्र के दो परिवारों की बेटियों के विवाह में आर्थिक सहायता एवं आवश्यक सामग्री उपलब कराकर सामाजिक जिम्मेदारी निभाई। चांदा क्षेत्र के मनीपुर गांव स्थित यादव बस्ती में एक जरूरतमंद परिवार की बेटी के विवाह के लिए सेवार्थम फाउंडेशन की ओर से 11 हजार रुपये की आर्थिक सहायता प्रदान की गई। वहीं मल्हीपुर गांव की निषाद बस्ती निवासी अनिल निषाद के परिवार में बेटी के विवाह के अवसर पर 21 हजार रुपये की आर्थिक सहायता के साथ अलमारी भेंट की गई।इस अवसर पर फाउंडेशन के पदाधिकारियों ने कहा कि बेटियों की शादी हर परिवार के लिए खुशी का पल होता है, लेकिन आर्थिक कठिनाइयों के कारण कई परिवारों को परेशानियों का सामना करना पड़ता है। ऐसे परिवारों की मदद करना ही संस्था का उद्देश्य है। फाउंडेशन के सेवा कार्यों का नेतृत्व ड. आशीष तिवारी के मार्गदर्शन में किया जा रहा है। उन्होंने समाज के सक्षम लोगों से जरूरतमंद परिवारों की सहायता के लिए आगे आने की अपील की।स्थानीय ग्रामीणों ने सेवार्थम फाउंडेशन के इस प्रयास की सराहना करते हुए कहा कि संस्था लगातार गरीब, असहाय और जरूरतमंद लोगों की मदद कर समाज में सेवा और सहयोग की भावना को मजबूत कर रही है। संस्था के इस सहयोग से दोनों परिवारों को बड़ी राहत मिली है।

# ऐतिहासिक गोरखगिरि पर्वत पर मुख्यमंत्री योगी करेंगे पूजा, बुंदेलों को मिलेगी विकास की सौगात

कैनविज टाइम्स संवाददाता

महोबा । उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ 21 जून रविवार को बुंदेलखंड की वीरभूमि महोबा जनपद पहुंचेंगे। जहां गुरु गोरखनाथ की ऐतिहासिक तपोभूमि गोरखगिरि पर्वत पर पूजा-अर्चना करेंगे और बुंदेलखंड को विकास की कई सौगातें देंगे। रणनीतिक तौर पर योगी का यह दौरा बुंदेलखंड के लिए महत्वपूर्ण माना जा रहा है। मुख्यमंत्री के दौरे को लेकर जिला प्रशासन अलर्ट मोड पर है और सुरक्षा के भी पुख्ता बंदोबस्त किए गए हैं।

योगी आदित्यनाथ के महोबा जनपद आगमन को लेकर प्रस्तावित कार्यक्रम का प्रोटोकॉल जारी हो चुका है। जिसके अनुसार सीएम हेलीकॉप्टर से झांसी से सुबह 10 बजकर 35 मिनट पर महोबा मोदी ग्राम पहुंचेंगे। जहां से उनका काफिला कड़ी सुरक्षा में सड़क मार्ग से गोरखगिरि तलहटी में पहुंचकर सिद्ध बाबा की पूजा अर्चना कर पर्वत में चल रहे विकास कार्यों की समीक्षा करेंगे। जिसके बाद कार्यक्रम स्थल मोदी ग्राम में जिले की सदर और चरखारी विधानसभा में चल रहे विकास कार्यों का लोकार्पण एवं शिलान्यास करेंगे।

बुंदेलखंड की धरती में विंध्य पर्वत श्रृंखलाओं की गोद में स्थित ऐतिहासिक गोरखगिरि पर्वत बुंदेलों की आस्था का केंद्र है। 11वीं-12वीं शताब्दी में नाथ संप्रदाय के गुरु गुरु गोरखनाथ ने इसे अपनी तपोस्थली बनाया और यहां वर्षों तक तपस्या की, जिससे इस पर्वत नाम ही गोरखगिरि पड़ा। नाथ संप्रदाय से जुड़े योगी आदित्यनाथ अपने प्रणेता गुरु की तपोस्थली पर मत्था टेककर बुंदेलखंड और देश की खुशहाली के लिए प्रार्थना करेंगे। रामकुंड स्थित उमंगेश्वर द्वादश ज्योर्तिलंग मंदिर के महंत शिव किशोर पाण्डेय ने बताया कि त्रेता युग में वनवास काल के दौरान भगवान श्री राम ने चित्रकूट प्रवास के दौरान यहां आराधना की है, सिद्ध बाबा की गुफा के बगल में स्थित सीता रसोई इसका प्रमाण है। गोरखगिरि पर गुरु गोरखनाथ की 51 फीट ऊंची प्रतिमा भी प्रस्तावित है। तो वहीं सिद्ध बाबा के लिए बन रहा रोप वे अधर में लटक गया है।

# डीएम-एसपी ने डलमऊ कैनाल पम्प हाउस का किया निरीक्षण

❐ किसानों की सिंचाई व्यवस्था सुदृढ़ करने के दिए निर्देश

कैनविज टाइम्स संवाददाता



रायबरेली। जिलाधिकारी सरनीत कौर ब्रोका व पुलिस अधीक्षक रवि कुमार ने आज डलमऊ पम्प कैनाल के अंतर्गत स्थित पम्प हाउस का स्थलीय निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने पम्पों के संचालन की स्थिति का जायजा लिया, जहां मौके पर 10 पम्प संचालित पाए गए। जिलाधिकारी ने पम्पों की कार्यक्षमता एवं संचालन व्यवस्था पर संतोष व्यक्त करते हुए इसे निरंतर सुचारू रूप से संचालित रखने के निर्देश दिए।

निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने सिंचाई व्यवस्था की समीक्षा करते हुए संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि किसानों को समय से एवं पर्याप्त मात्रा में सिंचाई हेतु पानी उपलब्ध कराया जाए। उन्होंने स्पष्ट रूप से कहा कि वर्तमान मौसम एवं कृषि कार्यों को दृष्टिगत रखते हुए किसी भी स्थिति में सिंचाई व्यवस्था बाधित नहीं होनी चाहिए। तहसील दिवस में प्राप्त शिकायत का संज्ञान लेते हुए जिलाधिकारी ने सिंचाई विभाग के अधिशासी अभियंता को निर्देशित किया कि डलमऊ पम्प कैनाल के माध्यम से किसानों के खेतों तक शीघ्र पानी छोड़ा जाना सुनिश्चित किया जाए, जिससे किसानों को किसी प्रकार की असुविधा न है इसके पश्चात जिलाधिकारी ने सिंचाई विभाग के निरीक्षण भवन का भी निरीक्षण किया तथा उसकी व्यवस्थाओं का जायजा लेते हुए आवश्यक सुधार हेतु निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि विभागीय परिसरों की साफ-सफाई एवं रख-रखाव भी महत्वपूर्ण है, इससे कार्यकुशलता में वृद्धि होती है। जिलाधिकारी ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि पम्प हाउस का नियमित निरीक्षण किया जाए तथा किसी भी प्रकार की तकनीकी खराबी या समस्या को तत्काल दूर किया जाए। साथ ही उन्होंने यह भी सुनिश्चित करने को कहा कि जल वितरण प्रणाली पारदर्शी एवं व्यवस्थित रहे, जिससे सभी किसानों को समान रूप से लाभ मिल सके। इस अवसर पर अधिशाषी अभियंता सिंचाई सुशील यादव, अधिशासी अभियंता शारदा सहायक खण्ड शाहनवाज, तहसीलदार डलमऊ मंजरी सिंह सिद्दीकी सहित सिंचाई विभाग के अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

## अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर सभी जन सेवा केन्द्रों में होगा सामूहिक योगाभ्यास
## प्राधानमंत्री के कार्यक्रम का होगा सीधा प्रसारण

**सुल्तानपुर, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस 2026 के अवसर पर उत्तर प्रदेश में जन सेवा केन्द्रों के माध्यम से व्यापक स्तर पर योग जागरूकता अभियान और सामूहिक योगाभ्यास कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य योग को जन-आंदोलन का स्वरूप देना तथा स्वस्थ, जागरूक और सशक्त समाज के निर्माण में जन सेवा केन्द्रों की भूमिका को और अधिक मजबूत बनाना है। कार्यक्रम के माध्यम से ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों के नागरिकों को योग के प्रति जागरूक किया जाएगा तथा उन्हें नियमित योगाभ्यास अपनाने के लिए प्रेरित किया जाएगा। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार सुबह 7 बजे से सभी जन सेवा केन्द्रों पर प्रधानमंत्री के अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस कार्यक्रम का सीधा प्रसारण किया जाएगा। इस दौरान स्थानीय नागरिक, जनप्रतिनिधि और गणमान्य लोग प्रधानमंत्री के संबोधन और कार्यक्रम का सामूहिक रूप से अवलोकन कर सकेंगे। सीधा प्रसारण समाप्त होने के बाद भारत सरकार द्वारा निर्धारित कमन योग प्रोटोकल के अनुसार सामूहिक योगाभ्यास कराया जाएगा। कार्यक्रम में जनप्रतिनिधियों, प्रशासनिक अधिकारियों, शिक्षण संस्थानों के प्रतिनिधियों, स्वयंसेवी संगठनों, युवाओं, महिलाओं और आम नागरिकों की सहभागिता सुनिश्चित की जाएगी। सीएससी उत्तर प्रदेश द्वारा सभी जन सेवा केन्द्र संचालकों को निर्देश दिए गए हैं कि वे अपने क्षेत्रों में अधिक से अधिक लोगों की भागीदारी सुनिश्चित करें। साथ ही कार्यक्रम का व्यापक प्रचार-प्रसार, फोटोग्राफी, वीडियोग्राफी तथा निर्धारित डिजिटल प्लेटफर्म पर समयबद्ध रिपोर्टिंग भी सुनिश्चित की जाएगी। सीएससी का डिजिटल नेटवर्क प्रदेश के दूरस्थ क्षेत्रों तक सरकारी सेवाओं को पहुँचाने के साथ-साथ सामाजिक जागरूकता और जनकल्याणकारी अभियानों को सफल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस 2026 का यह आयोजन भी इसी दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है, जिसका उद्देश्य योग को जन-जन तक पहुँचाकर स्वस्थ भारत के निर्माण में जनभागीदारी को मजबूत करना है।

# नौ केन्द्रों पर आज होगी नीट की परीक्षा,तैयारी पूरी

❒ नीट-यूजी परीक्षा के लिए जिले में कुल नौ केन्द्र बनाए गए हैं, केन्द्रों पर कुल 4013 परीक्षार्थी परीक्षा में शामिल होंग

कैनविज टाइम्स संवाददाता



गोंडा। राष्ट्रीय परीक्षण एजेंसी (एनटीए) की तरफ से आयोजित राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा (नीट-यूजी) 2026 की पुनर्परीक्षा 21 जून को जिले के नौ परीक्षा केंद्रों पर होगी। परीक्षा को लेकर सभी तैयारियां पूरी कर ली गई है।

सुरक्षा के भी व्यापक इंतजाम किए गए हैं। नीट-यूजी परीक्षा के लिए जिले में कुल नौ केन्द्र बनाए गए हैं, केन्द्रों पर कुल 4013 परीक्षार्थी परीक्षा में शामिल होंगे। परीक्षा परीक्षा दोपहर दो बजे से शाम 5:15 बजे तक होगी।अभ्यर्थियों को परीक्षा केंद्र में सुबह 11 बजे से दोपहर 1:30 बजे तक ही प्रवेश मिलेगा। दोपहर 1.30 बजे के बाद परीक्षार्थियों को परीक्षा कक्ष में प्रवेश नहीं दिया जाएगा।नीट-यूजी के लिए जिले के नौ विद्यालयों को केंद्र के रूप में चयनित किया गया है। इनमें शहीदे आजम सरदार भगत सिंह इंटर कॉलेज, श्री लाल बहादुर शास्त्री डिग्री कॉलेज का मुख्य परिसर, श्री लाल बहादुर शास्त्री डिग्री कॉलेज का विज्ञान परिसर,राजकीय बालि का इंटर कॉलेज, पीएम-श्री राजकीय इंटर कॉलेज, श्री गांधी इंटर कॉलेज (रेलवे कॉलोनी) राजकीय पॉलिटेक्निक (गोंडा), पीएम-श्री केंद्रीय विद्यालय (रेलवे कॉलोनी)और सरयू प्रसाद कन्या पाठशाला इंटर कॉलेज को परीक्षा केंद्र बनाया गया है।जिला धिकारी प्रियंका निरंजन ने परीक्षा की गोपनीयता और पारदर्शिता बनाए रखने के लिए सभी निर्धा रित मानकों व दिशा-निर्देशों का कड़ाई से पालन करने के निर्देश दिए हैं। जिला, मंडल और प्रदेश स्तरीय अधिकारी लगातार परीक्षा केंद्रों का निरी क्षण कर रहे हैं।नीट यूजी परीक्षा के लिए 9 सेक्टर मजिस्ट्रेट, 9 स्टेटिक मजिस्ट्रेट, 500 से अधिक क क्ष निरीक्षक और सैकड़ों पुलिसकर्मी तैनात किए गए हैं।सभी 9 परीक्षा केंद्रों पर पहले से लगे सीसी टीवी कैमरों के अतिरिक्त भी कैमरे लगाए गए हैं, ताकि नकलविहीन और विवाद रहित परीक्षा संप न्न कराई जा सके।जिले के सभी परीक्षा केंद्रों पर सुरक्षा एजेंसियों की भी कड़ी नजर रहेगी।

सभी परीक्षा केंद्र शहर में ही बनाए गए हैं, जिससे परीक्षार्थियों को आने-जाने में कोई असुविधा न हो।गोंडा के जिला विद्यालय अधीक्षक डॉ. राम चंद्र ने बताया कि सभी तैयारियां पूरी हैं और कक्ष निरीक्षकों को भी नकलविहीन परीक्षा संपन्न कराने के लिए विस्तृत निर्देश दिए गए हैं। प्रश्न पत्र परीक्षा शुरू होने से कुछ देर पहले ही गोपनीय तरीके से केंद्रों पर पहुंचाए जाएंगे।

# एसबीआई ने बढ़ाया किसानों की समृद्धि का कदम, स्मार्ट एग्री सम्मेलन में हुई चर्चा

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बहराइच। भारतीय स्टेट बैंक के क्षेत्रीय व्यवसाय कार्यालय बहराइच की ओर से कृषि क्षेत्र को बढ़ावा देने, किसानों एवं कृषि उद्यमियों को आधुनिक तकनीक और बैंकिंग सुविधाओं से जोड़ने के उद्देश्य से एसबीआई स्मार्ट एग्री कस्टमर सम्मेलन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आयोजन बहराइच के सीतापुर रोड स्थित लेजर रिजॉर्ट में किया गया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता भारतीय स्टेट बैंक लखनऊ के उप महाप्रबंधक (बीएंडओ) राघवेंद्र कुमार सिंह, क्षेत्रीय प्रबंधक विवेक कुमार सिंह एवं सहायक महाप्रबंधक (कृषि) अशोक सिंह ने की। सम्मेलन में कृषि क्षेत्र के आधुनिकीकरण, कृषि उद्यमिता और किसानों की आर्थिक सशक्तता पर विशेष चर्चा की गई। कार्यक्रम में बहराइच, बलरामपुर एवं श्रावस्ती जिलों के 60 से अधिक युवा कृषि उद्यमियों, एग्री-बिजनेस ग्राहकों, प्रगतिशील



किसानों एवं व्यापारियों ने प्रतिभाग किया।

इस अवसर पर भारतीय स्टेट बैंक की ओर से मुख्य प्रबंधक श्रद्धा शुक्ला, अभिषेक आस्थाना, अनूप रंजन, हिमांशु शुक्ला सहित बैंक के अन्य अधिकारी मौजूद रहे। कार्यक्रम में वक्ताओं ने कहा कि वर्ष 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाने में कृषि क्षेत्र की महत्वपूर्ण भूमिका होगी।किसानों से वैज्ञानिक खेती, आधुनिक तकनीकों और मूल्य संवर्धन आधारित कृषि व्यवसाय अपनाने की अपील की गई। क्षेत्रीय प्रबंधक विवेक कुमार सिंह ने कहा कि उत्तर प्रदेश को एक ट्रिलियन डॉलर अर्थव्यवस्था बनाने के लक्ष्य में बहराइच की महत्वपूर्ण भूमिका है। इसके लिए कृषि क्षेत्र को प्रमुख स्तंभ मानते हुए किसानों को कृषि मशीनीकरण, सोलर, कोल्ड स्टोरेज, आधुनिक वेयर हाउस, कृषि प्रसंस्करण इकाइयों एवं वैल्यू चेन आधारित कृषि व्यवसायों को अपनाने के लिए प्रेरित किया गया। बैंक अधिकारियों ने बताया कि भारतीय स्टेट बैंक किसानों और कृषि उद्यमियों के आर्थिक सशक्तिकरण के लिए प्रतिबद्ध है तथा कृषि विकास से जुड़ी योजनाओं के लिए ऋण एवं अन्य सुविधाएं उपलब्ध करा रहा है। कार्यक्रम का उद्देश्य किसानों को सशक्त बनाना, कृषि को आधुनिक दिशा देना और ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत करना रहा।

# तंबाकू मुक्त समाज के निर्माण में जनभागीदारी जरूरी : जिलाधिकारी

कैनविज टाइम्स संवाददाता



मुरादाबाद। जिलाधिकारी डॉ. राजेन्द्र पैंसिया के निर्देश पर तंबाकू नियंत्रण अभियान के तहत मई माह में 159 व्यक्तियों तथा जून माह में अब तक 190 व्यक्तियों पर जुर्माना लगाया गया है। वहीं सैकड़ों लोगों की काउंसलिंग कर निःशुल्क दवा उपलब्ध कराई गई। जिलाधिकारी ने कहा कि तंबाकू मुक्त समाज के निर्माण में जनभागीदारी जरूरी है।

जिलाधिकारी डॉ. राजेन्द्र पैंसिया ने जनपदवासियों से तंबाकू एवं धूम्रपान जैसी हानिकारक आदतों को छोड़कर स्वस्थ जीवनशैली अपनाने की अपील करते हुए कहा कि तंबाकू न केवल व्यक्ति के स्वास्थ्य को गंभीर रूप से प्रभावित करता है, बल्कि परिवार एवं समाज पर भी इसका प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है। उन्होंने कहा कि जनपद में राष्ट्रीय तंबाकू नियंत्रण कार्यक्रम के अंतर्गत निरंतर जागरूकता अभियान संचालित किए जा रहे हैं, जिनका उद्देश्य लोगों को तंबाकू सेवन के दुष्प्रभावों से अवगत कराना तथा उन्हें नशामुक्त जीवन की ओर प्रेरित करना है।

मुख्य चिकित्सा अधिकारी कार्यालय द्वारा उपलब्ध कराई गई जानकारी के अनुसार जनपद में तंबाकू नियंत्रण अभियान के अंतर्गत सार्वजनिक स्थलों पर धूम्रपान एवं कोटपा अधिनियम के उल्लंघन के विरुद्ध नियमित कार्रवाई की जा रही है। मई माह में 159 व्यक्तियों के विरुद्ध कार्रवाई करते हुए 14,897 रुपये का जुर्माना वसूला गया, जबकि इस माह में 20 जून तक 190 व्यक्तियों पर करीब 15,500 रुपये का जुर्माना लगाया जा चुका है। यह कार्रवाई तंबाकू नियंत्रण कानूनों के प्रभावी अनुपालन की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है।

जिला सलाहकार तम्बाकू नियंत्रण डॉ. प्रशांत राजपूत ने बताया कि दंडात्मक कार्रवाई के साथ-साथ लोगों को तंबाकू की लत से मुक्त कराने हेतु परामर्श एवं उपचार की भी व्यवस्था की गई है। मई माह में लगभग 150 तंबाकू सेवन करने वाले व्यक्तियों की काउंसलिंग कर उन्हें तंबाकू छोड़ने हेतु आवश्यक दवाएं निःशुल्क उपलब्ध कराई गईं। इसके अतिरिक्त स्वास्थ्य विभाग की टीमों द्वारा गांवों, शैक्षणिक संस्थानों एवं सार्वजनिक स्थलों पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित कर लोगों को तंबाकू सेवन से होने वाले कैंसर, हृदय रोग, श्वसन संबंधी बीमारियों तथा अन्य गंभीर स्वास्थ्य समस्याओं के प्रति जागरूक किया जा रहा है।

## शिवसेना ने स्थापना दिवस पर संगठन के उद्देश्यों और वर्तमान राजनीतिक परिदृश्य पर रखे विचार

सुलतानपुर। शिवसेना उत्तर प्रदेश इकाई की ओर से जारी प्रेस विज्ञप्ति में संगठन की स्थापना के उद्देश्य, सामाजिक सरोकारों और वर्तमान राजनीतिक परिस्थितियों पर अपने विचार व्यक्त किए गए। विज्ञप्ति के अनुसार शिवसेना की स्थापना 19 जून 1966 को स्वर्गीय बाला साहेब ठाकरे द्वारा भारतीय नागरिकों के अ‍ािकारों की रक्षा तथा सामाजिक हितों को आगे बढ़ाने के उद्देश्य से की गई थी।

विज्ञप्ति में कहा गया कि संगठन का मूल उद्देश्य सामाजिक हितों को राजनीतिक मंच पर उठाना और समाज के वंचित व पीड़ित वर्गों को न्याय दिलाने के लिए कार्य करना रहा है। संगठन ने दावा किया कि देश में समय-समय पर जाति, ‍र्म और विभिन्न राजनीतिक समीकरणों के अ‍ाार पर चुनावी राजनीति होती रही है, लेकिन शिवसेना सामाजिक न्याय और जनहित के मुद्दों को प्राथमिकता देती रही है। शिवसेना ने अपने वक्तव्य में छत्रपति शिवाजी महाराज के आदर्शों का उल्लेख करते हुए कहा कि संगठन स्वयं को समाज के कमजोर और उपेक्षित वर्गों के साथ खड़ा मानता है। विज्ञप्ति में यह भी कहा गया कि सामाजिक अ‍ािकारों और हितों की रक्षा के लिए संगठन निरंतर संघर्ष करता रहेगा।

# गंगा–जमुनी तहजीब को मजबूत करने की पहल

❒ मोहर्रम कमेटी और मंदिर कमेटी ने मिलकर की बैठक

कैनविज टाइम्स संवाददाता



नानपारा, बहराइच। मोहर्रम पर्व को आपसी भाईचारे, शांति और सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने को लेकर माधवदास मंदिर कमेटी एवं मोहर्रम कमेटी की संयुक्त बैठक आयोजित की गई। बैठक में दोनों समितियों के पदाधिकारियों ने आगामी मोहर्रम कार्यक्रमों की तैयारियों, व्यवस्थाओं और आपसी सहयोग को लेकर विस्तार से चर्चा की।

बैठक मोहर्रम कमेटी के अध्यक्ष नदीम चौधरी के निवास पर आयोजित हुई। इस दौरान मोहर्रम के अवसर पर सांतवी, आंठवी व दसवीं को निकलने वाले जुलूस, मार्ग व्यवस्था, सुरक्षा एवं अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं पर विचार-विमर्श किया गया। बैठक में मौजूद लोगों ने कहा कि क्षेत्र की गंगा-जमुनी तहजीब और आपसी भाईचारा ही समाज की पहचान है। सभी ने मिलकर मोहर्रम पर्व को शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न कराने तथा समाज में प्रेम, एकता और सद्भाव बनाए रखने का संकल्प लिया। दोनों समितियों के सदस्यों ने एक-दूसरे का सहयोग करने और किसी भी परिस्थिति में आपसी सौहार्द बनाए रखने का भरोसा दिलाया। इस मौके पर मोहर्रम कमेटी अध्यक्ष नदीम चौधरी, पत्रकार एवं समाजसेवी सत्य प्रकाश गुप्ता, आनन्द स्वरूप, सैय्यद अब्दुल वली, वीरेंद्र कुमार सिंह, राज कुमार गुप्ता, बंशीधर रस्तोगी, मोहम्मद रिजवान, श्याम बाबू, पंकज कुमार, अरशद रजा, गुलाम रसूल, अकील अहमद, मोहम्मद एखलाक सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

# हुसैन के साथ एक ईसाई वहेब कलबी ने भी शहादत पेशकी

कैनविज टाइम्स संवाददाता

सुल्तानपुर। चार मोहर्रम को हुसैनिया तुराबखानी में मौलाना सैयद अतहर अब्बास मुजफ्फरनगर ने पढ़ा कि कर्बला के मैदान में जब हज़रत इमाम हुसैन अलैहिस्सलाम को चारों तरफ से यजीदी फौज ने घेर लिया था तो उसी रास्ते से एक ईसाई जिसका नाम वहेब कलबी था वह शादी करके मां बीवी को साथ लेकर कर्बला के उसी रास्ते से गुजरा जहां पर हुसैन ठहरे हुए थे वहेब की मां ने हुसैन से पूछा आप कौन हैं कहां के रहने हुसैन ने कहा मैं रसूले खुदा का नेवासा हुसैन हूं मुझ से मेरा वतन छोड़ा या गया है

इतनी बड़ी फौज मुझे कत्ल करने पर आमादा है वहेब की मां ने बेटे को हुसैन के हवाले किया और मैदान में हुसैन की तरफ से शहादत पेश करने के लिए भेजा वहेब मैदान में आया जंग करते करते जब गिर पड़ा तो जालिमों ने सर काट कर मां की तरफ भेजा मां ने सर उठाकर फिर यजीदी फौज की तरफ भेजा और कहा हम जो राहें खुदा में कुर्बान कर देते हैं उसे वापस नहीं लेते यह जानकारी हैदर अब्बास खान अयक्ष हुसैनी शिया वेलफेयर एसोसिएशन सुल्तानपुर ने दी है।

# गोंडा जा रहे युवक पर चाकू से हमला, सीसीटीवी खगाल रही पुलिस

❒ घटना मांदे करमा गांव के बीच नहर पुलिया के पास हुई

कैनविज टाइम्स संवाददाता



गोंडा। जिले में एक युवक पर चाकू से हमला किया गया है।नगर कोतवाली क्षेत्र के उज्जैनी जमाल गां व निवासी राम नरायन मिश्रा पर आज शनिवार दोपहर घर से गोंडा आते समय रास्ते में हमला हुआ।उन्हें गंभीर हालत में गोंडा मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया है,जहां उनका इलाज चल रहा है।

घटना मांदे करमा गांव के बीच नहर पुलिया के पास हुई। राम नरायन मिश्रा के अनुसार घात लगा कर बैठे तीन लोगों ने उन पर लाठी-डंडों और चा कू से हमला किया।हमले में उनका हेलमेट भी टूट गया। सड़क किनारे पड़े राम नरायन को स्थानीय लोगों ने एंबुलेंस की मदद से अस्पताल पहुंचाया। राम नरायन मिश्रा ने आरोप लगाया है कि हमला वर उन्हें जान से मारना चाहते थे।उन्होंने यह भी बताया कि उनका बैंक से चल रहे लोन को लेकर पहले से विवाद है और उन्होंने बैंक कर्मचारियों पर ही हमला करवाने का आरोप लगाया है। नगर कोतवाली पुलिस इस पूरे मामले की गंभीरता से जांच कर रही है।नगर कोतवाल बिंदेश्वरी मणि त्रिपाठी ने बताया कि राम नरायन मिश्रा पहले भी बैंक वालों पर मुकदमा दर्ज करा चुके हैं।उन्होंने कहा कि सभी बिंदुओं पर जांच की जा रही है और जांच पूरी होने के बाद ही आगे की कार्रवाई की जाएगी।गोंडा मेडिकल कॉलेज में डॉक्टरों की टीम ने राम नरायन मिश्रा का इलाज किया है और उन की हालत फिलहाल स्थिर बताई जा रही है। इला ज होने के बाद परिजन ऑटो टेंपो के माध्यम से गोंडा नगर कोतवाली लेकर के पहुंचे हुए हैं जहां पूरे मामले में पुलिस से कार्रवाई की मांग कर रहे हैं पुलिस द्वारा इस पूरी घटना को लेकर के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरा को भी देखा जा रहा है।

# पीएम स्वनिधि योजना के छह वर्ष पूर्ण होने पर स्वनिधि महोत्सव सम्पन्न

❒ कार्यक्रम का शुभारंभ अपर जिलाधिकारी न्यायिक एवं परियोजना निदेशक डूडा अमृता सिंह द्वारा दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया

कैनविज टाइम्स संवाददाता

अमेठी। प्रधानमंत्री स्ट्रीट वेंडर्स आत्मनिर्भर निधि योजना के सफलतापूर्वक छह वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में जनपद अमेठी में भव्य एवं गरिमामय स्वनिधि महोत्सव का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ अपर जिलाधिकारी न्यायिक एवं परियोजना निदेशक डूडा अमृता सिंह द्वारा दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। महोत्सव का उददेश्य स्ट्रीट वेंडर्स को योजना की मुख्यधारा से जोड़ना, विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी उपलब्ध कराना तथा उनके आर्थिक एवं सामाजिक सशक्तिकरण को प्रोत्साहित करना था। कार्यक्रम आत्मनिर्भरता, वित्तीय



समावेशन एवं डिजिटल साक्षरता को बढ़ावा देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल साबित हुआ। कार्यक्रम के दौरान पीएम स्वनिधि योजना के अंतर्गत उत्कृष्ट कार्य करने वाले शहरी पथ विक्रेताओं को प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। इसके साथ ही डिजिटल लेन-देन में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले पथ विक्रेताओं तथा विभागीय कार्यों में उल्लेखनीय योगदान देने वाले कर्मचारियों को भी सम्मानित किया गया। महोत्सव में मुख्य अतिथि के रूप में नगर पंचायत अमेठी की अध्यक्षा अंजू कसौधन, नगर पंचायत मुसाफिरखाना के अध्यक्ष बृजेश अग्रहरि, अपर जिलाधिकारी न्यायिक परियोजना निदेशक डूडा अमृता सिंह, उपजिलाधिकारी गौरीगंज एवं परियोजना अधिकारी डूडा प्रीति तिवारी, सभासदगण तथा डूडा के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में स्ट्रीट वेंडर्स, स्वयं सहायता समूहों के प्रतिनिधि, नगर निकायों के अधिकारी एवं कर्मचारी शामिल हुए। उपस्थित वक्ताओं ने पीएम स्वनिधि योजना को पथ विक्रेताओं के आर्थिक सशक्तिकरण और आत्मनिर्भर भारत के निर्माण की दिशा में एक प्रभावी पहल बताया।

# डीएम – एसपी और जिला जज ने किया कारागार का निरीक्षण

❒ निरीक्षण के दौरान बैरकों की साफ-सफाई और सुरक्षा व्यवस्था जांची गई

कैनविज टाइम्स संवाददाता



गोंडा। जिलाधिकारी प्रियंका निरंजन, पुलिस अधीक्ष क विनीत जायसवाल और जिला जज दुर्ग नरायन सिंह ने शनिवार को जिला कारागार का निरीक्षण किया।अधिकारियों ने दोनों स्थानों पर उपलब्ध व्य वस्थाओं का जायजा लिया।

निरीक्षण के दौरान बैर कों की साफ-सफाई और सुरक्षा व्यवस्था जांची गई।पेयजल, भोजन की गुणवत्ता और चिकित्सा सुविधाओं का भी निरीक्षण किया गया।अधिकारि यों ने कारागार में बंदियों से उनकी समस्याओं और आवश्यकताओं पर संवाद किया और संबंधित अ धिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए,जिलाधिकारी ने कारागार परिसर में स्वच्छता और अनुशासन ब नाए रखने पर जोर दिया।पुलिस अधीक्षक विनीत जयसवाल ने सुरक्षा व्यवस्था मजबूत करने और सतत निगरानी रखने के निर्देश दिए। जिला जज दुर्ग नारायण सिंह ने किशोरों के सर्वांगीण विकास और सुधारात्मक गतिविधियों पर बल दिया। निरी क्षण के समय कारागार अधीक्षक सहित अन्य संबं धित अधिकारी उपस्थित थे।

## सदर तहसील में समाधान दिवस, 193 फरियादियों ने रखी समस्याएं

गोरखपुर। सदर तहसील परिसर में शनिवार को सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन एसडीएम सदर दीपक गुप्ता की अध्यक्षता में किया गया। समाधान दिवस में कुल 193 फरियादी अपनी-अपनी समस्याएं लेकर पहुंचे, जिनमें से 20 मामलों का मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया, जबकि शेष शिकायतों को संबंधित विभागों को समयबद्ध निस्तारण के निर्देश के साथ भेजा गया। समाधान दिवस में जमीन विवाद, अवैध निर्माण, पैमाइश, नगर निगम कर, सड़क चौड़ीकरण और बुनियादी सुविधाओं से जुड़ी शिकायतें प्रमुख रूप से सामने आईं। अधिकारियों ने सभी फरियादियों की समस्याएं गंभीरता से सुनीं और संबंधित विभागों को प्राथमिकता के आधार पर कार्रवाई करने के निर्देश दिए। इस दौरान नायब तहसीलदार अरविंद नाथ पांडेय सहित अन्य जिलास्तरीय अधिकारी, कानूनगो और लेखपाल मौजूद रहे।

# संपूर्ण समाधान दिवस में डीआईजी,डीएम,एसपी ने सुनीं जनता की फरियाद

❒ जिलाधिकारी ने शिकायतों का त्वरित निस्तारण के लिये अधिकारियों को दिये सख्त निर्देश

कैनविज टाइम्स संवाददाता



गोंडा। पुलिस उपमहानिरीक्षक देवीपाटन परिक्षेत्र ने गोण्डा द्वारा सम्पूर्ण समाधान दिवस के अवसर पर तहसील कर्नलगंज सभागार में जनता की समस्या ओं को सुना गया एवं उनके गुणवत्तापूर्ण व त्वरित निस्तारण हेतु सम्बन्धित को निर्देशित किया गया।

अधिकारिओ के द्वारा सम्पूर्ण समाधान दिवस के सम्बन्ध में उत्तर प्रदेश शासन के दिशा-निर्देशों से अधिकारी एवं कर्मचारीगणों को अवगत कराते हुये प्रार्थना-पत्रों की समयबद्ध जांच कार्यवाही एवं समस्याओं के निस्तारण हेतु निर्देशित किया गया।डीआईजी अशोक कुमार ने अधिकारियों को निर्दे शित किया कि जनशिकायतों के निस्तारण में पूर्ण पारदर्शिता,निष्पक्षता एवं संवेदनशीलता सुनिश्चित की जाए।उन्होंने स्पष्ट कहा कि प्रत्येक प्राप्त प्रार्थ ना पत्र का गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्ध निस्तारण शासन की प्राथमिकताओं में शामिल है अतःकिसी भी स्तर पर शिथिलता अथवा लापरवा ही स्वीकार नहीं की जाएगी।इस दौरान जिलाधिकारी प्रियंका निरंजन, पुलिस अधीक्षक विनीत जायसवाल व राजस्व, पुलिस तथा अन्य विभाग के अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।

# पीड़िता के समर्थन में आगे आया राष्ट्रीय हनुमान दल, बार एसोसिएशनों को सौंपा ज्ञापन

❒ शिक्षा से विवाह तक की जिम्मेदारी लेने का ऐलान

❒ ज्ञापन सौंपकर अनुरोध किया कि इस जघन्य अपराध के आरोपी की पैरवी कोई अधिवक्ता न करे

कैनविज टाइम्स संवाददाता

पीलीभीत। जनपद में 9 वर्षीय नाबालिग बालिका के साथ हुई जघन्य घटना के बाद राष्ट्रीय हनुमान दल पीड़ित परिवार के समर्थन में सक्रिय रूप से आगे आया है संगठन ने एक ओर जहां दोषी को कठोरतम दंड दिलाने की मांग को लेकर जिला न्यायालय स्थित तीनों बार एसोसिएशनों को ज्ञापन सौंपा, वहीं दूसरी ओर पीड़ित परिवार को शिक्षा, राशन और विवाह संबंधी सहायता प्रदान करने की भी घोषणा की है राष्ट्रीय हनुमान दल के प्रतिनिधिमंडल ने जिला संयुक्त बार एसोसिएशन, जिला सेंट्रल बार एसोसिएशन एवं जिला सिविल बार एसोसिएशन के पदाधिकारियों को ज्ञापन सौंपकर अनुरोध किया कि इस जघन्य अपराध के आरोपी की पैरवी कोई अधिवक्ता न करे तथा अभियोजन पक्ष को मजबूत बनाने में सहयोग प्रदान किया जाए, जिससे पीड़िता को शीघ्र न्याय मिल सके संगठन ने बार एसोसिएशनों से पीड़ित परिवार के साथ खड़े होने की अपील भी की इस अवसर पर जिला संरक्षक स्वतंत्र देवल, जगदीश सक्सेना, हरिपाल यादव, जिला अध्यक्ष अमित गुप्ता 'अधिवक्ता', रामानुज अवस्थी एवं आदित्य ओझा सहित कई पदाधिकारी उपस्थित रहे वहीं राष्ट्रीय हनुमान दल के राष्ट्रीय अध्यक्ष रोहित सिंह ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर पीड़ित परिवार के लिए व्यापक सहायता की घोषणा की उन्होंने बताया कि पीड़ित बच्ची की प्राथमिक शिक्षा का पूरा खर्च संगठन उठाएगा इसके अलावा परिवार को आगामी एक वर्ष तक प्रतिमाह राशन उपलब्ध कराया जाएगा ताकि आर्थिक कठिनाइयों का सामना न करना पड़े संगठन की ओर से यह भी घोषणा की गई कि पीड़ित परिवार की दोनों बेटियों के विवाह का संपूर्ण दायित्व राष्ट्रीय हनुमान दल के क्षेत्रीय उपाध्यक्ष शिरीष सक्सेना एवं संकट मोचन मंदिर ट्रस्ट द्वारा निभाया जाएगा राष्ट्रीय हनुमान दल ने कहा कि न्याय की लड़ाई के साथ-साथ पीड़ित परिवार को सामाजिक और आर्थिक संबल प्रदान करना भी उसकी प्राथमिक जिम्मेदारी है इस दौरान राष्ट्रीय महामंत्री तरुण गुप्ता, जिला महामंत्री संतोष मिश्रा, जिला उपाध्यक्ष राहुल गजवानी, जिला संयोजक राकेश मौर्य, जिला मंत्री प्रवीण गुप्ता, क्षेत्रीय उपाध्यक्ष शिरीष सक्सेना, नगर अध्यक्ष संजीव कुमार, तहसील अध्यक्ष अर्पित सक्सेना, शिव कुमार सहित संगठन के अनेक पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे जिला अध्यक्ष अमित गुप्ता 'अधिवक्ता' ने कहा कि राष्ट्रीय हनुमान दल पीड़ित परिवार को न्याय दिलाने के साथ-साथ उनके भविष्य को सुरक्षित बनाने के लिए भी पूरी तरह प्रतिबद्ध है और घोषित सहायता शीघ्र शुरू की जाएगी संगठन ने भरोसा दिलाया कि पीड़ित परिवार के हर सुख-दुख में वह उनके साथ मजबूती से खड़ा रहेगा।

## किसानों को राहतः जोत के आधार पर मिलेगा यूरिया टैगिंग और ओवररेटिंग पर सख्त कार्रवाई के निर्देश

पीलीभीत । जनपद में किसानों को खाद वितरण को लेकर आ रही समस्याओं के बीच कृषि विभाग ने बड़ा फैसला लिया है किसान दिवस में किसानों और किसान संगठनों की मांग पर प्रशासन ने जोत के आधार पर यूरिया वितरण की नई व्यवस्था लागू करने के निर्देश जारी किए हैं गांधी सभागार में आयोजित किसान दिवस में अपर जिलाधिकारी, उप कृषि निदेशक, जिला कृषि अधिकारी सहित विभिन्न विभागों के अधिकारियों ने भाग लिया बैठक में किसानों ने धान की फसल के लिए आवश्यक यूरिया समय पर उपलब्ध कराने की मांग उठाई इसके बाद सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि एक हेक्टेयर या उससे कम भूमि वाले किसानों को खतौनी के आधार पर एक बार में निर्धारित मात्रा में यूरिया उपलब्ध कराया जाएगा वहीं एक से दो हेक्टेयर भूमि वाले किसानों को 15 से 20 दिन के अंतराल पर दो किश्तों में तथा दो हेक्टेयर से अधिक जोत वाले किसानों को तीन किश्तों में यूरिया उपलब्ध कराया जाएगा कृषि विभाग ने सभी उर्वरक विक्रेताओं और सहकारी समितियों को शासनादेश के अनुसार खाद वितरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं इसके साथ ही विभाग ने स्पष्ट चेतावनी दी है कि अनुदानित उर्वरक के साथ किसी भी गैर-अनुदानित उत्पाद की जबरन टैगिंग या ओवररेटिंग की शिकायत मिलने पर संबंधित विक्रेता के खिलाफ आवश्यक वस्तु अधिनियम 1955 एवं उर्वरक नियंत्रण आदेश 1985 के तहत कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

## ई-पंजीकरण के विरोध में अधिवक्ताओं का तहसील में प्रदर्शन, मुख्यमंत्री के नाम तहसीलदार को सौंपा ज्ञापन

कैनविज टाइम्स संवाददाता

पूरनपुर। उत्तर प्रदेश में लागू किए जा रहे ई-पंजीकरण मॉड्यूल के विरोध में शनिवार को प्रगतिशील अधिवक्ता एसोसिएशन, पूरनपुर के बैनर तले अधिवक्ताओं ने तहसील परिसर में जोरदार प्रदर्शन किया प्रदर्शन का नेतृत्व एसोसिएशन के अध्यक्ष अजीत सक्सेना उर्फ संजय सक्सेना एडवोकेट ने किया अधिवक्ताओं ने सरकार के खिलाफ नारेबाजी करते हुए ई-पंजीकरण व्यवस्था को अधिवक्ताओं, दस्तावेज लेखकों, स्टाम्प विक्रेताओं और टाइपिस्टों के हितों के विरुद्ध बताया प्रदर्शन के बाद मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नाम संबोधित ज्ञापन तहसीलदार आशीष गुप्ता को सौंपा गया ज्ञापन में अधिवक्ताओं ने कहा कि महानिरीक्षक निबंधक उत्तर प्रदेश द्वारा जारी ई-पंजीकरण मॉड्यूल के क्रियान्वयन से निबंधन प्रक्रिया में निजीकरण को बढ़ावा मिलेगा, जिससे वर्षों से इस कार्य से जुड़े लाखों अधिवक्ताओं, दस्तावेज लेखकों, स्टाम्प विक्रेताओं एवं टाइपिस्टों के रोजगार पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ेगा उन्होंने कहा कि नई व्यवस्था लागू होने से आम जनता को भी अतिरिक्त आर्थिक बोझ और तकनीकी जटिलताओं का सामना करना पड़ सकता है एसोसिएशन के अध्यक्ष अजीत सक्सेना ने कहा कि अधिवक्ता समाज न्याय व्यवस्था का महत्वपूर्ण हिस्सा है और किसी भी ऐसी व्यवस्था को स्वीकार नहीं किया जा सकता जो उनके रोजगार और अधिकारों को प्रभावित करे उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार बिना व्यापक विचार-विमर्श के इस व्यवस्था को लागू करने की तैयारी कर रही है, जिससे भविष्य में अनेक व्यावहारिक समस्याएं उत्पन्न हो सकती हैं अधिवक्ताओं ने यह भी आशंका जताई कि पूरी प्रक्रिया ऑनलाइन होने से कूटरचित दस्तावेजों के जरिए फर्जीवाड़े की घटनाएं बढ़ सकती हैं तथा भूमि और संपत्ति संबंधी विवादों में इजाफा होने की संभावना है इससे न्यायालयों में मुकदमों की संख्या भी बढ़ेगी और आम नागरिकों को परेशानी का सामना करना पड़ेगा प्रदर्शनकारियों ने सरकार से मांग की कि जनहित, पारदर्शिता और रोजगार सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए ई-पंजीकरण मॉड्यूल को तत्काल प्रभाव से वापस लिया जाए उन्होंने चेतावनी दी कि यदि उनकी मांगों पर विचार नहीं किया गया तो प्रदेशव्यापी आंदोलन को और तेज किया जाएगा इस दौरान महामंत्री सुशील कुमार सक्सेना,संजय पांडेय एडवोकेट, दामोदर प्रसाद यादव,नईम खान, शाहिद खान,सहित बड़ी संख्या में अधिवक्ता मौजूद रहे और सभी ने एकजुट होकर अधिवक्ता हितों की रक्षा के लिए संघर्ष जारी रखने का संकल्प लिया है ।

## जिला न्यायाधीश ने कारागार का किया निरीक्षण

कैनविज टाइम्स संवाददाता



पीलीभीत । जनपद न्यायाधीश रविन्द्र कुमार चतुर्थ, जिलाधिकारी ज्ञानेन्द्र सिंह एवं पुलिस अधीक्षक सुकीर्ति माधव द्वारा जिला कारागार का संयुक्त निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान न्यायाधीश द्वारा कारागार में बन्दियों के किशोर/पुरूष बैरक, महिला बैरक सहित अन्य बैरकों, भोजनालय, अस्पताल का निरीक्षण किया। जनपद न्यायाधीश द्वारा बैरक के निरीक्षण के दौरान बंदियों से बातचीत करते हुये उनकी समस्याओं का संज्ञान लेते हुये सम्बन्धित अधिकारियों को त्वरित निस्तारण करने हेतु निर्देशित किया गया। जनपद न्यायाधीश द्वारा अस्पताल निरीक्षण के दौरान बीमार बंदियों से बातचीत करते हुये उनके स्वास्थ्य के बारे में जानकारी ली गई और वहां उपस्थित डॉक्टर को निर्देश देते हुए कहा कि बीमार बंदियों की स्वास्थ्य सुविधाओं में किसी प्रकार की लापरवाही न बरती जाये। निरीक्षण के दौरान जेल अधीक्षक को निर्देशित किया गया कि मानक के अनुरूप बंदियों को सुविधायें उपलब्ध कराई जाये। निरीक्षण के दौरान जनपद न्यायाधीश द्वारा साफ सफाई की व्यवस्था देखी गई और निर्देशित किया कि निर्धारित मानकों के अनुरूप बंदियों को भोजन उपलब्ध कराना सुनिश्चित किया जाये। निरीक्षण के दौरान श्री अरूण क्रान्ति यशोदास पूर्णकालिक सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, मुख्य न्यायिक मजिस्टेªट श्री मंगल देव सिंह, मुख्य चिकित्साधिकारी, जेल अधीक्षक, जेलर सहित अन्य अधिकारीगण उपस्थित रहे हैं।

## सुरजीत ने राहुल गाँधी से की मुलाकात चुनाव में अवसर के संकेत



कैनविज टाइम्स संवाददाता

कूरेभार, सुलतानपुर। विकास खंड कूरेभार के रूसहा मठिया गांव निवासी व विधान सभा सुलतानपुर के सुरजीत कुमार ने लोकसभा नेता प्रतिपक्ष, लोकसभा सांसद, राहुल गांधी जी से दिल्ली उनके आवास पर आत्मीय एवं शिष्टाचार मुलाकात की। जिसमें उन्हें विधानसभा 191 कादीपुर से चुनाव लड़ने का अवसर मिल सकता है। बताते चले सुरजीत कुमार 9 अक्टूबर 2021 बहुजन समाज पार्टी छोड़ कर अपने सेकडों समर्थकों के साथ कांग्रेस पार्टी में शामिल हो गए थे। बताया जा रहा कि इन्होंने बहुजन समाज पार्टी में बूथ स्तर से लेकर जिला स्तर तक विभिन्न पदों पर रहकर पार्टी के लिए काफी अर्से से काम किया था। पंचायत चुनाव से लेकर विधानसभा तक चुनाव लड़वाने में पार्टी के प्रति इनका काफी योगदान रहा है

## गौरीगंज के सम्पूर्ण समाधान दिवस में डीएम और एसपी ने सुनीं जनसमस्याएं

❒ सम्पूर्ण समाधान दिवस में आई एक सैकड़ा शिकायतों में मात्र सात शिकायतें हुई

कैनविज टाइम्स संवाददाता



अमेठी। जनसामान्य की शिकायतों के त्वरित निस्तारण के उददेश्य से शनिवार को जनपद की चारों तहसीलों में संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। तहसील गौरीगंज में जिलाधिकारी संजय चौहान की अध्यक्षता में सम्पूर्ण समाधान दिवस आयोजित हुआ।

सम्पूर्ण समाधान दिवस में जिलाधिकारी संजय चौहान ने शिकायतकर्ताओं की समस्या सुनकर मौके पर अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि शिकायतें लंबित न रखी जाये, शिकायतों को गम्भीरता से लेकर उनका प्राथमिकता के आधार पर निस्तारण सुनिश्चित कराया जाय। उन्होंने कहा कि जन सामान्य की शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करना हमारी प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि किसी भी स्तर पर शिकायतों के निस्तारण में हीलाहवाली करने पर संबंधित अधिकारी, कर्मचारी के विरुद्ध कठोर कार्यवाही की जायेगी। सम्पूर्ण समाधान दिवस के दौरान पुलिस विभाग के संबंधित शिकायतों को पुलिस अधीक्षक सरवणन टी ने सुना एवं संबंधित थानाध्यक्षों को निस्तारण के निर्देश दिये।तहसील गौरीगंज में कुल एक सौ शिकायतें प्राप्त हुई जिनमें सात का मौके पर निस्तारण कराया गया। तहसील मुसाफिरखाना में चौंतीस शिकायतें प्राप्त हुई जिनमें तीन का निस्तारण किया गया।तहसील अमेठी में छ्ब्बीस शिकायतें प्राप्त हुई जिनमें एक शिकायतों का निस्तारण किया गया तथा तहसील तिलोई में उनतीस शिकायतें प्राप्त हुई जिनमें चार शिकायतों का निस्तारण किया गया तथा शेष शिकायतों के निस्तारण हेतु पुलिस और राजस्व की संयुक्त टीमें मौके पर भेजी गई।सम्पूर्ण समाधान दिवस के दौरान उपजिलाधिकारी गौरीगंज प्रीति तिवारी, जिला विकास अधिकारी वीरभानु सिंह, सीएमओ डॉ अंशुमान सिंह, बीएसए संजय तिवारी,तहसीलदार गौरीगंज सहित जिला स्तरीय अधिकारी मौजूद रहे।

## दोबारा रिश्वत लेते धरा गया कानूनगो, 12 हजार लेते एंटी करप्शन टीम ने दबोचा

❒ आरोपी कानूनगों एक बार पहले भी हो चुका है गिरफ्तार

कैनविज टाइम्स संवाददाता



सुल्तानपुर। भ्रष्टाचार के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए अयोध्या एंटी करप्शन टीम ने शनिवार को लंभुआ तहसील में तैनात राजस्व निरीक्षक (कानूनगो) राजितराम को ₹12,000 की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथ गिरफ्तार कर लिया। कार्रवाई शहर के डाकखाना चौराहे के पास की गई, जिससे राजस्व विभाग में हड़कंप मच गया।

जानकारी के अनुसार, मणिकापुर परासिन निवासी अजय कुमार ने अपनी जमीन के सीमांकन (पैमाइश) की आख्या भेजे जाने के लिए आवेदन किया था। आरोप है कि इस काम को आगे बढ़ाने के एवज में राजस्व निरीक्षक राजितराम लगातार ₹12,000 की रिश्वत मांग रहे थे। बार-बार की मांग से परेशान होकर पीड़ित ने अयोध्या मंडल की एंटी करप्शन टीम से शिकायत दर्ज कराई। शिकायत की पुष्टि के बाद भ्रष्टाचार निवारण संगठन अयोध्या मंडल के निरीक्षक एवं ट्रैप टीम प्रभारी संजय सिंह के नेतृत्व में विशेष टीम गठित की गई। तय योजना के तहत पीड़ित को केमिकल लगे नोट देकर भेजा गया। जैसे ही आरोपी कानूनगो ने शहर के डाकखाना चौराहे से गोसाईगंज रोड स्थित मिश्रा साहित्य निकेतन के सामने रिश्वत की रकम ली टीम ने तत्काल दबिश देकर उसे रंगे हाथ पकड़ लिया। मौके से रिश्वत की रकम भी बरामद कर ली गई। गिरफ्तारी के बाद टीम आरोपी को गोसाईगंज ले गई, जहां भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज कर आगे की कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी गई। मामले की विवेचना निरीक्षक हरिओम मिश्र को सौंपी गई है।

चौंकाने वाली बात यह है कि यह राजितराम की पहली गिरफ्तारी नहीं है। इससे पहले 13 दिसंबर 2023 को भी कादीपुर तहसील में कानूनगो रहते हुए वह ₹5,000 की रिश्वत लेते एंटी करप्शन टीम के हत्थे चढ़ चुका है। उस मामले में शिकायत भाजपा युवा मोर्चा मंडल अध्यक्ष शैलेंद्र उपाध्याय ने की थी। लगातार दूसरी बार रिश्वत प्रकरण में गिरफ्तारी ने राजस्व विभाग की कार्यशैली और निगरानी व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं।

## तिलोई के निर्माणाधीन मेडिकल कालेज में चोरी, दो के खिलाफ मुकदमा दर्ज

कैनविज टाइम्स संवाददाता

तिलोई, अमेठी। थाना मोहनगंज क्षेत्र के कस्बा तिलोई स्थित निर्माणाधीन मेडिकल कालेज की पांचवीं मंजिल पर एसी कापर पाइप काट रहे दो युवकों को सुरक्षा कर्मियों ने रंगे हाथ पकड़ लिया है और दोनों युवकों से हाथापाई हो गई जिससे वह मामूली रुप से घायल भी हो गये है। सुरक्षा कर्मियों ने पकड़े गये युवकों को स्थानीय पुलिस को सौंप दिया है।

पुलिस ने सुरक्षा सुपरवाइजर की तहरीर पर अभियोग दर्जकर मामले की छानबीन में जुट गई है। थाना क्षेत्र के कस्बा तिलोई स्थित निर्माणाधीन मेडिकल कालेज में सुरक्षा की जिम्मेदारी अलर्ट मल्टी सोल्यूशन सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड गोमती नगर विस्तार लखनऊ की है जिसमें गांव खानापुर निवासी आदित्य सिंह सुरक्षा सुपरवाइजर के पद पर तैनात है। सुरक्षा सुपरवाइजर आदित्य सिंह ने स्थानीय पुलिस को सौंपी गई तहरीर में लिखा है कि बीती सत्रह अठारह जून की रात्रि में करीब ग्यारह बजे जब सुरक्षा गार्ड पेट्रोलिंग कर रहे थे तब इमारत की पांचवी मंजिल पर कुछ आवाजे आयी तो मैने अपने सुरक्षा गार्ड नीरज शुक्ला, मनोज सिंह, छीटूलाल व सूर्य प्रकाश के साथ वहां जाकर देखा तो दो व्यक्ति एसी के कापर पाइप को काट रहे थे आरी व प्लास की मदद से यह देखकर हम लोगो ने उन्हे पकड़ने का प्रयास किया तो वह दोनो लोग भागने लगे। सुरक्षा कर्मियों ने जब शोर मचाया तो अन्य कार्य करने वाले स्टाफ के व्यक्ति आये भागते समय दोनो लोग फर्स व सीढ़ी पर गिर गये हम सभी लोगो ने उन्हे पकड़ लिया जिनके पास से छोटे बड़े कटे हुये पैंतीस कापर के पाइप बोरी में भरे मिले तथा प्लास, पेंचकस व आरी भी मिली इसी बीच साथी स्टाफ द्वारा इन लोगो के विरोध करने पर आपस मे हाथापाई हो गयी थी। इस घटना की सूचना पाकर प्रोजेक्ट मैनेजर भी आ गये थे। बताया जाता है कि इस संस्थान में इससे पहले भी कापर की चोरी हो चुकी है।पकड़े गये युवकों की शिनाख्त रोहित कुमार मौर्या पुत्र नन्दलाल निवासी ग्राम सोनिकपुर थाना लोनीकटरा जनपद बाराबंकी एवं अजय मौर्या पुत्र जगजीवन निवासी ग्राम बैती थाना शिवगढ़ शिवगढ जनपद रायबरेली है।

### किसान हितों को लेकर भाकियू टिकैत का प्रदर्शन, एसडीएम को सौंपा मांग पत्र

**पूरनपुर, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** भारतीय किसान यूनियन (टिकैत) के युवा तहसील अध्यक्ष हरजिंदर सिंह के नेतृत्व में किसानों की विभिन्न समस्याओं को लेकर उपजिलाधिकारी पूरनपुर को ज्ञापन सौंपा गया ज्ञापन में धान रोपाई के मौसम को देखते हुए किसानों को समय पर पर्याप्त खाद उपलब्ध कराने, नहरों की सफाई, 22 घंटे विद्युत आपूर्ति, आवारा पशुओं से फसलों की सुरक्षा तथा डीजल की सुचारु उपलब्धता सुनिश्चित कराने की मांग उठाई गई किसान नेताओं ने आरोप लगाया कि पेट्रोल पंपों पर किसानों को डीजल के साथ जबरन मोबिल ऑयल खरीदने के लिए मजबूर किया जा रहा है, जिस पर रोक लगाने की मांग की गई इसके अलावा पूरनपुर-बंडा मार्ग पर डग्गामार वाहनों के संचालन पर रोक, आंगनबाड़ी केंद्रों पर पोषाहार वितरण की जांच तथा राशन वितरण में कथित अनियमितताओं की जांच कर कार्रवाई की मांग भी की गई भाकियू नेताओं ने कहा कि यदि किसानों और आम जनता से जुड़ी समस्याओं का शीघ्र समाधान नहीं किया गया तो संगठन आंदोलन के लिए बाध्य होगा

### पीपल वृक्ष की कटान से भड़का आक्रोश,बजरंग दल ने ठेकेदार को पकड़ा

**पीलीभीत, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** माधोटांडा थाना क्षेत्र के शाहगढ़ गांव में धार्मिक आस्था और पर्यावरण से जुड़े पीपल के एक विशाल वृक्ष की कटान का मामला सामने आने के बाद क्षेत्र में हड़कंप मच गया सूचना पर पहुंचे बजरंग दल कार्यकर्ताओं ने कथित तौर पर पीपल के पेड़ की कटान कर रहे ठेकेदार को रंगे हाथों पकड़ लिया, जिसके बाद ग्रामीणों में भारी आक्रोश फैल गया बताया जा रहा है कि पीपल का वृक्ष हिंदू धर्म में पूजनीय माना जाता है और पर्यावरण संरक्षण की दृष्टि से भी अत्यंत महत्वपूर्ण है ऐसे में वृक्ष पर आरा चलने की खबर फैलते ही बड़ी संख्या में ग्रामीण और बजरंग दल कार्यकर्ता मौके पर पहुंच गए सूचना मिलते ही पुलिस भी घटनास्थल पर पहुंची और पीपल की लकड़ी से लदी ट्रैक्टर-ट्रॉली को कब्जे में लेकर ठेकेदार को हिरासत में ले लिया हालांकि कार्रवाई के दौरान कई मजदूर मौके से फरार हो गए घटना के बाद ग्रामीणों ने इसे केवल एक पेड़ की कटान नहीं बल्कि धार्मिक भावनाओं और हरियाली पर सीधा प्रहार बताया लोगों का कहना है कि पीपल वृक्ष भारतीय संस्कृति, आस्था और पर्यावरण का प्रतीक है, ऐसे में इसकी कटान को किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जा सकता इधर क्षेत्र में यह चर्चा भी गर्म है कि मामले में कुछ लोग ठेकेदार की पैरवी में जुट गए हैं ठेकेदार और ट्रैक्टर-ट्रॉली को छोड़ने की चर्चाओं ने लोगों की नाराजगी और बढ़ा दी है बजरंग दल कार्यकर्ताओं ने प्रशासन से निष्पक्ष जांच कर दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है फिलहाल पुलिस मामले की जांच में जुटी है। वहीं ग्रामीणों और हिंदू संगठनों की निगाहें प्रशासनिक कार्रवाई पर टिकी हुई हैं कि धार्मिक आस्था और पर्यावरण से जुड़े इस संवेदनशील मामले में आगे क्या कदम उठाया जाता है।

### हिन्दू महासभा में युवाओं को मिली नई जिम्मेदारी, पिंटू पाल बने युवा नगर अध्यक्ष

**पीलीभीत, कैनविज टाइम्स संवाददाता।**अखिल भारत हिन्दू महासभा की बैठक शुक्रवार को वसुंधरा कॉलोनी में जिलाध्यक्ष पं. पंकज शर्मा की अध्यक्षता में आयोजित हुई बैठक में संगठन विस्तार और युवाओं की भागीदारी बढ़ाने पर चर्चा की गई इस दौरान युवा जिलाध्यक्ष गौरव शर्मा ने सोशल मीडिया इन्फ्लूएंसर पिंटू पाल को युवा नगर अध्यक्ष मनोनीत किया उनके मनोनयन पर पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने खुशी जताते हुए शुभकामनाएं दीं गौरव शर्मा ने कहा कि पिंटू पाल की युवाओं के बीच अच्छी पहचान है, जिससे संगठन को मजबूती मिलेगी नवनियुक्त युवा नगर अध्यक्ष पिंटू पाल ने संगठन नेतृत्व का आभार जताते हुए पूरी निष्ठा से दायित्व निभाने का भरोसा दिया बैठक में मौजूद पदाधिकारियों ने उनका स्वागत किया और संगठन को मजबूत बनाने का संकल्प लिया।

### चिकित्सक के आवास पर लगा प्याऊ, राहगीरों को मिली राहत

**पूरनपुर, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** भीषण गर्मी और लू के थपेड़ों से बेहाल नगरवासियों की परेशानी को देखते हुए डॉ. अनूप सिंह ने मानवता की मिसाल पेश की है। उन्होंने अपने आवास के बाहर प्याऊ लगवाकर राहगीरों और जरूरतमंदों की प्यास बुझाने का बीड़ा उठाया है। प्रबंधक एपी इंटर कॉलेज ठाकुर निरंजन सिंह ने बताया कि इन दिनों तापमान लगभग 40 डिग्री सेल्सियस के पार पहुंच रहा है। ऐसे में सड़क पर चलने वाले रिक्शा चालक,मजदूर, व्यापारी, छात्र और आम लोगों को पानी के लिए भटकना पड़ता है। इसी समस्या को देखते हुए डॉ अनूप सिंह ने अपने आवास पर ठंडी एवं शुद्ध कोल्ड ड्रिंक की व्यवस्था की है।प्याऊ के शुभारंभ अवसर पर नगर के प्रमुख डॉ. तेज बहादुर सिंह तेजू,किसान नेता एवं प्रबंधक एपी इंटर कॉलेज ठाकुर निरंजन सिंह, ज्ञानेंद्र सिंह ज्ञानी,धीरू सिंह,शिवपाल सिंह,नरोत्तम सिंह, मुकेश सिंह,डॉ. नीरज सिंह समेत सैकड़ों गणमान्य लोग उपस्थित रहे। सभी ने डॉ. अनूप सिंह की इस पहल की सराहना की। स्थानीय लोगों का कहना है।कि भीषण गर्मी में यह प्याऊ वरदान साबित हो रहा है। डॉ. तेज बहादुर सिंह तेजू ने कहा कि समाज के हर सक्षम व्यक्ति को इस तरह के कार्य करने चाहिए। प्याऊ से रोजाना सैकड़ों लोग लाभान्वित हो रहे हैं। लोगों ने अन्य लोगों से भी अपील की है कि वे भी गर्मी में पक्षियों और राहगीरों के लिए पानी की व्यवस्था करें।

### पेट्रोल पंप दिलाने के नाम पर सेना के जवान से 5 लाख की ठगी, आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज

**पूरनपुर, कैनविज टाइम्स संवाददाता।**पेट्रोल पंप किराये पर दिलाने का झांसा देकर भारतीय सेना में कार्यरत एक जवान से पांच लाख रुपये की कथित ठगी का मामला सामने आया है थाना पूरनपुर पुलिस ने पीड़ित की तहरीर के आधार पर आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है ग्राम खैरपुर ता. जटपुरा निवासी तौहीद खां ने दर्ज कराई रिपोर्ट में बताया कि शाहजहांपुर जनपद के थाना खुटार क्षेत्र स्थित नवदिया नवाजपुर निवासी गुफरान हुसैन ने अपने कुछ अज्ञात साथियों के साथ मिलकर उन्हें पेट्रोल पंप किराये पर दिलाने का भरोसा दिया था आरोप है कि इसी झांसे में आकर उन्होंने 6 फरवरी 2024 को 1.50 लाख रुपये तथा 15 मार्च 2024 को 3.50 लाख रुपये बैंक खाते के माध्यम से दिए थे पीड़ित का कहना है कि रुपये लेने के बाद न तो पेट्रोल पंप दिलाया गया और न ही रकम वापस की गई जब उन्होंने अपने पैसे वापस मांगे तो आरोपी ने कथित रूप से रुपये लौटाने से इंकार कर दिया और कार्रवाई करने पर जान से मारने की धमकी दी मामले की जानकारी होने पर पीड़ित ने पुलिस से शिकायत की, जिसके बाद थाना पूरनपुर में आरोपी गुफरान हुसैन एवं उसके अज्ञात साथियों के खिलाफ धोखाधड़ी और धमकी देने की धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया गया पुलिस पूरे मामले की जांच कर रही है तथा बैंक लेन-देन समेत अन्य साक्ष्यों को खंगाला जा रहा है।

### आमने-सामने बाइक की टक्कर में दो युवकों की मौत, दो गंभीर घायल

**बल्दीराय, सुलतानपुर, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** बल्दीराय थाना क्षेत्र के कुड़वार-हलियापुर मार्ग पर सहजौरा मोड़ के पास स्थित असलम प्रधान की चक्की के निकट शनिवार को दो बाइकों की आमने-सामने जोरदार टक्कर हो गई। हादसे में दो युवकों की मौत हो गई, जबकि दो अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और स्थानीय लोगों की मदद से सभी घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) बल्दीराय पहुंचाया। प्राथमिक उपचार के बाद गंभीर रूप से घायल लोगों को उच्च चिकित्सा केंद्र रेफर कर दिया गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार, इस्माइलपुर मजरे दरियापुर निवासी अरुण कुमार कनौजिया (22) अपने छोटे भाई शैलेंद्र कनौजिया (19) के साथ बाराबंकी से किसी निमंत्रण कार्यक्रम से लौट रहे थे। इसी दौरान सामने से आ रही दूसरी बाइक पर सवार इब्राहिमपुर निवासी शमीम (23) पुत्र युसूफ तथा फैजान पुत्र छोट्टन से उनकी बाइक की आमने-सामने टक्कर हो गई। हादसे में शैलेंद्र कनौजिया की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि गंभीर रूप से घायल शमीम ने इलाज के लिए लखनऊ ले जाते समय रास्ते में दम तोड़ दिया। फैजान की हालत गंभीर बनी हुई है और उसका इलाज लखनऊ में चल रहा है। वहीं अरुण कुमार कनौजिया गंभीर रूप से घायल हैं, जिनका उपचार जिला अस्पताल सुलतानपुर में किया जा रहा है। पुलिस ने दोनों मृतकों के शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है तथा मामले की जांच शुरू कर दी है। घटना के बाद क्षेत्र में शोक का माहौल व्याप्त है।

### नए पंजीकरणः शासनादेश के विरोध में उतरे दस्तावेज़ लेखक, आंदोलन की दी चेतावनी

**सुल्तानपुर, कैनविज टाइम्स संवाददाता ।** तहसील सदर में शनिवार को दस्तावेज़ लेखक संघ की आपात बैठक आयोजित की गई। बैठक में पंजीकरण एवं निबंधन विभाग द्वारा जारी नए शासनादेश का विरोध करते हुए इसे रोजगार विरोधी बताया गया। बैठक के बाद संघ ने सपा प्रवक्ता व पूर्व विधायक अनूप संडा के माध्यम से मुख्यमंत्री को मांगपत्र भेजा। संघ के अनुसार 4 जून को जारी शासनादेश के तहत जमीन और अन्य दस्तावेजों के पंजीकरण की प्रक्रिया को निजी संस्थाओं के माध्यम से संचालित करने की योजना बनाई जा रही है। दस्तावेज़ लेखकों का कहना है कि इससे प्रदेशभर में इस कार्य से जुड़े अधिवक्ता, बैनामा लेखक, स्टांप विक्रेता, कंप्यूटर अपरेटर और मुंशी जैसे लाखों लोगों के रोजगार पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ेगा। बैठक में वक्ताओं ने कहा कि सरकार रोजगार सृजन की बात करती है, लेकिन यह निर्णय बड़ी संख्या में लोगों की आजीविका पर संकट खड़ा कर सकता है। इस दौरान सपा प्रवक्ता और पूर्व विधायक अनूप संडा ने सरकार की नीतियों की आलोचना करते हुए कहा कि लगातार निजीकरण को बढ़ावा दिया जा रहा है। उन्होंने दस्तावेज़ लेखकों की भूमिका को महत्वपूर्ण बताते हुए कहा कि रजिस्ट्री प्रक्रिया में उनका योगदान लंबे समय से रहा है और व्यवस्था में बदलाव से उनकी आजीविका प्रभावित हो सकती है। संघ पदाधिकारियों ने चेतावनी दी कि यदि शासनादेश वापस नहीं लिया गया तो तहसील सदर के दस्तावेज़ लेखक, स्टांप विक्रेता और संबंधित कर्मचारी अनिश्चितकाल के लिए रजिस्ट्रेशन कार्य का बहिष्कार कर सकते हैं। बैठक में पीयूष तिवारी, अजीम किदवई, श्याम बहादुर सिंह, मो. अकरम, अच्छे लाल यादव समेत अन्य सदस्य मौजूद रहे।

## सम्पादकीय

# मोदी-ट्रम्प भेंट: हासिल क्या?

भारत के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के बीच बहुप्रतीक्षित द्विपक्षीय मुलाकात फ्रांस में हुई। अवसर था- जी-7 शिखर सम्मेलन का जिसमें भारत को ब्राजील, मिस्र, केन्या और दक्षिण कोरिया के साथ विशेष रूप से आमंत्रित किया गया था। दोनों ने एक दूसरे की हमेशा की तरह प्रशंसा की परन्तु भारत-अमेरिका के बीच जो महत्वपूर्ण मुद्दे हैं, उन पर कोई खास प्रगति होती नहीं दिखी। इसलिये इसका हासिल भारत को क्या होगा- यह फिलहाल सामने आना है, लेकिन इस मायने में भेंट को महत्वपूर्ण माना जा रहा है कि करीब डेढ़ वर्ष बाद दोनों की मुलाकात ढीले पड़ चुके सम्बन्धों की नयी शुरुआत कही जा सकती है। उभय देशों के बीच कई तरह के मसले हैं जिन पर स्पष्ट बात न होना या कम से कम उनका सार्वजनिक न करना, इस वार्ता को संदेहों के घेरों से नहीं निकाल पायेगा। इसलिये भारत सरकार स्पष्ट करे कि इस बातचीत का आखिर हासिल क्या है और वह किस तरह से भारत के पक्ष में है। मुलाकात में क्या हुआ, इसकी सारी जानकारी अमेरिकी राष्ट्रपति ने ही दी। मोदी पूरे वक्त उनकी बगल में तो बैठे रहे परन्तु उन्होंने ट्रम्प के बयान में न कोई शब्द जोड़ा, न कहीं सफाई दी अथवा मुद्दे को विस्तार देने की जरूरत समझी। हालांकि ऐसा कोई पहली बार नहीं हुआ है जब मोदी किसी अन्य देश के प्रमुख से मिले परन्तु अपनी ओर से पत्रकारों के किसी सवाल का जवाब दिया हो। भारत का नजरिया जो मोदी या कोई भारतीय कूटनीतिज्ञ स्पष्ट कर सकता है, वह भला दूसरे देश का प्रमुख किस प्रकार विश्व मीडिया के आगे रख पाएगा। इसलिये ऐसी मुलाकातों के बाद भारतीय विदेश मंत्रालय या उस देश के भारतीय दूतावास से जारी प्रेस बयानों से ऐसी भेंट का निष्कर्ष सामने आ पाता है। भारत में मोदी-ट्रम्प की मुलाकात का सिर्फ इसलिये बेसब्री से इंतजार नहीं था कि यह दोनों के बीच लम्बे समय बाद होने वाली द्विपक्षीय वार्ता थी, बल्कि अनेक ऐसे मुद्दे इस समय हैं जो परस्पर रिश्तों को प्रभावित कर रहे हैं- इनमें से ज्यादातर तो भारत के लिये तल्खी लाने वाले ही हैं। सबसे ताजा मुद्दा है कुछ दिन पहले विवादग्रस्त होर्मुज स्ट्रेट के पास तीन भारतीय नाविकों की अमेरिकी गोलाबारी से मौत। उस मामले को भारत सरकार की ओर से मजबूत तरीके से तो क्या औपचारिक रूप से भी अमेरिका के सामने नहीं उठाया गया था। स्वयं नरेन्द्र मोदी ने इस पर एक वाक्य का तक बयान नहीं दिया। हालांकि एक पत्रकार द्वारा इस बाबत पूछे गये सवाल पर ट्रंप ने कह दिया कि, श्नाविकों का पेशा खतरे से भरा होता ही है। यह भारतीयों के लिये वैसे ही निराशाजनक रहा जिस प्रकार करीब दो-ढाई साल पहले अमेरिका ने भारत से डंकी रूट से गये लोगों की हथकड़ियां और कमर में जंजीरें बांधकर वायु सेना के जहाजों में गुलामों की तरह वापस भेज दिया था। इस मामले को लेकर देश भर में लोगों में दुख और उग्रता थी। भारत सरकार की ओर से विरोध में कोई बयान तक नहीं दिया गया। उल्टे विदेश मंत्रालय ने एक बयान जारी कर अमेरिका के इस कदम को यह कहकर तर्कसंगत बताया था कि हर देश के इमिग्रेशन सम्बन्धी कुछ नियम होते हैं। इस बातचीत के दौरान ऐसे कोई संकेत या साझा बयान देखने को नहीं मिल रहे हैं जो उन बिन्दुओं को स्पष्ट करे जिनका सम्बन्ध हाल के कुछ घटनाक्रमों से है। पाकिस्तान के साथ हुए ऑपरेशन को रोकने का श्रेय अमेरिकी राष्ट्रपति कई बार सार्वजनिक रूप से ले चुके हैं। उन्होंने न जाने कितनी बार कहा कि उन्होंने मोदी को निर्देश देकर यह रूकवाया था। जबकि इधर भारत में मोदी और उनकी सरकार का दावा रहा है कि लड़ाई को खुद भारत ने रोका था। इसके अलावा लम्बे समय तक ट्रम्प द्वारा दोनों देशों के बीच टैरिफ-टैरिफ का खेल खेला गया था। जब भी ट्रम्प की मर्जी होती भारतीय वस्तुओं की अमेरिका में आपूर्ति और बिक्री पर टैरिफ बढ़ाये गये जिसने भारतीय बाजार को बहुत बुरी तरह से प्रभावित किया है। सरकार को इसके विपरीत अमेरिका से आने वाले सामान के लिये छूट को भी मानना पड़ा था। दिखाने के लिये कुछ बयान जरूर ट्रम्प ने जारी किये हैं। उसके अनुसार यदि भारत पर किसी देश ने आक्रमण किया तो अमेरिकी भारत के साथ खड़ा होगा।

# योग से व्यक्ति के अंदर बनता है प्रेम रस स्रोत

योग का अर्थ जोड़ होता है। योग व्यक्ति के अन्तस् का रसायन शास्त्र परिवर्तित कर देता है। योग से व्यक्ति के अंदर प्रेम रस के स्रोत आने लगते हैं। नई चेतना आने लगती है। ऊर्ज़ा से मनुष्य भर जाता है। व्यक्ति अप्रेम से प्रेम की ओर उन्मुख हो जाता है। व्यक्ति द्वैत से अद्वैत की यात्रा में आ जाता है। ऐसा योगी जन कहते आए हैं। हमारे जैसों ने हमने योग किया। अमुक ने योग किया। कुछ घटित नहीं हुआ। फलित नहीं हुआ। हम तत्काल निष्कर्ष पर जाते हैं। हमे वह नहीं हो रहा जो शास्त्रों में बताया गया है। श्रीकृष्ण कहते हैं कर्म तुम्हें करना है। तुम फल क्या आएगा इस निष्कर्ष में न पड़ो। श्रीकृष्ण कहते हैं ''कर्मण्येवाधिकारस्ते मां फलेषु कदाचनः'' तुम्हारा अधिकार कर्म करने का ही है। परिणाम पर तुम्हारा अधिकार नहीं है। परिणाम में तुमसे संबंध नहीं है। तुम फल से असंबद्ध ही रहो। वे आगे कहते हैं ''मा कर्मफलहेतुर्भ'' तुम स्वयं को अपने कर्मों फलों का कारण मत जानो। वह निष्काम कर्म की बात कर रहे हैं। वे कह रहे हैं फल की ओर ध्यान न देकर पूरी शक्ति कर्म पर लगा दो। यहां यह भी लगता है कि जब पूरी शक्ति किसी कर्म में लगेगी तो बहुत संम्भव है परिणाम अच्छा आएगा। गीता में योग के विषय मे कहा गया है कि जीव का परमात्मा के साथ जो सम्बंध है वह योग है। वस्तु व्यक्ति क्रिया, पदार्थ, घटनाओं वस्तुओं आदि के सम्बंध भोग है। योग नित्य और भोग अनित्य है। पतंजलि श्रीकृष्ण के बाद हुए। पतंजलि योगाश्चितवृतति निरोध की देशना में है। पतंजलि कहते हैं योग से मनुष्य के चित की वृत्तियों का निरोध हो जाता है। चित्त का भटकाव रुक जाता है। चित्त का व्यापार रुक सकता है। मगर पतंजलि का यह वक्तव्य बड़ा कठिन मालूम पड़ता है।

योग में कैसे उतरा जाए। कोई योग का विद्यार्थी पहली सीढ़ी में क्या करे। यहाँ ध्यान रहे की बात चित्त वृत्ति के निरोध की हो रही है। रोकने की हो रही है। और हम जीवन व्यापार में लगातार उठते बैठते लगे रहते हैं। हम आँख बंद कर योग के लिए बैठते हैं हमको सब दृश्य लाभ हानि के दिखाई देने लगते हैं। तभी संपत्ति भी दिखाई देने लगती है। यहाँ फिर वही बात है कि माया पीछा करती है। बड़ी कठिनाई है? योग से यह कठिनाई चली जाती है। और योग में उतरने के पहले ही यह कठिनाइयां योग में जाने नही देती हैं। जीवन के अनेक नए पुराने दृश्य दिखाई देने लगते हैं। जैसे ही आँख बंद कर बैठे वैसे जगत सामने नृत्य करता है। ज्ञानी जनो ने इसे माया कहा। कबीर ने कहा कि माया महाठगिनी हम जानी। लोग गुरुओं के पास जाते हैं वह व्यायाम को योग बताने लगते हैं। यह और झंझट है। योग में व्यायाम आ गया। व्यायाम और कसरत योग से भिन्न है। हाँ व्यायाम से शरीर हष्ट पुष्ट बलिष्ठ बनता है। व्यायाम और आहार की शुद्धता आलस्य नही आने देते है। आहार ठीक नही तो शरीर खराब होगा । आहार उत्तेजक है या अधिक है तो शरीर मन दोनों उत्तेजना में रहेंगे । इसलिए शुद्ध आहार से शुद्ध विचार आते है। मगर चेतना का स्तर ऊर्ध्व नही होता है। योग बिलकुल अलग बात है। पतंजलि योग की पहली सीढ़ी में कहते है। यम। यम के पांच अर्थ बताए गए हैं। पहला है अहिंसा। मन और वचन शब्दों से किसी को कष्ट न होने पाए। कोई आपसे दुखी न होने पाए। दूसरा है सत्य। अब यह और कठिन है। सत्य का व्यवहार करना है। दिन रात झूठ के व्यवहार हैं। व्यापार भी हैं। राजनीति में दिन भर असत्य बोलने की कार्रवाई है। ईशावास्योपनिषद की एक ऋचा में कहा गया है, कि परम सत्य का मुँह हिरण्यमय स्वर्ण पात्र से ढका है। उपनिषदों में सत्य (ब्रह्म) को निराकार अजन्मा कहा गया है । उपनिषद दार्शनिक और खोज पर जोर देते है । गीता में ज्ञान के साथ कर्म कर्तव्य पर जोर है। सत्य को ही बोला जाए सत्य को पहले ही जान लिया जाए। यहाँ फिर तब योग की आवश्यकता पर प्रश्न है। तीसरा है अस्तेय। चोरी न करना। किसी वस्तु की चोरी न करना। यहां चोरी न करना सनातन में निंदित रहा है। भारतीय संस्कृति में और श्री अरविंद,

योग में कैसे उतरा जाए। कोई योग का विद्यार्थी पहली सीढ़ी में क्या करे। यहाँ ध्यान रहे की बात चित्त वृत्ति के निरोध की हो रही है। रोकने की हो रही है। और हम जीवन व्यापार में लगातार उठते बैठते लगे रहते हैं। हम आँख बंद कर योग के लिए बैठते हैं हमको सब दृश्य लाभ हानि के दिखाई देने लगते हैं। तभी संपत्ति भी दिखाई देने लगती है। यहाँ फिर वही बात है कि माया पीछा करती है। बड़ी कठिनाई है? योग से यह कठिनाई चली जाती है। और योग में उतरने के पहले ही यह कठिनाइयां योग में जाने नही देती हैं। जीवन के अनेक नए पुराने दृश्य दिखाई देने लगते हैं। जैसे ही आँख बंद कर बैठे वैसे जगत सामने नृत्य करता है। ज्ञानी जनो ने इसे माया कहा। कबीर ने कहा कि माया महाठगिनी हम जानी। लोग गुरुओं के पास जाते हैं वह व्यायाम को योग बताने लगते हैं। यह और झंझट है। योग में व्यायाम आ गया। व्यायाम और कसरत योग से भिन्न है। हाँ व्यायाम से शरीर हष्ट पुष्ट बलिष्ठ बनता है। व्यायाम और आहार की शुद्धता आलस्य नही आने देते है। आहार ठीक नही तो शरीर खराब होगा । आहार उत्तेजक है या अधिक है तो शरीर मन दोनों उत्तेजना में रहेंगे । इसलिए शुद्ध आहार से शुद्ध विचार आते है। मगर चेतना का स्तर ऊर्ध्व नही होता है। योग बिलकुल अलग बात है। पतंजलि योग की पहली सीढ़ी में कहते है। यम। यम के पांच अर्थ बताए गए हैं। पहला है अहिंसा। मन और वचन शब्दों से किसी को कष्ट न होने पाए। कोई आपसे दुखी न होने पाए। दूसरा है सत्य। अब यह और कठिन है। सत्य का व्यवहार करना है। दिन रात झूठ के व्यवहार हैं। व्यापार भी हैं। राजनीति में दिन भर असत्य बोलने की कार्रवाई है। ईशावास्योपनिषद की एक ऋचा में कहा गया है, कि परम सत्य का मुँह हिरण्यमय स्वर्ण पात्र से ढका है। उपनिषदों में सत्य (ब्रह्म) को निराकार अजन्मा कहा गया है । उपनिषद दार्शनिक और खोज पर जोर देते है । गीता में ज्ञान के साथ कर्म कर्तव्य पर जोर है। सत्य को ही बोला जाए सत्य को पहले ही जान लिया जाए। यहाँ फिर तब योग की आवश्यकता पर प्रश्न है। तीसरा है अस्तेय। चोरी न करना। किसी वस्तु की चोरी न करना। यहां चोरी न करना सनातन में निंदित रहा है। भारतीय संस्कृति में और श्री अरविंद, बुद्ध महावीर भी चोरी नहीं करने और अहिंसा पर ही जोर देते हैं।

बुद्ध महावीर भी चोरी नहीं करने और अहिंसा पर ही जोर देते हैं। गांधी ने भी अहिंसा पर जोर दिया। यहाँ पतंजलि चोरी न करने की बात को भी योग से जोड़ते हैं। चित्त से जोड़ते हैं। चोरी न करना योग में उतरने में सहायक बता रहे हैं। अहिंसा को सत्य को चित्त की वृत्ति से जोड़कर योग में जाने का मार्ग वे प्रशस्त करते दिखाई देते हैं। फिर कहते हैं ब्रह्मचर्य। अपनी इंद्रियों को संयम में रखना। अपनी ऊर्ज़ा को बचाकर रखना। इसके बाद है अपरिग्रह। अर्थात वस्तुओं को एकत्रित न करना। संग्रह न करना।यहाँ निर्मल चित्त योग की नदी पार करने की यात्रा में सहायक होगा। गीता में ही कृष्ण कह रहे हैं योग शारीरिक अभ्यास नहीं है। आत्मा और परमात्मा के मिलन के समभाव में रहकर अपना कर्तव्य निर्वाह ही योग है। गीता अध्याय 2 में श्लोक 48 में उन्होंने ''समत्वं योग उच्चते कहा है''। कृष्ण कहते हैं कि सफलता या असफलता की चिंता किए बिना समभाव में रहकर अपना कर्तव्य निर्वाह ही योग है। फिर वह कर्म योग की बात करते हैं। निष्काम कर्म को श्रेष्ठ कह रहें हैं। गीता में योग के तीन प्रमुख मार्ग बताए गए हैं। पहला कर्म योग निष्काम भाव से अपने कर्तव्यों का पालन करना। दूसरा भक्ति योग पूर्ण श्रद्धा और प्रेम के साथ ईश्वर की शरण में जाना। तीसरा है ज्ञान योग। विवेक और ज्ञान योग के माध्यम से सत्य को जानना। योग व्यायाम नहीं है आत्मा का परमात्मा से मिलन और जीवन जीने की उत्कृष्ट कला है योग। गीता में योग कर्मसु कौशलम् अर्थात कर्म में कुशलता। श्री कृष्ण कहते हैं कर्मों की पूरी कुशलता और संतुलन के साथ करना ही योग है। यहां कुशलता का अर्थ चतुराई नहीं है बल्कि अनासक्त फल की इच्छा के बिना कर्तव्य पालन है। वहीं पतंजलि ने दुख के पांच क्लेश ( कारण) बताया है, जिन्हे योग द्वारा समाप्त किया जा सकता है। इनमें पहला है अविद्या या असत्य को सत्य मान लेना। दूसरा है ''अस्मिता'' अहंकार या स्वयं को शरीर और मन समझ लेना। तीसरे को पतंजलि ने राग कहा है। सुख के प्रति अत्यधिक मोह राग है। और चौथा है अप्रिय के प्रति और अनुभवों के प्रति गुस्सा किया जाना। सफलता के दो स्तम्भ बताएं हैं। मन को स्थिर करने और योग में सफलता के दो उपाय हैं। इसके लिए अभ्यास प्राथमिक है। मन को शांत रखने के लिए लंबे समय तक नियंत्रण का प्रयास करना। दूसरा है वैराग्य अर्थात बाहरी दुनिया की क्षणिक और भौतिक वस्तुओं के प्रति इच्छा का त्याग करना। योग वह अवस्था है जो मनुष्य को संसार के दुखों के बंधनों से मुक्त कर देती है। प्रधानमंत्री मोदी के आवाहन पर योग दर्शन भारत से दुनिया के देशों में पहुंचा। सब ने स्वागत किया। 21 जून को भारत सहित दुनिया के दर्जनों देशों में योग दिवस मनाया जाता है। यह सनातन विज्ञान आस्तिक और नास्तिक दोनों के लिए है सभी को लाभकारी है। योग विज्ञान में आस्था की जरूरत नहीं है। –

**अरुण कुमार दीक्षित**

# राजनैतिक सुरक्षा और जनाक्रोश से बचने को दलबदल

**विकास सक्सेना**

प्रख्यात शायर मिर्ज़ा गालिब का बहुचर्चित शेर 'उम्र भर गालिब यही भूल करता रहा, धूल चेहरे पर थी आइना साफ करता रहा', इन दिनों विपक्षी राजनैतिक दलों के प्रमुख नेताओं और कर्णधारों पर काफी सटीक बैठ रहा है। पश्चिम बंगाल सहित पांच राज्यों के विधानसभा चुनावों के नतीजे आने के बाद से क्षेत्रीय दलों के नेताओं में दलबदल की भगदड़ मची हुई है। इससे बौखलाए क्षेत्रीय दलों के नेता ईडी और सीबीआई जैसी संस्थाओं के दुरूपयोग का आरोप लगाकर भाजपा को कटघरे में खड़ा करने का प्रयास कर रहे हैं तो भाजपा और राजग के नेता इसके लिए विपक्षी दलों के अपरिपक्व नेतृत्व, ढुलमुल नीतियों, जनता से दूरी और वैचारिक अक्षमता आदि को जिम्मेदार ठहरा रहे हैं। गली-नुक्कड़ पर होने वाली चर्चाओं का स्थान ले चुके सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर राजनैतिक निष्ठा बदलने वाले इन नेताओं पर लोग अपने सियासी झुकाव के अनुसार टीका टिप्पणी कर रहे हैं। कोई इन्हें डरपोक और अवसरवादी बता कर कोस रहा है तो कोई क्षेत्रीय दलों के शीर्ष नेतृत्व की खामियां गिनाकर इनके कदम को उचित ठहराने की कोशिश में जुटा हुआ है। सही मायने में देखा जाए तो कोई भी नेता जब किसी दल में रहते हुए राजनैतिक असुरक्षा के भाव से घिर जाता है तो वह अपने सुरक्षित राजनैतिक भविष्य के आश्वासन के साथ उपहार स्वरूप मिलने वाले लाभों के लिए राजनैतिक निष्ठाएं बदलने का मौका नहीं गंवाता। सामान्यतौर पर दलबदल सत्ताधारी दल के पक्ष में या सत्ता परिवर्तन के लिए होता है इसलिए इसके ईनाम स्वरूप बड़े पद मिलना स्वभाविक सी बात है, कई बार तो दलबदल करने वाले नेता राज्य के मुख्यमंत्री तक का पद हासिल करने में कामयाब रहे हैं। हालांकि राजनैतिक निष्ठा बदलते समय ये नेता सबसे ज्यादा दुहाई पुराने दल में हुए वैचारिक पतन की देते हैं लेकिन हकीकत है कि अपवाद स्वरूप कुछ मामलों को छोड़ दें तो शायद ही कभी सिर्फ विचारधारा में बदलाव की वजह से किसी नेता ने दलबदल का रास्ता अपनाया हो। सत्ताधारी दल पर अक्सर ताकत का दुरूपयोग करके विपक्षी दलों में तोड़फोड़ करने के आरोप लगाए जाते हैं। केंद्र की सत्ता पर काबिज दलों पर तो आमतौर पर सीबीआई, प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) और आयकर विभाग जैसी केंद्रीय संस्थाओं का दुरूपयोग करके विपक्षी नेताओं को डराने धमकाने की चर्चा होती रहती है। इन दिनों मोदी के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार पर आरोप लगाने वाले भी जानते हैं कि समाजवादी पार्टी के संस्थापक मुलायम सिंह यादव और बसपा सुप्रीमो मायावती पर आय से अधिक सम्पत्ति का मामला कांग्रेस के नेतृत्व वाले संयुक्त प्रगतिशील गठबंधन की सरकार के दौरान दर्ज किया गया था। यूपीए शासनकाल में एआईएडीएमके नेत्री जयललिता और वाईएसआर कांग्रेस के जगनमोहन रेड्डी भी केंद्रीय जांच संस्थाओं के निशाने पर रहे। ऐसा नहीं है कि जांच के दायरे में आए इन नेताओं ने ताकत का दुरूपयोग नहीं किया होगा लेकिन सवाल यह है कि इनके खिलाफ शुरू की गई कार्रवाई का उद्देश्य दोषियों को दंडित करना था या अपने राजनैतिक हित साधना। पश्चिम बंगाल सहित पांच राज्यों के विधानसभा चुनावों के नतीजे आने के बाद राजनैतिक दलों में हैरान करने वाली भगदड़ मची है। सबसे ज्यादा चौंकाने वाली खबरें पश्चिम बंगाल से आ रही हैं। चुनावी नतीजे आने के एक महीने के भीतर ही पिछले 15 साल पश्चिम बंगाल की सत्ता पर काबिज रही ममता बनर्जी की तृणमूल कांग्रेस के समाने अस्तित्व का संकट खड़ा हो गया है। संघर्ष के दम पर 34 साल के वामपंथी शासन को उखाड़ फेंकने वाली ममता दीदी की टीएमसी ने इस बार के विधानसभा चुनावों में 80 सीटों पर जीत दर्ज की, लेकिन उसके 58 विधायकों ने ऋतब्रत बनर्जी के नेतृत्व में बगावत कर दी। उन्होंने विधानसभा अध्यक्ष रविन्द्र नाथ बोस को चिट्ठी लिखकर अगल गुट के तौर पर मान्यता देने की मांग की। उनके गुट को मान्यता मिल गई है और ऋतब्रत बनर्जी विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष चुने गए हैं। इसके बाद तृणमूल कांग्रेस के 28 में से 20 सांसदों ने काकोली घोष दस्तीदार के नेतृत्व में त्रिपुरा के एक गुमनाम से राजनैतिक दल नेशनलिस्ट सिटिजन्स पार्टी ऑफ इण्डिया (एनसीपीआई) में शामिल होने का ऐलान किया है। इस बावत उन्होंने लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला को पत्र भी लिखा है। एनसीपीआई राजग का हिस्सा है जबकि इन बागी सांसदों में चंद हफ्ते पहले तक प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, गृहमंत्री अमित शाह और भाजपा के कटु आलोचक रहे टीएमसी नेता सुदीप बंदोपाध्याय, सायोनी घोष और उनकी नेता काकोली घोष दस्तीदार भी शामिल हैं।

## सेहत मंत्र

# शरीर के कई अंगों को प्रभावित कर सकता है सिक्कल सेल एनीमिया

एनीमिया की बात करें तो यह बहुत आम है लेकिन लोगों में इसके प्रति जानकारी का बहुत आभाव है, साथ ही आम तौर पर शरीर में सिर्फ खून की कमी को ही एनीमिया मान लिया जाता है, जिसके प्रचलित उपायों में खूब नारियल पानी पीना, चुकंदर खाना जैसी सलाह दी जाती हैं ताकि शरीर में खून की कमी पूरी हो, लेकिन एनीमिया सिर्फ खून की कमी का नाम नहीं है। एनीमिया होने के बहुत से कारण हो सकते हैं जिसमे कई तरह के पोषण की कमी से लेकर जटिल अनुवांशिक विकार भी हो सकते हैं। इसलिए ये तो एक भ्रान्ति है कि एनीमिया सिर्फ खून की कमी नाम है। नोएडा स्थित जेपी अस्पताल की एग्जीक्यूटिव कंसल्टेंट- हेमेटो ओन्कोलोजी डॉक्टर एशा कौल का कहना है कि गौर करें तो दुनिया में सैकड़ों तरह के एनीमिया पाए जाते हैं और हरेक एनीमिया की अपनी तरह की जटिलताएं होती हैं और अलग तरह के इलाज और सावधानी की ज़रूरत होती है। आकंड़ों के अनुसार दुनिया भर में लगभग 24.8 फ़ीसदी लोग एनीमिया की किसी न किसी किस्म से पीड़ित हैं, ऐसे में इसके प्रति जागरूकता का होना बहुत ज़रूरी है। सिक्कल सेल एनीमिया इनमे से एक जोखिम भरा एनीमिया है। यह एक तरह का अनुवांशिक एनीमिया है। एक ऐसा जटिल प्रकार का एनीमिया जिसमें मरीज़ के शरीर के कई ऑर्गन प्रभावित होते हैं, यहां तक कि जीवनशैली और जीवन प्रत्याशा पर भी असर पड़ता है। सिक्कल सेल एनीमिया एक अनुवांशिक रोग है। यदि माता पिता दोनों इसी बीमारी से पीड़ित हैं, तो 25 फीसदी सम्भावना है कि होने वाले शिशु को भी यह होगा। और यदि दोनों में से कोई एक इस बीमारी से पीड़ित है तो शिशु के स्वस्थ होने की कुछ हद तक सम्भावना तो है लेकिन वह इसका वाहक भी हो सकता है। सिक्कल सेल एनीमिया और उससे जुड़े जोखिम को ध्यान में रखते हुए, और जिन परिवारों में यह बीमारी पहले से मौजूद है उनमें शिशु के जन्म से पहले ही पता लगाया जाना सहायक होता है।

## धर्म मंत्र

# भगवान विष्णु का वह धाम, जहां रक्षाबंधन पर होता है पत्थर से युद्ध

मां वाराही धाम देवीधुरा का मंदिर देश के गिने चुने वैष्णव मंदिरों में से एक है। यह देवभूमि उत्तराखंड का अद्भुत-अलौकिक धाम है। यहां पर पृथ्वी माता की वाराही स्वरूप में पूजा होती है। भगवान विष्णु का यह धाम रक्षाबंधन के दिन पत्थर युद्ध के लिए भी प्रसिद्ध है। पौराणिक कथा के अनुसार, जब हिरणाक्ष्य पृथ्वी को पाताल लोक ले जा रहा था तो पृथ्वी ने भगवान विष्णु से अपनी रक्षा के लिए करुण पुकार की। उनकी पुकार सुनकर भगवान विष्णु बैकुंठ छोड़कर पृथ्वी को बचाने चले आए। श्रीहरि ने वाराह अवतार लेकर पृथ्वी को अपने बाम अंग में ले लिया और उसे डूबने से बचाया, तभी से पृथ्वी स्वरूपा वैष्णवी वाराही कहलाईं। मां वाराही सदियों से यहां गुफा में विराजमान हैं, भक्त अपनी मनोकामनाओं की पूर्ति के लिए उनके दर्शन करने आते हैं। ऐसी मान्यता है कि जो भी भक्त सच्चे मन से गर्भ गुफा में प्रवेश कर मां वाराही का ध्यान करता है, मां वाराही उसकी समस्त मनोकामनाओं को पूरी कर देती हैं। हर साल रक्षाबंधन के दिन यहां पत्थर से युद्ध होता है। वाराही धाम में होने वाले युद्ध को 'बग्वाल' कहा जाता है। देवीधुरा के खोलीखांड़ दुबाचौड़ में वालिक, लमगडिय़ा, चम्याल और गहड़वाल खामों यानी दलों के लोग दो भागों में बंटकर यह पत्थर युद्ध खेलते हैं। पौराणिक कथा के अनुसार, देवासुर संग्राम में मुचकुंद राजा की सेना ने भी भाग लिया था, जिसने असुरों को मां बाराही की कृपा से पराजित किया था। तब देव सेना ने प्रसन्न होकर प्रतीक स्वरूप बग्वाल खेली और ई-ह-हा-हा-इ-ही का वैदिक उद्घोष किया।

## पर्यटन



# दक्षिण अफ्रीका है विश्व का सबसे बड़ा नेचर रिजर्व

काजा परियोजना विश्व का सबसे बड़ा अंतर्राष्ट्रीय नेचर रिजर्व है लेकिन दक्षिण अफ्रीका के कुछ सबसे गरीब क्षेत्रों में संरक्षण की इस लड़ाई में कदम-कदम पर चुनौतियां हैं। इनमें पर्यटन तथा वन्यजीव संरक्षण के बीच सही संतुलन बनाना भी शामिल हैं। अधिकतर पर्यटक जंगली जानवरों को देखने ही अफ्रीका जाते हैं। इस परियोजना से रिलेटिड एक कहानी भी सुनने में सामने आई है। असल में पीटर सिंबाडा एक सुबह जागे तो उन्होनें पाया कि रात को उनकी सभी बकरियों को शेरनी खा गई। हालांकि जंगली जानवर पीटर के दैनिक जीवन का हिस्सा हैं। एक सफारी गाईड के रुप में शेरों की एक झलक पाने के लिए लालायित पर्यटकों को शेरों के व्यवहार के बारे में बताते हुए जंगल की सैर करवाना ही उनका काम है। वह जिम्बावे के ह्वागें राष्ट्रीय उद्यान के करीब एक लॉज में काम करते हैं। उनके अनुसार उनके देश की विरासत ( वन्यजीव) लोगों के लिए खतरा और आय का एक स्त्रोत,दोनों हैं। अफ्रीका में पर्यटकों को आकर्षित करने में भी यहां के वन्यजीवों का ही सबसे बड़ा योगदान है। अनेक पर्यटक तो सिर्फ और सिर्फ जंगली जानवरों को देखने के लिए ही दक्षिण अफ्रीका जाते हैं। ह्वांगे राष्ट्रीय उद्यान जिंबावे का सबसे बड़ा संरक्षित क्षेत्र है लेकिन वहीं उससे कहीं बड़ी तथा मबत्वाकांक्षी परियोजना- 'कवांगो जाम्बेजी ट्रासफ्रंटियर कन्जर्वेशन एरिया' यानी 'काजा' का एक छोटा-सा हिस्सा है। 'काजा' विश्व का सबसे बड़ा अंतर्राष्ट्रीय प्राकृतिक क्षेत्र हैं जो 5 देशों में 5 हजार 20 किलोमीटर में फैला है। इस रिजर्व में 36 राष्ट्रीय उद्यान हैं तथा 2 युनैस्को विश्व धरोहर स्थल-विकटोरिया फॉल्स और ओकावांगो डेल्टा शामिल हैं। 'काजा' के प्रभारी - नामीबिया, जांबिया, जिंबावे, अंगोला और बोत्सवाना के अधिकारी-सभी देशों की सीमाओं के आर-पार इस रिजर्व की रक्षा के लिए लड़ने के साथ स्थानीय लोगों की इस जैव विविधता तक पहुंच को सुनिश्चित बनाने के लिए प्रयासरत हैं।

# समाधान दिवस में एडीएम ने सुनीं जनसमस्याएं, गुणवत्ता पूर्ण निस्तारण के दिए निर्देश

## शिकायतकर्ता से संवाद कर समस्याओं का करें समाधान, किसी भी प्रकरण में लापरवाही बर्दाश्त नहीं : निरंकार

कैनविज टाइम्स संवाददाता

हैदरगढ़ बाराबंकी । तहसील हैदरगढ़ परिसर में आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस में अपर जिलाधिकारी (राजस्व) निरंकार सिंह ने आमजन की समस्याओं को गंभीरता से सुनते हुए संबंधित अधिकारियों को शिकायतों के त्वरित एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि शासन की मंशा के अनुरूप प्रत्येक शिकायत का समाधान पारदर्शी, निष्पक्ष और संतोषजनक ढंग से किया जाना चाहिए।

एडीएम निरंकार सिंह ने अधिकारियों को संबोधित करते हुए कहा कि केवल शिकायत का निस्तारण दर्ज कर देना पर्याप्त नहीं है, बल्कि यह सुनिश्चित किया जाए कि शिकायतकर्ता वास्तव में संतुष्ट हो। उन्होंने निर्देश दिए कि प्रत्येक प्रकरण में संबंधित शिकायतकर्ता से व्यक्तिगत रूप से वार्ता कर उसकी समस्या को समझा जाए तथा मौके पर जांच कर वास्तविक तथ्यों के आधार पर समाधान कराया जाए। उन्होंने कहा कि शिकायतों के निस्तारण में गुणवत्ता सर्वोपरि होनी चाहिए और किसी भी स्तर पर औपचारिकता या लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी। समाधान दिवस के दौरान एडीएम ने विभिन्न विभागों से संबंधित प्राप्त शिकायतों की सुनवाई की तथा अधिकारियों को समयबद्ध कार्रवाई कर पात्र व्यक्तियों को न्याय दिलाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जनता की समस्याओं का प्रभावी समाधान प्रशासन की प्राथमिक जिम्मेदारी है और इसमें किसी प्रकार की शिथिलता नहीं बरती जानी चाहिए। सुनवाई के उपरांत अपर जिलाधिकारी ने तहसील परिसर का निरीक्षण भी किया। इस दौरान उन्होंने विभिन्न शाखाओं का अवलोकन करते हुए अभिलेखों की जांच की तथा कार्यालयीय कार्यप्रणाली को और अधिक प्रभावी एवं पारदर्शी बनाने के संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने अभिलेखों के सुव्यवस्थित रखरखाव, समयबद्ध कार्य निष्पादन तथा जनसुविधाओं को बेहतर बनाने पर विशेष जोर दिया। इस अवसर पर उपजिलाधिकारी राजेश विश्वकर्मा, पुलिस उपाधीक्षक समीर कुमार सिंह, प्रभारी तहसीलदार सुश्री प्रियंका शुक्ला, नायब तहसीलदार सौरभ कुमार सिंह, नायब तहसीलदार रामजी द्विवेदी सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

### सम्पूर्ण समाधान दिवस में 91 शिकायतें, 9 का निस्तारण

**रामनगर, बाराबंकी।** तहसील रामनगर में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस में विभिन्न विभागों से संबंधित 91 शिकायतें प्राप्त हुईं। इनमें से 9 शिकायतों का मौके पर निस्तारण किया गया, जबकि शेष 82 मामलों के शीघ्र समाधान के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए गए। सर्वाधिक 58 शिकायतें राजस्व विभाग से संबंधित थीं, जिनमें 6 का निस्तारण हुआ। समाज कल्याण विभाग की 5 शिकायतों में से 3 का समाधान किया गया। उपजिलाधिकारी ने अधिकारियों को लंबित मामलों का समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित करने और लापरवाही बरतने पर कार्रवाई की चेतावनी दी। इस अवसर पर तहसीलदार समेत विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

# सम्पूर्ण समाधान दिवस डीएम ने सुनीं फरियादें, कई मामलों का निस्तारण

## खतौनी त्रुटि सुधरवाई

कैनविज टाइम्स संवाददाता




बाराबंकी। जनसमस्याओं के त्वरित एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के उद्देश्य से तहसील फतेहपुर में जिलाधिकारी ईशान प्रताप सिंह की अध्यक्षता में सम्पूर्ण समाधान दिवस आयोजित किया गया। इस दौरान पुलिस अधीक्षक अर्पित विजयवर्गीय, उपजिलाधिकारी कार्तिकेय सिंह सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

जिलाधिकारी ने फरियादियों की शिकायतों को गंभीरता से सुनते हुए संबंधित अधिकारियों को समयबद्ध एवं प्रभावी कार्रवाई के निर्देश दिए। समाधान दिवस के दौरान असोहना निवासी सतीश चंद्र वर्मा की खतौनी में लिपिकीय त्रुटि को तत्काल संशोधित कर राहत प्रदान की गई। वहीं दखिन गांव के राम किशोर यादव की विद्युत मीटर संबंधी शिकायत तथा अचैचा निवासी कुसुम की भूमि पैमाइश व कब्जा दिलाने की मांग पर संबंधित विभागों को आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए गए। अमलिया पीर क्षेत्र में लो-वोल्टेज की समस्या के स्थायी समाधान के लिए भी विद्युत विभाग को निर्देशित किया गया।

जनपद की विभिन्न तहसीलों में आयोजित समाधान दिवसों में कुल 455 शिकायतें प्राप्त हुईं, जिनमें से 45 शिकायतों का मौके पर निस्तारण किया गया। नवाबगंज में 203 में से 15, फतेहपुर में 81 में से 11, रामसनेहीघाट में 67 में से 11, सिरौलीगौसपुर में 18 में से 4 तथा हैदरगढ़ में 86 में से 4 मामलों का तत्काल निस्तारण किया गया।

### यौमे अली असगर पर हुई मजलिसें, शहादत को किया गया याद

**जैदपुर, बाराबंकी, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** मोहर्रम के अवसर पर जैदपुर में मजलिसों का सिलसिला जारी है। वक्फ इमामबाड़ा गढ़ी जदीद तालुकदार में हजरत इमाम हुसैन के छह माह के पुत्र हजरत अली असगर की याद में यौमे अली असगर मनाया गया। कार्यक्रम में मौलाना जाबिर जौरासी, मौलाना फैजान मेहंदी रिजवी और मौलाना शबाहत हुसैन रिजवी ने तकरीर करते हुए कर्बला की घटनाओं और हजरत अली असगर की शहादत पर प्रकाश डाला। संचालन सैयद कामिल रिजवी जैदपुरी ने किया। बड़ी संख्या में अज़ादारों ने अपने बच्चों के साथ कार्यक्रम में शिरकत कर शहादत को याद किया। बाद में मौलाना फैज अब्बास मशहदी ने मजलिस को खिताब किया। इसी क्रम में जैदपुर के अन्य इमामबाड़ों में भी मजलिसों का आयोजन किया गया।

### एलुमनी मॉडल बनेगा मिसाल, डीएम ने पायलट प्रोजेक्ट के रूप में लागू के दिए निर्देश

**बाराबंकी, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** पीएम श्री राजकीय इंटर कॉलेज के पूर्व छात्रों की संस्था 'मैजिक' (मेंबर्स ऑफ एलुमनी एसोसिएशन ऑफ गवर्नमेंट इंटर कॉलेज) के प्रतिनिधिमंडल ने अध्यक्ष डॉ. सुधीर वर्मा के नेतृत्व में जिलाधिकारी ईशान प्रताप सिंह से शिष्टाचार भेंट की। प्रतिनिधिमंडल में उपाध्यक्ष सुशील कुमार अग्रवाल, मनोज गुप्ता, विजय तिवारी, डॉ. सुधा वर्मा, अधिवक्ता गणेश चंद्र निगम, डॉ. विमल बैसवार, प्रभात सिन्हा सहित अन्य सदस्य शामिल रहे। बैठक के दौरान संस्था द्वारा पिछले ढाई वर्षों में किए गए कार्यों की जानकारी देते हुए जनपद के सभी राजकीय विद्यालयों में पूर्व छात्र संघ (एलुमनी एसोसिएशन) गठित करने का प्रस्ताव रखा गया।
जिलाधिकारी ने इस पहल को छात्र हित में प्रेरणादायी बताते हुए संस्था की सराहना की और कहा कि इससे विद्यालयों एवं पूर्व छात्रों के बीच मजबूत संबंध स्थापित होंगे तथा शिक्षा के क्षेत्र में संसाधनों और सहयोग का नया मार्ग खुलेगा। जिलाधिकारी ने मुख्य विकास अधिकारी ए. सुदन को निर्देशित किया कि मैजिक संस्था के इस मॉडल को जनपद में पायलट परियोजना के रूप में विकसित करने की दिशा में आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। साथ ही संबंधित विभागों को इस अभियान से जोड़कर राजकीय विद्यालयों में एलुमनी सहभागिता को प्रभावी बनाने पर जोर दिया।

### सीएससी केंद्रों पर मनाया गया पीएम किसान उत्सव दिवस, किसानों ने देखा लाइव प्रसारण

**बाराबंकी, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** भारत सरकार एवं सीएससी एसपीवी के निर्देशानुसार जनपद के कॉमन सर्विस सेंटरों पर शनिवार को पीएम किसान उत्सव दिवस का आयोजन किया गया। इस दौरान बड़ी संख्या में किसानों ने प्रधानमंत्री के कार्यक्रम का सजीव प्रसारण देखा और प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि की 23वीं किस्त जारी होने के अवसर के साक्षी बने।
कार्यक्रम में किसानों को विभिन्न सरकारी योजनाओं की जानकारी दी गई। साथ ही डीजीपे वेब के माध्यम से किसानों ने अपने खातों से सम्मान निधि की राशि का सुरक्षित एवं त्वरित लेनदेन किया। जिला समन्वयक शैलेंद्र कुमार मिश्रा ने विभिन्न सीएससी केंद्रों का भ्रमण कर किसानों को डिजिटल भुगतान के प्रति जागरूक किया। कार्यक्रम में किसानों की अच्छी भागीदारी रही और ग्रामीण क्षेत्रों में डिजिटल सेवाओं के प्रति उत्साह देखने को मिला।

### वृद्धावस्था पेंशन में आयु सत्यापन के लिए आधार कार्ड नहीं होगा मान्य : जिलाधिकारी

**देवरिया।** जिलाधिकारी ने बताया कि शासन के निर्देशों के अनुसार राष्ट्रीय वृद्धावस्था पेंशन योजना में आवेदन के समय आधार कार्ड में अंकित जन्मतिथि को आयु प्रमाण के रूप में मान्य नहीं किया जाएगा। इस संबंध में जनपद के सभी उपजिलाधिकारियों को आवश्यक निर्देश जारी कर दिए गए हैं। उन्होंने बताया कि भारतीय विशिष्ट पहचान प्राधिकरण द्वारा आधार कार्ड को जन्मतिथि के प्रमाण के रूप में मान्यता नहीं दिए जाने के कारण यह निर्णय लिया गया है। वृद्धावस्था पेंशन योजना में ग्रामीण क्षेत्रों के आवेदकों के लिए परिवार/कुटुम्ब रजिस्टर की प्रमाणित प्रति अथवा शैक्षिक प्रमाण–पत्र पूर्ववत मान्य रहेंगे। जिलाधिकारी ने बताया कि नगरीय क्षेत्रों में परिवार/कुटुम्ब रजिस्टर उपलब्ध न होने की स्थिति को देखते हुए राशन कार्ड, मतदाता पहचान पत्र, ड्राइविंग लाइसेंस, पासपोर्ट एवं पैन कार्ड को आयु सत्यापन के लिए मान्य किया गया है। इसके लिए आवेदक को निर्धारित प्रारूप पर स्व–घोषणा पत्र देना अनिवार्य होगा कि उसके पास हाईस्कूल स्तर का शैक्षिक प्रमाण–पत्र तथा परिवार/कुटुम्ब रजिस्टर उपलब्ध नहीं है। उन्होंने सभी उपजिलाधिकारियों को निर्देशित किया है कि वृद्धावस्था पेंशन के आवेदनों का परीक्षण शासनादेश के अनुरूप करते हुए नियमानुसार कार्रवाई सुनिश्चित करें तथा किसी भी स्थिति में आधार कार्ड में अंकित जन्मतिथि को आयु प्रमाण के रूप में स्वीकार न किया जाए।

# मिनी स्टेडियम में क्रिकेट टूर्नामेंट का शुभारंभ, उद्घाटन मैच में बड़ागांव की जीत

कैनविज टाइम्स संवाददाता



मसौली, बाराबंकी। कस्बा बड़ागांव स्थित जमील उर रहमान किदवई स्मारक मिनी स्टेडियम में शनिवार से तीन दिवसीय क्रिकेट टूर्नामेंट का शुभारंभ हुआ। प्रतियोगिता का उद्घाटन प्रभारी निरीक्षक अजय प्रकाश त्रिपाठी ने फीता काटकर किया तथा खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर खेल भावना और अनुशासन के साथ प्रतियोगिता में भाग लेने का आह्वान किया।

उद्घाटन के बाद प्रभारी निरीक्षक ने बल्लेबाजी करते हुए पहली ही गेंद पर छक्का लगाकर खिलाड़ियों और दर्शकों का उत्साह बढ़ाया। उन्होंने कहा कि खेल शारीरिक विकास के साथ-साथ भाईचारा और टीम भावना को भी मजबूत करते हैं तथा पुलिस हमेशा खिलाड़ियों को प्रोत्साहित करने के लिए तत्पर है।

उद्घाटन मैच बड़ागांव और मसौली के बीच खेला गया। टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए बड़ागांव ने निर्धारित ओवरों में 105 रन बनाए। जवाब में मसौली की टीम 68 रन पर सिमट गई। बड़ागांव के कप्तान मोहम्मद अदनान को जेके सीमेंट की ओर से मैन ऑफ द मैच चुना गया।

इस अवसर पर प्रधान प्रतिनिधि नूर मोहम्मद, उपनिरीक्षक अभय गुप्ता, संदीप यादव, मुन्नू कुरैशी, मोहम्मद नासिर, फैय्याज मलिक सहित बड़ी संख्या में खेल प्रेमी एवं ग्रामीण मौजूद रहे।

# तालाब, सरकारी जमीन और मुआवजा विवादों में घिरा लेखपाल

कैनविज टाइम्स संवाददाता

❒ ग्रामीण बोले– जांच से खुलेगा पूरा खेल

रामनगर बाराबंकी। महादेवा क्षेत्र के लोधौरा में तैनात लेखपाल संतोष वर्मा एक बार फिर गंभीर आरोपों को लेकर चर्चा में हैं। ग्रामीणों का आरोप है कि महादेवा कॉरिडोर परियोजना के दौरान मुआवजा निर्धारण से लेकर सार्वजनिक भूमि और तालाबों पर कब्जों के मामलों तक उनकी भूमिका विवादों के घेरे में रही है।

क्षेत्रीय लोगों का दावा है कि कॉरिडोर क्षेत्र में कई मामलों में वास्तविक भूमिधरों के बजाय अन्य व्यक्तियों के नाम कब्जेदार के रूप में दर्ज किए गए, जिससे मुआवजा भुगतान विवादित हो गया। आरोप है कि बाद में इन्हीं विवादों को सुलझाने और भुगतान दिलाने के नाम पर लाभार्थियों से धन की मांग की गई। ग्रामीणों के अनुसार धन मांगने से जुड़े कुछ कथित ऑडियो भी क्षेत्र में चर्चा का विषय बने रहे हैं, हालांकि उनकी स्वतंत्र पुष्टि नहीं हो सकी है।

ग्रामीणों का कहना है कि भूमि और मकानों के प्रतिफल निर्धारण में निर्धारित नियमों का समुचित पालन नहीं किया गया, जिसके चलते कई प्रभावित परिवारों को लंबे समय तक भुगतान के लिए भटकना पड़ा। वहीं सार्वजनिक भूमि, तालाबों और रास्तों पर हुए कथित अतिक्रमणों की जांच को लेकर भी सवाल उठ रहे हैं। शिकायतकर्ताओं का आरोप है कि कब्जों की पुष्टि होने के बावजूद प्रभावी कार्रवाई नहीं की गई।

ग्रामीणों का यह भी कहना है कि वरासत, पैमाइश, अंश संशोधन और अन्य राजस्व कार्यों में धन लेने की शिकायतें पहले भी सामने आती रही हैं। लगातार बढ़ती शिकायतों के बीच लोगों ने पूरे प्रकरण की उच्चस्तरीय, निष्पक्ष और समयबद्ध जांच कर दोषियों के विरुद्ध कार्रवाई की मांग की है।

हालांकि लेखपाल के विरुद्ध लगाए गए आरोपों पर अभी तक कोई आधिकारिक जांच रिपोर्ट सार्वजनिक नहीं हुई है। संबंधित पक्ष का पक्ष प्राप्त होने पर उसे भी प्रमुखता से प्रकाशित किया जाएगा।

# अमरनाथ यात्रा सेवा के लिए बाराबंकी से भंडारा दल रवाना



कैनविज टाइम्स संवाददाता

बाराबंकी। अमरनाथ यात्रा के दौरान श्रद्धालुओं की सेवा हेतु श्री बर्फानीश्वर महादेव सेवा समिति का भंडारा दल रविवार को नागेश्वरनाथ मंदिर से रवाना हुआ। इस अवसर पर पूर्व कैबिनेट मंत्री अरविंद कुमार सिंह गोप ने पूजा-अर्चना के बाद भंडारे की सामग्री ले जा रहे वाहनों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

उन्होंने कहा कि बाबा बर्फानी के भक्तों की निस्वार्थ सेवा से आत्मिक संतुष्टि प्राप्त होती है। उन्होंने समिति के अध्यक्ष कैलाश नाथ शर्मा एवं सेवादारों की सराहना करते हुए यात्रा की सफलता की कामना की। कार्यक्रम में वरिष्ठ पत्रकार नीतेश मिश्रा सुरेंद्र सिंह वर्मा, वीरेंद्र प्रधान, ताज बाबा सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# उच्च न्यायालय से स्थगन आदेश मिलने के बाद डॉ. अखिलेश वर्मा ने पुनः ग्रहण किया कार्यभार



कैनविज टाइम्स संवाददाता

रामनगर बाराबंकी। रामनगर स्थित रामनगर पीजी कॉलेज में कार्यरत डॉ. अखिलेश कुमार वर्मा, एसोसिएट प्रोफ़ेसर एवं प्रभारी, हिंदी विभाग ने उच्च न्यायालय की लखनऊ खंडपीठ से स्थगन आदेश प्राप्त होने के उपरांत पुनः अपना कार्यभार ग्रहण कर लिया है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, डॉ. वर्मा के निलंबन संबंधी प्रकरण में माननीय उच्च न्यायालय की लखनऊ खंडपीठ द्वारा अंतरिम राहत प्रदान किए जाने के बाद महाविद्यालय की प्रबंध समिति ने 19 जून 2026 को प्राचार्य के माध्यम से उन्हें कार्यभार ग्रहण कराने के निर्देश जारी किए। इसके अनुपालन में डॉ. वर्मा ने अपना दायित्व संभाल लिया।

महाविद्यालय परिसर में शिक्षकों एवं कर्मचारियों ने उनका स्वागत करते हुए उन्हें शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर उपस्थित शिक्षकों ने उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। कार्यक्रम में डॉ. आजाद सिंह, डॉ. रामकुमार सिंह, मनोज सिंह, अखिलेश पटेल सहित अन्य शिक्षक एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

उल्लेखनीय है कि संबंधित प्रकरण माननीय उच्च न्यायालय में विचाराधीन है तथा मामले की आगे की सुनवाई न्यायालय के समक्ष जारी रहेगी।

# जनगणना-2027 : पहले चरण में उत्तर प्रदेश ने बनाया रिकॉर्ड

कैनविज टाइम्स संवाददाता

वाराणसी। देश की सबसे बड़ी आबादी वाले राज्य उत्तर प्रदेश ने जनगणना-2027 के पहले चरण में बड़ी प्रशासनिक उपलब्धि हासिल की है। राज्य में 22 मई से 20 जून 2026 तक चले मकान-सूचीकरण एवं मकान जनगणना (हाउस लिस्टिंग एंड हाउसिंग सेंसस) का कार्य निर्धारित समय सीमा के भीतर शत-प्रतिशत पूरा कर लिया गया है। इसे जनगणना-2027 की दिशा में एक महत्वपूर्ण और ऐतिहासिक पड़ाव माना जा रहा है।

इस महाअभियान के तहत प्रदेश के 75 जिलों, 350 तहसीलों, 17 नगर निगमों, 200 नगर पालिका परिषदों, 545 नगर पंचायतों, 13 छावनी परिषदों तथा आठ औद्योगिक टाउनशिप में व्यापक स्तर पर सर्वेक्षण किया गया। लगभग 1.04 लाख गांवों और 14,983 वार्डों में बनाए गए 3,90,717 मकान-सूचीकरण ब्लॉकों में घर-घर जाकर आंकड़े जुटाए गए। इस विशाल कार्य को सफल बनाने के लिए करीब पांच लाख प्रगणकों और पर्यवेक्षकों ने भीषण गर्मी के बावजूद घर-घर पहुंचकर सूचनाएं एकत्र कीं। उनके समर्पण और मेहनत के कारण निर्धारित समय में पूरा अभियान सफलतापूर्वक संपन्न हो सका।

जनगणना कार्य निदेशालय, उत्तर प्रदेश ने इस सफलता का श्रेय मुख्य सचिव, उत्तर प्रदेश शासन तथा भारत के महारजिस्ट्रार एवं जनगणना आयुक्त के प्रभावी नेतृत्व और सतत मार्गदर्शन को दिया है। निदेशालय ने कहा कि शासन स्तर से मिले सहयोग और प्रशासनिक समन्वय के कारण इतने बड़े अभियान को समयबद्ध ढंग से पूरा करना संभव हो पाया। अभियान में सभी जिलाधिकारियों, नगर आयुक्तों, जिला जनगणना अधिकारियों, अपर नगर आयुक्तों, चार्ज अधिकारियों तथा विभिन्न विभागों के अधिकारियों और कर्मचारियों की सक्रिय भागीदारी रही। वहीं एनआईसी के जिला सूचना विज्ञान अधिकारियों ने तकनीकी सहायता देकर डिजिटल प्रक्रिया को सुचारु बनाए रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। निदेशालय ने विशेष रूप से उन प्रगणकों और पर्यवेक्षकों का अभिनंदन किया है, जिन्होंने कठिन मौसम में भी घर-घर पहुंचकर पूरी जिम्मेदारी और निष्ठा के साथ अपने दायित्व का निर्वहन किया। उनके अथक प्रयासों ने इस अभियान को सफलता तक पहुंचाया। जनगणना कार्य निदेशालय ने मीडिया संस्थानों और पत्रकारों का भी आभार व्यक्त किया है, जिन्होंने अभियान की जानकारी आमजन तक पहुंचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। साथ ही प्रदेश की जनता को धन्यवाद देते हुए कहा गया कि लोगों ने अपने घरों के द्वार खोलकर प्रगणकों का सहयोग किया और सही जानकारी उपलब्ध कराई। अधिकारियों के अनुसार सरकार, प्रशासन, क्षेत्रीय कर्मियों, मीडिया और आम नागरिकों के इस सामूहिक सहयोग ने जनगणना-2027 के पहले चरण को पूरी तरह सफल बनाते हुए अगले चरण के लिए मजबूत आधार तैयार कर दिया।

## योग सप्ताह का समापन: बाराबंकी में 'वाई–ब्रेक प्रोटोकॉल' का आयोजन

# अधिकारियों–कर्मचारियों ने लिया स्वस्थ जीवन का संकल्प

कैनविज टाइम्स संवाददाता



बाराबंकी। अंतरराष्ट्रीय योग सप्ताह के समापन पर आयुष विभाग द्वारा जन-जागरूकता अभियान के तहत जिला चिकित्सालय पुरुष, मुख्य चिकित्सा अधिकारी कार्यालय तथा प्रधान डाकघर बाराबंकी में विशेष 'वाई-ब्रेक प्रोटोकॉल' का आयोजन किया गया। कार्यक्रम क्षेत्रीय आयुर्वेदिक एवं यूनानी अधिकारी डॉ. वीनम यादव के निर्देशन में संपन्न हुआ।

इस अवसर पर जिला चिकित्सालय पुरुष के अधीक्षक जे.पी. मौर्य, सीएमओ कार्यालय के डॉ. डी.के. सिंह तथा प्रधान डाकघर के अधीक्षक पुरुषोत्तम नाथ समेत अनेक अधिकारियों और कर्मचारियों ने सहभागिता की। योग प्रशिक्षक सुशील कुमार अवस्थी ने प्रतिभागियों को वाई-ब्रेक प्रोटोकॉल का अभ्यास कराते हुए बताया कि आयुष मंत्रालय द्वारा विकसित यह पांच मिनट का योग कार्यक्रम कार्यस्थल पर तनाव कम करने, ऊर्जा बढ़ाने और मानसिक ताजगी बनाए रखने के लिए तैयार किया गया है। इसे कार्यालय में बैठे-बैठे भी आसानी से किया जा सकता है। उन्होंने बताया कि प्रोटोकॉल में ताड़ासन, स्कंध चक्र, कटि चक्रासन, अर्द्धचक्रासन, दीर्घ श्वसन, नाड़ीशोधन प्राणायाम, भ्रामरी प्राणायाम और ध्यान जैसी सरल योग क्रियाएं शामिल हैं। इनसे शारीरिक थकान व मानसिक तनाव कम होने के साथ कार्यक्षमता और एकाग्रता में वृद्धि होती है। कार्यक्रम के दौरान अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने नियमित योग को जीवन का हिस्सा बनाने का संकल्प लिया। वक्ताओं ने कहा कि वर्तमान भागदौड़ भरी जीवनशैली में योग स्वस्थ शरीर, मानसिक संतुलन और सकारात्मक सोच के लिए अत्यंत आवश्यक है।

# नीदरलैंड को हराकर प्रो लीग के डच चरण का समापन करने उतरेगी भारतीय हॉकी टीम

एजेंसी



रोटरडम। टूर्नामेंट में अब तक मिला जुला प्रदर्शन करने वाली भारतीय हॉकी टीम एफआईएच प्रो लीग के डच चरण का समापन रविवार को मेजबान नीदरलैंड पर जीत के साथ करना चाहेगी।

एफआईएच रैंकिंग में आठवें स्थान पर काबिज भारत को पहले मैच में दूसरी रैंकिंग वाली नीदरलैंड ने 3-2 से हराया। भारत ने विश्व चैम्पियन जर्मनी को 3-1 से हराया लेकिन रिटर्न मैच में 1-2 से हार गये। नौ टीमों के प्रो लीग में आठवें स्थान पर काबिज भारत विश्व कप और एशियाई खेलों से पहले इस टूर्नामेंट में सही टीम संयोजन तलाशना चाहता है। नीदरलैंड के खिलाफ मैच के बाद भारतीय टीम इंग्लैंड जायेगी जहां मेजबान इंग्लैंड के अलावा चिर प्रतिद्वंद्वी पाकिस्तान से खेलना है। हरमनप्रीत सिंह की कप्तानी में भारतीय टीम 23 जून को लंदन में पाकिस्तान से खेलेगी और 25 जून को इंग्लैंड से सामना होगा। पाकिस्तान से 26 जून और इंग्लैंड से 28 जून को आखिरी मैच होगा। भारत और पाकिस्तान 2024 में चीन में एशियाई चैम्पियंस ट्रॉफी के बाद पहली बार आमने सामने होंगे। भारत ने कप्तान हरमनप्रीत के दो गोल की मदद से वह मैच जीता था। प्रो लीग के यूरोप चरण में भारत ने ऊंची रैंकिंग वाली टीमों के खिलाफ करीबी मुकाबले खेले हैं। अब कोच क्रेग फुल्टोन को टीम से अपना सर्वश्रेष्ठ खेल दिखाकर नीदरलैंड को हराने की उम्मीद होगी। फुल्टोन इन मैचों को अपनी बेंच स्ट्रेंथ को आजमाने के लिये भी इस्तेमाल कर रहे हैं ताकि विश्व कप और एशियाई खेलों में सर्वश्रेष्ठ टीम उतारी जा सके। आखिरी मिनटों में गोल गंवाना भारत की पुरानी समस्या रही है और जर्मनी के खिलाफ भी यह देखा गया। मैच में 56वें मिनट तक एक गोल से आगे रहने के बाद भारत ने आखिरी छह मिनटों में दो पेनल्टी कॉर्नर गंवाये और दूसरा तो आखिरी सीटी बजने से कुछ सेकंड पहले ही गंवा दिया। जर्मनी के खिलाफ दूसरे मैच में मिडफील्डर मनप्रीत सिंह ने भारत के लिये सर्वाधिक 412 मैचों का दिलीप टिर्की का रिकॉर्ड तोड़ा। सबसे सीनियर खिलाड़ी मनप्रीत भी सकारात्मक नतीजे के लिये टीम को प्रेरित करेंगे।

# एफआईएच महिला हॉकी नेशंस कप 2025-26 : भारत ने चिली को 6-0 से रौंदकर फाइनल में बनाई जगह

एजेंसी



ऑकलैंड। भारतीय महिला हॉकी टीम ने शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए एफआईएच महिला हॉकी नेशंस कप न्यूज़ीलैंड 2025-26 के सेमीफाइनल में शनिवार को चिली को एकतरफा मुकाबले में 6-0 से हराकर लगातार चौथी जीत दर्ज की और फाइनल में प्रवेश कर लिया। भारतीय टीम की इस शानदार जीत में नवनीत कौर और दीपिका ने दो-दो गोल दागे, जबकि नेहा और ऋतुजा दादासो पिसाल ने एक-एक गोल किया। कप्तान सलीमा टेटे को उनके बेहतरीन ऑलराउंड प्रदर्शन के लिए प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया। भारत अब फाइनल में अमेरिका और मेज़बान न्यूज़ीलैंड के बीच होने वाले दूसरे सेमीफाइनल की विजेता टीम से भिड़ेगा। भारत ने मुकाबले की शुरुआत से ही गेंद पर नियंत्रण बनाए रखा और छठे मिनट में मिले पहले पेनल्टी कॉर्नर को गोल में बदलते हुए बढ़त हासिल की। नवनीत कौर ने सटीक शॉट लगाकर भारत को 1-0 की बढ़त दिलाई। 13वें मिनट में कप्तान सलीमा टेटे ने बाएं फ्लैंक से शानदार मूव बनाते हुए गेंद नवनीत तक पहुंचाई और उन्होंने अपना दूसरा गोल दागकर भारत की बढ़त दोगुनी कर दी। इसके बाद दीपिका ने लगातार दो पेनल्टी कॉर्नर को गोल में बदलते हुए 14वें और 18वें मिनट में गोल दागे और भारत ने पहले हाफ में ही 4-0 की मजबूत बढ़त बना ली। दीपिका के इन दो गोलों के साथ टूर्नामेंट में उनके कुल गोलों की संख्या छह हो गई और वह शीर्ष गोल स्कोरर बन गईं। दूसरे हाफ में भी भारतीय टीम ने आक्रामक खेल जारी रखा। नेहा ने 32वें मिनट में पेनल्टी कॉर्नर को गोल में बदलकर स्कोर 5-0 किया। इसके बाद ऋतुजा दादासो पिसाल ने 39वें मिनट में ओपन प्ले से शानदार रिवर्स हिट लगाकर भारत का छठा गोल दाग दिया। अंतिम क्वार्टर में चिली ने कुछ मौके बनाए, लेकिन भारतीय गोलकीपर सविता ने बेहतरीन बचाव करते हुए विपक्षी टीम को कोई गोल नहीं करने दिया। भारत ने अंत तक अपना दबदबा बनाए रखा और 6-0 की बड़ी जीत के साथ खिताबी मुकाबले में जगह पक्की कर ली।

# फीफा विश्व कप : दस खिलाड़ियों के साथ पराग्वे ने तुर्किये को 1-0 से हराया, नॉकआउट की उम्मीदें बरकरार

एजेंसी

सैन फ्रांसिस्को। फीफा विश्व कप 2026 के ग्रुप डी मुकाबले में पराग्वे ने शानदार जुझारू प्रदर्शन करते हुए शनिवार को तुर्किये को 1-0 से हराकर टूर्नामेंट में अपनी उम्मीदें मजबूत कर लीं, जबकि तुर्किये इस हार के साथ विश्व कप से बाहर हो गया। मुकाबले का इकलौता और निर्णायक गोल मातियास गलार्सा ने मैच के केवल 64वें सेकंड में दागा। उन्होंने लगभग 25 मीटर दूरी से जोरदार लो शॉट लगाकर गेंद को गोल में पहुंचाया। यह गोल अब तक के इस विश्व कप का सबसे तेज गोल बन गया। इससे पहले यह रिकॉर्ड मोरक्को के इस्माइल साइबारी के नाम था, जिन्होंने स्कॉटलैंड के खिलाफ 71वें सेकंड में गोल किया था। अमेरिका के खिलाफ शुरुआती मुकाबले में 1-4 की हार के बाद उतरी पराग्वे टीम ने शुरुआत से आक्रामक खेल दिखाया और शुरुआती बढ़त हासिल करने के बाद पूरे मैच में मजबूत रक्षात्मक प्रदर्शन किया। हालांकि, पहले हाफ के इंजरी टाइम में पराग्वे को बड़ा झटका लगा जब मिगुएल अल्मिरोन को रेड कार्ड दिखा दिया गया। अल्मिरोन पर आरोप था कि उन्होंने प्रतिद्वंद्वी खिलाड़ी मेर्त मुल्दुर से बातचीत के दौरान मुंह को हाथ से ढककर आपत्तिजनक टिप्पणी की। वीडियो सहायक रेफरी (वीएआर) समीक्षा के बाद उन्हें बाहर भेजा गया। यह विश्व कप में नए नियम के तहत पहली बार हुआ, जिसमें किसी टकराव की स्थिति में मुंह को हाथ, बांह या जर्सी से ढककर बोलने पर सीधे रेड कार्ड दिया जा सकता है। दूसरे हाफ में तुर्किये ने एक खिलाड़ी अधिक होने का पूरा फायदा उठाने की कोशिश की और लंबे समय तक गेंद पर कब्जा बनाए रखा। एक समय उसके पास 79 प्रतिशत पजेशन रहा। तुर्किये ने कुल 32 शॉट लगाए, लेकिन एक भी गोल नहीं कर सका। केनान यिल्दिज़ और अर्दा गुलर को कई मौके मिले, लेकिन वे उन्हें गोल में नहीं बदल सके। दूसरी ओर, पराग्वे की रक्षापंक्ति लगातार दबाव झेलते हुए भी मजबूत बनी रही। इस जीत के साथ पराग्वे ने टूर्नामेंट में वापसी की, जबकि इससे पहले अमेरिका की ऑस्ट्रेलिया पर जीत के कारण अमेरिका ग्रुप डी में शीर्ष स्थान सुनिश्चित कर चुका था। पराग्वे, जिसे ह्लला अलबिरोजाङ्क के नाम से भी जाना जाता है, इससे पहले 2010 विश्व कप में क्वार्टर फाइनल तक पहुंचा था, जो उसका सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन रहा है।

# भारत और श्रीलंका के बीच फाइनल में सूर्यवंशी पर टिकी रहेंगी निगाह

एजेंसी



दांबुला। भारत ए की टीम त्रिकोणीय एक दिवसीय श्रृंखला के फाइनल में रविवार को यहां जब श्रीलंका ए का सामना करेगी तो सभी की निगाह वैभव सूर्यवंशी पर टिकी रहेंगी। भारतीय टीम लीग मैच में श्रीलंका ए से सुपर ओवर में हार गई थी और वह इसका बदला चुकता करने के लिए प्रतिबद्ध होगी। इस मैच के बाद मैदान पर माहौल गरमा गया था तथा सूर्यवंशी और श्रीलंका के विशेन हलाम्बेज आपस में उलझ गए थे। श्रीलंका ए ने 50 ओवरों में मैच टाई होने के बाद सुपर ओवर में 16 रन बनाए और फिर भारत ए को नौ रन पर रोक दिया था। मैच खत्म होने के बाद तनाव और बढ़ गया। हलाम्बेज और वानूजा साहन को पवेलियन लौट रहे भारतीय बल्लेबाजों से कहा-सुनी करते देखा गया। वीडियो में सूर्यांश शेडगे को हलाम्बेज की ओर बल्ला ताने हुए दिखाया गया। इसके बाद सूर्यवंशी ने पलटकर श्रीलंकाई खिलाड़ी से तीखी बहस की। इसके बाद दोनों एक-दूसरे को धक्का देते नजर आए। विकेटकीपर निरोशन डिकवेला ने बीच-बचाव करके उन्हें अलग किया। यह देखना बाकी है कि क्या दोनों टीम उस घटना को भुलाकर आगे बढ़ चुकी हैं। लेकिन सूर्यवंशी पर सभी की निगाह टिकी रहेगी। आईपीएल में शानदार प्रदर्शन करने वाले 15 वर्ष के इस खिलाड़ी को आयरलैंड और इंग्लैंड के खिलाफ होने वाली टी20 अंतरराष्ट्रीय श्रृंखला के लिए भारत की सीनियर टीम में चुना गया है। उन्होंने आईपीएल 2026 में 16 मैचों में 237.31 के शानदार स्ट्राइक रेट से सर्वाधिक 776 रन बनाए, जिसमें 72 छक्के शामिल थे। आईपीएल की सफलता और पहली बार भारतीय टीम में चुने जाने के बाद श्रीलंका के दौरे पर आए सूर्यवंशी को दांबुला की धीमी पिचों पर संघर्ष करना पड़ा है। उन्होंने अब तक चार मैचों में 14, 44, 21 और 38 रन बनाए हैं। अफगानिस्तान ए के खिलाफ भारत के करो या मरो वाले मैच में उनसे बड़ी पारी की उम्मीद की जा रही थी लेकिन वह केवल 38 रन ही बना पाए और अब उन पर वापसी करने का दबाव होगा। भारतीय टीम हालांकि अफगानिस्तान के खिलाफ मिली जीत से उत्साहित होगी। उसने इस मैच में पहले बल्लेबाजी करते हुए नौ विकेट पर 319 रन बनाए और फिर अफगानिस्तान को 36.5 ओवर में 218 रनों पर आउट कर दिया। इस मैच में कप्तान तिलक वर्मा, प्रियांश आर्य और कुमार कुशाग्र ने अर्धशतक लगाए, जबकि बाएं हाथ के स्पिनर निशांत सिंधु ने गेंदबाजी में शानदार प्रदर्शन करते हुए 31 रन देकर चार विकेट लिए। रुतुराज गायकवाड़ इस प्रतियोगिता में भारत के बल्लेबाजी के मुख्य आधार रहे हैं। उन्होंने अब तक एक शतक सहित 234 रन बनाए हैं। अगर सलामी बल्लेबाज अच्छी शुरुआत देने में विफल रहते हैं तो तीसरे नंबर पर बल्लेबाजी कर रहे गायकवाड को सूत्रधार की भूमिका निभानी होगी।

# संक्षिप्त समाचार

## भारत में एफवन की वापसी के लिये कार्यबल का गठन होगा : खेलमंत्री मांडविया

**नयी दिल्ली।** भारत में फार्मूला वन की वापसी की प्रक्रिया को तेज करने की कवायद में खेलमंत्री मनसुख मांडविया ने शनिवार को कहा कि भारत में इस रेस की मेजबानी की चुनौतियां और फायदों के आकलन के लिये जल्दी ही एक कार्यबल का गठन किया जायेगा। चुनिंदा मीडिया से बातचीत में मांडविया ने कहा कि हाल ही में फार्मूला वन के अधिकारियों, बुद्ध इंटरनेशनल सर्किट के मालिकों, अडानी समूह, भारतीय मोटर स्पोटर्स क्लब महासंघ के प्रतिनिधियों , युवा रेसर और मोटर स्पोटर्स प्रशंसकों समेत सभी हितधारकों से मुलाकात के बाद यह फैसला लिया गया। मांडविया ने कहा ,'' इस बैठक के बाद तय किया गया कि मंत्रालय चार या पांच सदस्यीय कार्यबल का गठन करेगा जो भारत में मोटर स्पोटर्स के इकोसिस्टम का विस्तृत आकलन करेगा और इसके विकास की चुनौतियों की भी समीक्षा करेगा। उन्होंने कहा ,'' कार्यबल यह समीक्षा करेगा कि भारत में एफवन की मेजबानी से अंतरराष्ट्रीय, आर्थिक, पर्यटन और निवेश संबंधी क्या लाभ होंगे। इसके अलावा प्रमुख प्राथमिकताओं, बुनियादी ढांचे की जरूरतों और संचालनात्मक जरूरतों की भी समीक्षा करके अपने सुझाव खेल मंत्रालय को देगा। कार्यबल में एफएमएससीआई, खेल मंत्रालय, प्रदेश सरकार (उत्तर प्रदेश ) और बुद्ध इंटरनेशनल सर्किट के मालिकों के प्रतिनिधि होंगे। खेल मंत्रालय ने कोई समय सीमा तय नहीं की है लेकिन यह कहा कि इसे जल्दी से जल्दी पूरा किया जायेगा। कार्यबल को रिपोर्ट जमा करने के लिये तीन महीने का समय दिया जायेगा। मांडविया ने कहा ,'' हमारा लक्ष्य 2028 में भारत में फार्मूला वन रेस की वापसी है। इसके लिये अगले साल जरूरी रूपरेखा बनाई जायेगी। क्षेत्रीय और जमीनी स्तर के मोटर स्पोर्ट केंद्रों को बढावा दिया जायेगा।'' भारत में 2011 से 2013 तक एफवन रेस हुई थी जिसके बाद कर संबंधी दिक्कतों और आर्थिक कारणों से इसे हटा दिया गया।

## अशिमता चालिहा मकाऊ ओपन के सेमीफाइनल में हारी

**मकाऊ।** अशिमता चालिहा की शनिवार को यहां महिला एकल के सेमीफाइनल में दक्षिण कोरिया की पार्क गा यून से सीधे गेम में हार के साथ भारत का मकाऊ ओपन सुपर 300 बैडमिंटन टूर्नामेंट में अभियान समाप्त हो गया। विश्व रैंकिंग में 63वें स्थान पर काबिज भारतीय खिलाड़ी 38 मिनट तक चले मुकाबले में विश्व रैंकिंग में 61वें नंबर की खिलाड़ी पार्क से 17-21, 9-21 से हार गई। जब अशिमता ने 15-11 की बढ़त बनाई तो ऐसा लग रहा था कि वह पहला गेम जीत जाएंगी, लेकिन कोरियाई खिलाड़ी ने लगातार छह अंक जीतकर जोरदार वापसी की और 16-15 से आगे हो गईं। भारतीय खिलाड़ी ने भी हार नहीं मानी और स्कोर 17-17 से बराबर कर दिया, लेकिन पार्क ने एक बार फिर अपने खेल का स्तर बढ़ाया और अगले चार अंक हासिल करके पहला गेम 21-17 से अपने नाम कर दिया। दूसरे गेम में भी दक्षिण कोरियाई खिलाड़ी का दबदबा बना रहा क्योंकि अशिमता अपनी लय हासिल करने के लिए संघर्ष करती रहीं। दूसरे गेम के शुरू में स्कोर 3-3 से बराबर था लेकिन इसके बाद पार्क ने 9-5 की बढ़त बना ली, जिसके बाद उन्होंने लगातार आक्रामक विनर्स और शानदार नेट प्ले के दम पर अपनी बढ़त को कायम रखा और भारतीय खिलाड़ी को वापसी का मौका नहीं दिया। अशिमता की हार के साथ ही टूर्नामेंट में भारत का सफर समाप्त हो गया, क्योंकि इससे पहले आठवीं वरीयता प्राप्त भारतीय खिलाड़ी अनमोल खरब क्वार्टर फाइनल में हान कियान शी से हार गई थी।

## भारतीय बीपीसी उत्पाद बाजार के 2030 तक 39 अरब डॉलर पहुंचने की संभावना: रिपोर्ट

**नयी दिल्ली।** भारत के सौंदर्य एवं व्यक्तिगत देखभाल (बीपीसी) उत्पाद बाजार के वर्ष 2030 तक 39 अरब अमेरिकी डॉलर पर पहुंचने का अनुमान है। ई-कॉमर्स क्षेत्र की प्रमुख कंपनी फ्लिपकार्ट की एक रिपोर्ट में यह जानकारी दी गई। रिपोर्ट के अनुसार, एक समय लोग सौदर्य को सिर्फ अपनी आकांक्षाओं वाली श्रेणी मानते थे, लेकिन आज इसे आत्म देखभाल और व्यक्तिगत पहचान की रोजाना जरूरत के रूप में देख रहे हैं। 'फ्लिपकार्ट ग्लैमअप एनुअल ब्यूटी ट्रेंड्स रिपोर्ट-2026' के अनुसार, वर्तमान में लगभग 27 अरब डॉलर मूल्य वाला भारतीय सौंदर्य बाजार वैश्विक स्तर पर सबसे आकर्षक वृद्धि वाले बाजारों में शामिल है। फ्लिपकार्ट में ब्रांड रणनीति एवं अंतर्दृष्टि की वरिष्ठ निदेशक प्रियंका भार्गव ने कहा, ''भारत का सौंदर्य बाजार एक महत्वपूर्ण मोड़ पर है। जो कभी आकांक्षी श्रेणी थी, वह अब आत्म-देखभाल, आत्मविश्वास और पहचान की दैनिक जरूरत के रूप में उभरा है।

# फिट हार्दिक पंड्या भारत की विश्व कप योजनाओं के लिए बेहद महत्वपूर्ण: डब्ल्यूवी रमन

एजेंसी



चेन्नई। भारत के पूर्व बल्लेबाज डब्ल्यूवी रमन का मानना है कि हार्दिक पंड्या का फिट होना 2027 के वनडे विश्व कप के लिए भारत की योजनाओं के लिए बेहद महत्वपूर्ण है , क्योंकि बल्लेबाज और गेंदबाज दोनों के रूप में योगदान देने की उनकी क्षमता टीम को इस बड़े टूर्नामेंट में बेहद जरूरी संतुलन प्रदान करेगी। रमन ने कहा, ''मेरा मानना है कि हार्दिक भारतीय टीम के लिए बहुमूल्य साबित हो सकते हैं। अगर वह फिट रहते हैं और पूरे 10 ओवर गेंदबाजी कर सकते हैं तो उससे टीम में जो संतुलन पैदा होगा वह बेहद महत्वपूर्ण होगा। लेकिन यह सब कुछ उनकी फिटनेस पर निर्भर करेगा। उन्होंने कहा, ''हार्दिक को अफगानिस्तान के खिलाफ वनडे श्रृंखला के लिए टीम ने चुना गया था लेकिन चोट के कारण उन्हें बाहर होना पड़ा। भारत को अगले वर्ष अफ्रीका में होने वाले वनडे विश्व कप से पहले लगभग 15 वनडे मैच खेलने हैं और रमन का मानना है कि टीम प्रबंधन को इनका उपयोग सही संयोजन तैयार करने के लिए करना चाहिए क्योंकि भारत का नॉकआउट चरण में रिकॉर्ड अच्छा नहीं रहा है। उन्होंने कहा, ''आठ बार नॉकआउट चरण तक पहुंचने और केवल दो बार सफल होने से पता चलता है कि टीम प्रबंधन को विभिन्न विकल्पों पर विचार करने और अभी सही संयोजन तैयार करने के लिए प्रयोग करने की जरूरत है। रमन ने कहा, ''टूर्नामेंट से पहले के 12 से 15 महीने बहुत महत्वपूर्ण होते हैं। उन्हें सभी द्विपक्षीय श्रृंखला का उपयोग विभिन्न संयोजनों को आजमाने के लिए करना चाहिए। इससे खिलाड़ियों को खुद को पहचानने में मदद मिलेगी और प्रबंधन को विश्व कप के लिए अपनी ताकत और संभावित विकल्पों का आकलन करने का अवसर मिलेगा। भारत वनडे विश्व कप में दो बार 1983 और 2011 में चैंपियन रहा था। वह 2003 और 2023 में फाइनल में हार गया था। इसके अलावा वह 1987, 1996, 2015 और 2019 में सेमीफाइनल से बाहर हो गया था। वनडे टीम में रोहित शर्मा के भविष्य के सवाल पर रमन ने कहा कि यह फैसला चयनकर्ताओं और टीम प्रबंधन पर छोड़ देना चाहिए। उन्होंने कहा, ''रोहित एक ऐसे खिलाड़ी हैं जिन्होंने उस प्रारूप में असाधारण रूप से अच्छा प्रदर्शन किया है। वह खेल के महान खिलाड़ियों में से एक हैं। क्या वह अभी भी उतने ही अच्छे हैं जितने पहले थे, यह टीम प्रबंधन को तय करना है।

# दोहा डायमंड लीग में चौथे स्थान पर रहे नीरज चोपड़ा

एजेंसी

दोहा। चोट के कारण अपने सत्र की शुरुआत देर से करने वाले भाला फेंक के दिग्गज भारतीय खिलाड़ी नीरज चोपड़ा शुक्रवार को यहां दोहा डायमंड लीग प्रतियोगिता में चौथे स्थान पर रहे। ओलंपिक में दो पदक जीतने वाले 28 वर्षीय चोपड़ा ने अपने तीसरे प्रयास में 85.69 मीटर का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया, जो पदक जीतने के लिए पर्याप्त नहीं था। चोपड़ा पिछले कुछ समय से पीठ दर्द से परेशान रहे हैं। उन्हें यह चोट सितंबर 2025 में तोक्यो विश्व चैंपियनशिप के दौरान लगी थी। विश्व चैंपियनशिप में आठवें स्थान पर रहने के बाद वह पहली बार किसी प्रतियोगिता में में प्रतिस्पर्धा कर रहे थे। तुर्किए में 'रिहैबिलिटेशन' के बाद वह 25 मई से स्विट्जरलैंड में अभ्यास कर रहे थे। श्रीलंका के उभरते सितारे रुमेश थरंगा पथिराज ने 88.68 मीटर के थ्रो के साथ कई स्टार खिलाड़ियों के बीच खिताब जीता। ग्रेनाडा के दो बार के विश्व चैंपियन एंडरसन पीटर्स 86.38 मीटर के साथ दूसरे स्थान पर रहे। तोक्यो विश्व चैंपियनशिप में कांस्य पदक जीतने वाले अमेरिका के कर्टिस थॉम्पसन ने 85.99 मीटर के साथ तीसरा स्थान हासिल किया। चोपड़ा ने हालांकि आगामी राष्ट्रमंडल खेलों के लिए भारतीय एथलेटिक्स महासंघ (एएफआई) द्वारा निर्धारित 82.61 मीटर की क्वालीफाइंग दूरी को पार कर लिया। उन्हें ग्लासगो में 23 जुलाई से दो अगस्त तक होने वाले इन खेलों के लिए पहले ही 32 सदस्यीय भारतीय टीम में शामिल कर लिया गया था। चोपड़ा ने फाउल के साथ शुरुआत की और 82.77 मीटर के अपने दूसरे दौर के थ्रो के बाद चौथे स्थान पर पहुंच गए, जिससे 2026 राष्ट्रमंडल खेलों में उनकी जगह पक्की हो गई। उन्होंने अपने तीसरे प्रयास में और भी बेहतर प्रदर्शन किया और भाले को 85.69 मीटर तक फेंका और एक स्थान ऊपर तीसरे स्थान पर पहुंच गए।

# ग्लैम अप फ़ेस्ट 2026: जेन-जी और नॉन-मेट्रो इंडिया की वजह से फ्लिपकार्ट ब्यूटी में 50 फीसदी की ग्रोथ

एजेंसी

नई दिल्ली। ई-कॉमर्स क्षेत्र की प्रमुख कंपनी फ्लिपकार्ट ने शुक्रवार को घोषणा की कि उसकी ब्यूटी और पर्सनल केयर कैटेगरी में साल-दर-साल 50 फीसदी की बढ़ोतरी हुई है। इस प्लेटफॉर्म पर अब ब्यूटी से जुड़ी कुल खरीदारी में से करीब 60 फीसदी खरीदारी जेन-जी कर रहे हैं।

ई-कॉमर्स मार्केटप्लेस, फ्लिपकार्ट की ओर से नई दिल्ली के भारत मंडपम में आयोजित 'ग्लैम अप फ़ेस्ट 2026' के चौथे एडिशन में यह जानकारियां सामने आईं, जिसमें 100 से ज्यादा बड़े ब्यूटी ब्रांड्स और 6 हजार से ज्यादा क्रिएटर्स, इन्फ्लुएंसर्स और सेलिब्रिटीज़ शामिल हुए। इस इवेंट में फ्लिपकार्ट ने अपना 'ग्लोबल लक्स ब्यूटी स्टोर' भी लॉन्च किया, जिसका अनावरण जाह्नवी कपूर ने किया। ग्लैम अप फ़ेस्ट 2026' में फ्लिपकार्ट ने 'क्वांटम कंज्यूमर सॉल्यूशंस' के साथ मिलकर तैयार की गई अपनी 'एनुअल ब्यूटी ट्रेंड्स रिपोर्ट 2.0' जारी की। यह रिपोर्ट भारतीय खरीदारों के ब्यूटी के प्रति बदलते नजरिए को दिखाती है। रिपोर्ट के मुताबिक अब प्लेटफॉर्म पर ब्यूटी से जुड़ी कुल खरीदारी में से लगभग 60 फीसदी खरीदारी जेन-जी कर रहे हैं। इस तेज़ी को बढ़ाने में टियर 2 और टियर 3 शहरों के खरीदारों की बड़ी भूमिका है। इस रिपोर्ट के अनुसार, एक समय लोग सौदर्य को सिर्फ अपनी आकांक्षाओं वाली श्रेणी मानते थे, लेकिन आज इसे आत्म देखभाल और व्यक्तिगत पहचान की रोजाना जरूरत के रूप में देख रहे हैं। फ्लिपकार्ट पर ब्यूटी से जुड़ी हर तीन में से दो सर्च नॉन-मेट्रो शहरों से आती हैं। कटक, बर्धमान, गोरखपुर, कोट्टायम,




गुंटूर, जामनगर और सांगली जैसे कई शहर देश में ब्यूटी ट्रेंड्स और खरीदारी के फैसलों को तेज़ी से आकार दे रहे हैं। ई-कॉमर्स क्षेत्र की प्रमुख कंपनी फ्लिपकार्ट की रिपोर्ट में कहा गया है कि भारत के सौंदर्य एवं व्यक्तिगत देखभाल (बीपीसी) उत्पाद बाजार के वर्ष 2030 तक 39 अरब यूएस डॉलर पर पहुंचने का अनुमान है। ग्लैम अप फ़ेस्ट 2026' इवेंट में फ्लिपकार्ट ने अपना 'ग्लोबल लक्स ब्यूटी स्टोर' भी लॉन्च किया, जिसका अनावरण जाह्नवी कपूर ने किया। इससे भारतीय खरीदारों को डर्मा केयर, खुशबू (फ्रैगरेंस) और के-ब्यूटी जैसे इंटरनेशनल ब्यूटी प्रोडक्ट्स तक पहुंच मिली। इस स्टोर में 100 से ज्यादा ब्रांड्स शामिल हैं, जिनमें केल्विन क्लाइन, गुच्ची, नॉटिका, यूसेरिन, मेडिक्यूब, डी'अल्बा, सेटाफिल, सेरावे, ब्यूटी ऑफ जोसोन और टिर टिर जैसे ब्रांड्स शामिल हैं।

# श्यामा प्रसाद मुखर्जी ने बंगाल को भारत से अलग होने से बचाया, 20 जून ऐतिहासिक स्मरण का दिन: मोदी

एजेंसी

तारकेश्वर, 20 जून (वार्ता) प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार को कहा कि 20 जून को 'पश्चिम बंगाल दिवस' मनाना केवल एक औपचारिक आयोजन नहीं है, बल्कि यह इतिहास के एक निर्णायक अध्याय की याद दिलाता है जब पूरे बंगाल को भारत से अलग करने और पाकिस्तान में मिलाने के कथित प्रयास किए गए थे।

पश्चिम बंगाल में सरकार बदलने के बाद पहले आधिकारिक पश्चिम बंगाल दिवस समारोह को संबोधित करते हुए, प्रधानमंत्री मोदी ने डॉक्टर श्यामा प्रसाद मुखर्जी को उस आंदोलन का नेतृत्व करने का श्रेय दिया जिसने बंगाल के एक हिस्से को भारत के भीतर बनाए रखना सुनिश्चित किया। प्रधानमंत्री ने कहा कि आजादी से पहले के समय में राजनीतिक ताकतों ने बंगाल को भारत से अलग करने के प्रयास किये थे और यहाँ तक कि कांग्रेस ने भी अंततः उन योजनाओं को स्वीकार कर लिया था। उन्होंने कहा कि श्यामा प्रसाद मुखर्जी ऐसे प्रयासों का विरोध करने वाले मुख्य व्यक्ति के रूप में उभरे और उन्होंने भारत के भीतर बंगाली हिंदुओं के लिए एक अलग गृहभूमि के लिए आंदोलन शुरू किया। श्री मोदी ने कहा, ''यह बात युवाओं को जाननी चाहिए। जब बंगाल को पाकिस्तान में मिलाने की योजना थी, तब कांग्रेस उनकी योजना के आगे घुटने टेक रही थी। तब श्यामा प्रसाद मुखर्जी इसके खिलाफ खड़े हुए और उन्होंने एक संकल्प लिया, जिसके बाद बंगाली हिंदू गृहभूमि आंदोलन शुरू हुआ। प्रधानमंत्री ने कहा कि मेघनाद साहा, आर सी मजुमदार और सुनीति कुमार चट्टोपाध्याय जैसी कई प्रमुख हस्तियां और जी डी बिड़ला जैसे उद्योगपति डा. मुखर्जी के शुरू किए इस आंदोलन में शामिल हुए। श्री मोदी के अनुसार, इस आंदोलन ने आखिरकार पूरे बंगाल को पाकिस्तान में शामिल करने के पक्षधरों को अपने फैसले पर दोबारा सोचने के लिए मजबूर कर दिया। उन्होंने कहा, ''इस जन आंदोलन ने भारत विरोधी लोगों को यह सोचने पर मजबूर कर दिया कि पूरे बंगाल को देश से अलग नहीं किया जा सकता। इस तारीख के ऐतिहासिक महत्व पर चर्चा करते हुए, श्री मोदी ने 20 जून 1947 का जिक्र किया, जब बंगाल की विधानसभा ने अविभाजित बंगाल के विभाजन के पक्ष में मतदान किया था, जिसके कारण भारतीय संघ के भीतर पश्चिम बंगाल का निर्माण हुआ, जबकि पूर्वी बंगाल पाकिस्तान का हिस्सा बन गया। उन्होंने कहा, ''इसलिए बंगाल के एक हिस्से को भारत में रखना केवल एक संस्कृति की रक्षा करना नहीं था, बल्कि इसे आज भी जीवित रखना था। पश्चिम बंगाल दिवस कोई तारीख नहीं है; यह इतिहास को याद करना है। हम बंगाल के बलिदान और संस्कृति को नमन करते हैं।''

आजादी से पहले के वर्षों के दौरान बंगाल के अनुभवों का जिक्र करते हुए प्रधानमंत्री ने उस सांप्रदायिक हिंसा को याद किया जिसने इस क्षेत्र को झकझोर कर रख दिया था।

उन्होंने कहा, ''आजादी के दौरान बंगाल ने सबसे ज्यादा बलिदान दिया। साल 1946 में कलकत्ता का भीषण नरसंहार और नोआखली के सांप्रदायिक दंगे हुए। बंगालियों ने अपनी जान दी। बंगाल ने अपनी मातृभूमि का विभाजन देखा लेकिन बंगाल ने अपने गौरव का बलिदान नहीं दिया। श्री मोदी ने आरोप लगाते हुए कहा कि डा. मुखर्जी की ऐतिहासिक भूमिका और पश्चिम बंगाल के गठन के पीछे के आंदोलन को बाद की सरकारों ने पर्याप्त रूप से उजागर नहीं किया गया। उन्होंने कहा, ''जब इसका प्रचार लोगों के बीच किया जाना चाहिए था, तब इसे दबा दिया गया। उन सभी विचारों को दबाने का प्रयास किया गया।

# किसानों के खातों में पहुंचे 18,880 करोड़

## प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि की 23वीं किस्त जारी

एजेंसी

हुगली (पश्चिम बंगाल)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार को 18,880 करोड़ रुपये की धनराशि 9.44 करोड़ से अधिक किसानों के खातों में भेजकर देश के अन्नदाताओं को एक और बड़ी राहत प्रदान की। यह कार्यक्रम प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि की 23वीं किस्त के देशव्यापी कार्यक्रम के तहत यहां के तारकेश्वर में आयोजित किया गया था।

श्री मोदी ने इसी कार्यक्रम से उन्होंने पश्चिम बंगाल में प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना, एग्रीस्टैक, राष्ट्रीय प्राकृतिक कृषि मिशन और प्रधानमंत्री धन-धान्य कृषि योजना जैसी कई अहम कृषि योजनाओं के क्रियान्वयन की शुरुआत की, जिससे किसानों की आय सुरक्षा, प्राकृतिक खेती, डिजिटल एग्रीकल्चर और समग्र ग्रामीण विकास को नई गति मिलने जा रही है।

इस किस्त से अकेले पश्चिम बंगाल के 45 लाख से अधिक किसानों को 900 करोड़ रु. से ज्यादा की सहायता मिलेगी,



जबकि पूरे देश में 2019 से अब तक पीएम किसान के तहत 4.46 लाख करोड़ रुपये से अधिक की राशि वितरित की जा चुकी है।

प्रधानमंत्री ने राज्य में प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना (पीएमएफबीवाई) और पुनर्गठित मौसम आधारित फसल बीमा योजना के क्रियान्वयन की शुरुआत भी की। उन्होंने 2026ऽ27 में करीब 14 लाख हेक्टेयर क्षेत्र में लगभग 50 लाख किसानों को 28,140 करोड़ रु. से अधिक की फसल बीमा सुरक्षा देने का लक्ष्य तय किया। उन्होंने एग्रीस्टैक के माध्यम से डिजिटल एग्रीकल्चर प्लेटफॉर्म, राष्ट्रीय प्राकृतिक कृषि मिशन के तहत 17,300 हेक्टेयर में 346 प्राकृतिक खेती के क्लस्टर और प्रधानमंत्री धनऽधान्य कृषि योजना के जरिए पुरुलिया, दार्जिलिंग, अलीपुरद्वार और झारग्राम जिलों में सिंचाई, फसल विविधीकरण, फसल के समुचित भंडारण के ढांचे और संस्थागत कर्ज तक पहुंच बढ़ाने वाली योजनाओं का भी शुभारंभ किया।

प्रधानमंत्री श्री मोदी ने इसके साथ ही फ्रेजरगंज मछली बंदरगाह और सैंथिया के आधुनिक फिश मार्केट का उद्घाटन, हरींगहाटा में देश के पूर्वी हिस्से की पहली बकरी से जुड़ी प्रयोगशाला की शुरुआत और 590 करोड़ रु. से अधिक लागत की रेल परियोजनाओं के साथ 315 किलोमीटर से ज्यादा लंबाई की 49 पीएमजीएसवाईऽत्रक्क ग्रामीण सड़कों का उद्घाटन कर प. बंगाल सहित पूरे पूर्वी भारत के लिए विकास का बड़ा रोडमैप रखा।

# आयुष मंत्रालय ने योग में बड़ी संख्या में भाग लेने की लोगों से की अपील

एजेंसी

नयी दिल्ली। आयुष मंत्रालय ने 21 जून को आयोजित होने वाले 12वें अंतरराष्ट्रीय योग पर देशभर के लोगों से बड़ी संख्या में भाग लेने की अपील की है।

आयुष मंत्रालय ने शनिवार को कहा कि यह आयोजन स्वास्थ्य, सद्भाव और भारत की प्राचीन योग परंपरा का वैश्विक उत्सव होगा। इस वर्ष का मुख्य कार्यक्रम कोलकाता के ऐतिहासिक रेड रोड पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में आयोजित किया जायेगा। केंद्रीय आयुष राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) एवं स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण राज्य मंत्री प्रतापराव जाधव ने कहा कि योग दिवस 2026 को जनभागीदारी का महाअभियान बनाया जा रहा है। उन्होंने बताया कि संस्कृति मंत्रालय भी देश के 100 प्रतिष्ठित और ऐतिहासिक स्थलों पर विशेष योग कार्यक्रम आयोजित कर रहा है, जिससे भारत की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत और योग परंपरा का अनूठा संगम देखने को मिलेगा। उन्होंने नागरिकों से इस ऐतिहासिक अवसर का हिस्सा बनने और उत्साहपूर्वक भागीदारी करने का आग्रह किया। भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (एएसआई) के सहयोग से आयोजित इन कार्यक्रमों में दिल्ली के लाल किला, कुतुब मीनार, हुमायूं का मकबरा और पुराना किला सहित देशभर के अनेक ऐतिहासिक स्थलों को शामिल किया गया है। इसके अलावा उत्तर प्रदेश, राजस्थान, गुजरात, कर्नाटक, तमिलनाडु, मध्य प्रदेश, पश्चिम बंगाल, बिहार, असम और अन्य राज्यों के प्रमुख सांस्कृतिक एवं विरासत स्थलों पर भी योग सत्र आयोजित किये जायेंगे। इन आयोजनों का उद्देश्य भारत की सभ्यतागत धरोहर और योग की प्राचीन परंपरा के बीच गहरे संबंध को रेखांकित करना है। राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में भी योग दिवस के अवसर पर 40 से अधिक स्थानों पर विशेष कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।

# अबू धाबी परीक्षा केंद्र आवंटन पर एनटीए ने कहा- उम्मीदवार के लॉगिन से ही किया गया था शहर परिवर्तन

एजेंसी

नई दिल्ली। राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) ने नागपुर के एक अभ्यर्थी को परीक्षा केंद्र के रूप में अबू धाबी आवंटित किए जाने को लेकर शनिवार को स्पष्टीकरण जारी करते हुए कहा कि परीक्षा शहर में बदलाव उम्मीदवार के स्वयं के पंजीकृत लॉगिन के माध्यम से किया गया था और एजेंसी के रिकॉर्ड में एक ही उपयोगकर्ता द्वारा लगातार एक्सेस किए जाने का पैटर्न दर्ज है। एनटीए ने कहा कि 21 जून को निर्धारित राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा-स्नातक (नीट-यूजी) 2026 की परीक्षा के पुनर्निर्धारण के बाद अभ्यर्थियों की सुविधा के लिए परीक्षा शहर संशोधन (सिटी करेक्शन) विंडो दोबारा खोली गई थी। इस दौरान लगभग 3.2 लाख अभ्यर्थियों ने अपने परीक्षा शहर में संशोधन किया और उनमें से 99.5 प्रतिशत से अधिक को उनकी पसंद का परीक्षा शहर आवंटित किया गया। एजेंसी के अनुसार संबंधित मामले में 'अबू धाबी' परीक्षा केंद्र का चयन अभ्यर्थी के पंजीकृत लॉगिन से ही किया गया था। वेब गतिविधि रिकॉर्ड से यह भी स्पष्ट होता है कि संशोधन प्रक्रिया के दौरान एक ही उपयोगकर्ता द्वारा लगातार लॉगिन और एक्सेस किया गया। एनटीए ने बताया कि उसके रिकॉर्ड के अनुसार तीन अलग-अलग अवसरों पर अबू धाबी केंद्र से संबंधित गतिविधि दर्ज की गई। एक बार अभ्यर्थी के क्रेडेंशियल्स का उपयोग कर परीक्षा केंद्र को अबू धाबी में बदला गया, जबकि दो अन्य अवसरों पर उम्मीदवार ने यह पूर्वावलोकन (प्रीव्यू) भी देखा कि उसका परीक्षा केंद्र अबू धाबी दर्शाया जा रहा है। इसके बावजूद एजेंसी को 19 जून की शाम परीक्षा से केवल 48 घंटे पहले केंद्र को नागपुर में बदलने का एक अनौपचारिक अनुरोध प्राप्त हुआ। एनटीए ने कहा कि अनुरोध मिलते ही उसके अधिकारियों ने तत्काल कार्रवाई शुरू की और उसी शाम अभ्यर्थी के पिता से संपर्क कर औपचारिक प्रक्रिया पूरी कराने में सहायता प्रदान की। एजेंसी ने कहा कि अभ्यर्थी के अनुरोध को स्वीकार करते हुए परीक्षा केंद्र परिवर्तन की प्रक्रिया पूरी की गई, ताकि उम्मीदवार को परीक्षा में शामिल होने में किसी प्रकार की कठिनाई का सामना न करना पड़े। एनटीए ने दोहराया कि उसकी प्राथमिकता 'स्टूडेंट-फर्स्ट' दृष्टिकोण के तहत यह सुनिश्चित करना है कि किसी भी प्रशासनिक या तकनीकी शंका के कारण कोई भी अभ्यर्थी परीक्षा से वंचित न रहे। एजेंसी ने कहा कि सभी मामलों में अभ्यर्थियों के हितों को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जाती है और आवश्यकता पड़ने पर समयबद्ध तरीके से सहायता उपलब्ध कराई जाती है।

# लैंगिक समानता के लिए शुरु किया 'निर्भय चेतना' अभियान

एजेंसी

नयी दिल्ली। पंचायती राज मंत्रालय ने महिलाओं की सुरक्षा, गरिमा और लैंगिक समानता के प्रति जमीनी स्तर पर पुरुष निर्वाचित प्रतिनिधियों को संवेदनशील बनाने के वास्ते 'निर्भय चेतना' अभियान शुरू किया है, जिसके तहत देशभर के 17.5 लाख से अधिक पुरुष जनप्रतिनिधियों तक पहुंचने के लिए 28,500 मास्टर प्रशिक्षकों का एक संवर्ग तैयार किया जाएगा।

मंत्रालय ने शनिवार को बताया कि निर्भया निधि परियोजना के अंतर्गत 17 से 19 जून तक यहां तीन दिवसीय प्रशिक्षक प्रशिक्षण (टीओटी) कार्यक्रम आयोजित किया गया। विश्व स्तर पर अपनी तरह के सबसे बड़े अभियानों में शामिल इस पहल के तहत पंचायतों में लैंगिक रूप से संवेदनशील शासन को मजबूत करने तथा महिलाओं की सुरक्षा, अधिकारों और नेतृत्व से जुड़े मुद्दों पर पुरुष निर्वाचित प्रतिनिधियों को प्रशिक्षित करने के लिए मुख्य प्रशिक्षकों का समूह तैयार किया जा रहा है। इस अवसर पर ट्रांसफॉर्म रूरल इंडिया द्वारा विकसित 'निर्भय चेतना' प्रशिक्षण मॉड्यूल का भी शुभारंभ किया गया। पंचायती राज मंत्रालय के सचिव विवेक भारद्वाज ने समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि महिलाओं की सुरक्षा, गरिमा और समान भागीदारी सुनिश्चित किए बिना विकसित भारत की परिकल्पना साकार नहीं हो सकती। पंचायतें सामाजिक और लोकतांत्रिक परिवर्तन की महत्वपूर्ण संस्थाएं हैं और 'निर्भय चेतना' का उद्देश्य महिलाओं की गरिमा, सुरक्षा और अवसरों को विकास के आवश्यक स्तंभों के रूप में स्थापित करते हुए लैंगिक संवेदनशील नेतृत्व को बढ़ावा देना है।

# छात्रों के भविष्य से खिलवाड़ बंद करें : राहुल गांधी

नयी दिल्ली। लोकसभा में विपक्ष के नेता तथा कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) को पूरी तरह अक्षम बताते हुए कहा है कि वह परीक्षा के नाम पर बच्चों और अभिभावकों के धैर्य की परीक्षा ले रहा है और छात्रों के भविष्य के साथ जुआ खेल रहा है। श्री गांधी ने शनिवार को सोशल मीडिया एक्स पर एक छात्र का उदाहरण देते हुए कहा कि नागपुर का यह छात्र एक महीने से नीट पुनर्परीक्षा की तैयारी कर रहा था लेकिन परीक्षा से एक दिन पहले प्रवेश पत्र डाउनलोड करने पर पता चला कि उसका परीक्षा केंद्र अबू धाबी आवंटित हुआ है। छात्र के पास न पासपोर्ट था, न विदेश जाने के लिए आर्थिक साधन और न ही पर्याप्त समय बचा था जिसके कारण वह पूरी रात तनाव में रहा और परीक्षा देने से ही मना करने लगा। उन्होंने कहा, ''क्या इस तनाव की कल्पना भी की जा सकती है। कल किसी भी छात्र को केंद्र तक नहीं पहुंच पाने की शिकायत नहीं होनी चाहिए। एनटीए वास्तव में देश के बच्चों और उनके माता-पिता का सिर्फ धैर्य की परीक्षा ले रही है।

# बंगाल : फाल्टा थाने पर हमले की साजिश मामले में जहांगीर खान की पत्नी गिरफ्तार

कोलकाता। पश्चिम बंगाल में कोलकाता के पास फाल्टा थाने पर कथित हमले और पूर्व विधायक जहांगीर खान को पुलिस हिरासत से छुड़ाने की साजिश के मामले में उसकी पत्नी रेजिना बीबी को शनिवार को गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस कई दिन से रेजिना की तलाश में थी।

पुलिस के अनुसार, रेजिना पर विरोध प्रदर्शन का नेतृत्व करने, थाने के घेराव की योजना बनाने और जहांगीर की रिहाई के लिए कथित तौर पर थाने पर हमले की साजिश रचने का आरोप है। उनके खिलाफ शस्त्र एवं विस्फोटक अधिनियम समेत विभिन्न धाराओं में मामले दर्ज हैं। पुलिस सूत्रों ने बताया कि घटना से एक दिन पहले रेजिना की अगुवाई में बैठक हुई थी, जिसमें समर्थकों को फाल्टा थाने से लगभग तीन किलोमीटर दूर एक स्थान पर एकत्र कर संगठित तरीके से थाने की ओर बढ़ने और जहांगीर को छुड़ाने की योजना बनायी गयी थी। जहांगीर को विभिन्न मामलों में लंबे समय से तलाशा जा रहा था। बाद में उसे नेपाल सीमा के निकट से गिरफ्तार किया गया था। उसकी गिरफ्तारी के बाद रेजिना के नेतृत्व में पुलिस कार्रवाई के विरोध में प्रदर्शन और थाने के घेराव का कार्यक्रम आयोजित किया गया था। पुलिस इस मामले में अब तक 25 लोगों को गिरफ्तार कर चुकी है। रेजिना इस मामले में गिरफ्तार की गयी नवीनतम आरोपी हैं।

उल्लेखनीय है कि इसी सप्ताह मुख्यमंत्री शुभेंदु अधिकारी ने फाल्टा में एक कार्यक्रम के दौरान प्रदर्शनकारियों को कानून हाथ में नहीं लेने की चेतावनी दी थी और थाने पर हमले से जुड़े वीडियो में दिखाई देने वाले लोगों के खिलाफ राजद्रोह के आरोप लगाने के निर्देश दिये थे।

# ट्रंप से मुलाकात के दौरान भारतीय हितों को प्रभावी ढंग से नहीं रख सके मोदी : कांग्रेस

एजेंसी

नयी दिल्ली। कांग्रेस ने कहा है कि हाल में जी-7 देशों की बैठक में भाग लेने गये प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के साथ बातचीत की है लेकिन इस मुलाकात के दौरान वह भारत के हितों से जुड़े महत्वपूर्ण मुद्दे प्रभावी ढंग से नहीं उठा पाये और इससे वैश्विक मंच पर भारत की प्रतिष्ठा को नुकसान हुआ है।

कांग्रेस संचार विभाग के प्रमुख पवन खेड़ा ने शनिवार को यहां पार्टी मुख्यालय में संवाददाता सम्मेलन में कहा कि श्री मोदी और राष्ट्रपति ट्रंप की मुलाकात के दौरान भारतीय नाविकों की हत्या, एकतरफा अमेरिकी व्यापार समझौते तथा ऑपरेशन सिंदूर के बाद सैन्य अभियान को विराम देने को लेकर श्री ट्रम्प के दावों जैसे विषयों को उठाने में प्रधानमंत्री असफल रहे हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि श्री मोदी सिर्फ राष्ट्रपति ट्रम्प की प्रशंसा से संतुष्ट नजर आए और राष्ट्रीय हितों से जुड़े सवालों पर वह मुखर नहीं दिखे। श्री खेड़ा ने कहा कि कांग्रेस को इस बात का दुख है कि दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र की सरकार अंतरराष्ट्रीय मंच पर अपनी बात मजबूती से रखने में विफल रही। उन्होंने पूर्व प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह के कार्यकाल का उल्लेख करते हुए कहा कि देवयानी खोबरागड़े प्रकरण के समय भारत ने अमेरिका को स्पष्ट और दृढ़ संदेश दिया था। इसी तरह संयुक्त प्रगतिशील गठबंधन (संप्रग) सरकार के समय पाकिस्तान को वित्तीय कार्रवाई कार्यबल (एफएटीएफ) की ग्रे सूची में लाने के लिए भारत ने ही प्रभावी प्रयास किए गए थे, जबकि अब ऑपरेशन सिंदूर के बाद पाकिस्तान के सेना प्रमुख जनरल आसिम मुनीर को अमेरिका में विशेष महत्व दिया जा रहा है।

उन्होंने आरोप लगाया कि श्री मोदी और राष्ट्रपति ट्रंप की मुलाकात के दौरान अमेरिका ने हिंद-प्रशांत कमान के नाम में बदलाव, पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर (पीओके) के नक्शा संबंधी विवादित प्रस्तुति तथा अगले जुलाई के वीजा बुलेटिन में भारतीयों के लिए ईबी-2 और ईबी-5 श्रेणियों से संबंधित फैसलों जैसे घटनाक्रमों पर भी भारत की ओर से कोई कड़ा प्रतिवाद सामने नहीं आया।

श्री खेड़ा ने कहा कि कमाल यह है कि राष्ट्रपति ट्रंप ने ब्रिक्स की कमजोर होती स्थिति का उल्लेख किया, लेकिन प्रधानमंत्री मोदी ने इस पर कोई प्रभावी प्रतिक्रिया नहीं दी। उन्होंने कहा कि कांग्रेस का मानना है कि भारत को अंतरराष्ट्रीय मंचों पर अपने राष्ट्रीय हितों और स्वाभिमान की रक्षा के लिए अधिक दृढ़ता के साथ अपनी बात रखनी चाहिए।

# पेज एक का शेष

## लेबनान से...

ने यहां आगे बढ़ने की कई बार कोशिशें की हैं। ईरान ने साफ कर दिया है कि लेबनान पर इजरायल के लगातार हमले ईरान-अमेरिका के बीच व्यापक राजनयिक प्रयासों को पटरी से उतार सकते हैं। ईरान के उप विदेश मंत्री सईद खतीबजादेह ने कहा कि ईरान अमेरिका के साथ कूटनीतिक बातचीत जारी रखने को तैयार है लेकिन सिर्फ इस शर्त पर कि अमेरिका यह सुनिश्चित करे कि इजरायल समझौता पत्र (एमओयू) का पालन करे और लेबनान पर हमले रोके।

## इजराइल...

को टालना पड़ा था। इसकी वजह से अमेरिकी उप-राष्ट्रपति जेडी वेंस को अपना प्रस्तावित स्विट्जरलैंड दौरा रद्द करना पड़ा था। मीडिया रिपोर्टों के अनुसार, विटकॉफ अमेरिका-ईरान के बीच इस सप्ताह हुए समझौता ज्ञापन (एमओयू) को एक व्यापक और अधिक स्थायी समझौते में बदलने के उद्देश्य से चर्चा फिर से शुरू करने के लिए स्विट्जरलैंड जा रहे हैं। इस समझौते का लक्ष्य क्षेत्रीय सुरक्षा चिंताओं, ईरान के परमाणु कार्यक्रम और जारी संघर्षों का समाधान खोजना है। ईरान के साथ पिछली वार्ताओं में मुख्य भूमिका निभाने वाले अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के दामाद जेरेड कुशनर के भी इन वार्ताओं में शामिल होने की उम्मीद है। राजनयिक तैयारियों के बीच रिपोर्टों के मुताबिक, ईरान के विदेश मंत्री अब्बास अराघची के भी स्विट्जरलैंड की यात्रा करने की संभावना है। यह वार्ता स्विट्जरलैंड के पहाड़ी रिजॉर्ट बर्गनस्टॉक में होगी, जो अमेरिका-ईरान के बीच मतभेदों को पाटने के प्रयासों के प्रमुख केंद्र के रूप में उभरा है। स्विट्जरलैंड के विदेश मंत्रालय ने पुष्टि की है कि वार्ता के लिए प्रारंभिक तैयारियां जारी हैं। दोनों पक्षों के पास 18 जून को हुए अंतरिम ढांचे यानी इस एमओयू को एक व्यापक समझौते में बदलने के लिए 60 दिनों की समय-सीमा है। इस प्रस्तावित समझौते के तहत ईरान के परमाणु कार्यक्रम, क्षेत्रीय सुरक्षा व्यवस्था, प्रतिबंधों में राहत और खाड़ी में समुद्री सुरक्षा सहित कई विवादित मुद्दों को हल करने का प्रयास किया जायेगा। लेबनान में भड़की नयी हिंसा से हालांकि इस प्रगति की उम्मीदों पर धुंधलका छा गया है। शुक्रवार को इजरायल और हिजबुल्लाह के बीच संघर्ष विराम लागू होने के कुछ ही घंटों बाद, शनिवार को दक्षिणी लेबनान में इजरायली हवाई हमलों और ड्रोन हमलों में कई लोगों की मौत हो गयी। लेबनान के सरकारी मीडिया ने नबातीह क्षेत्र में हमलों की जानकारी दी है, जिसमें आवासीय भवनों को नुकसान पहुंचा है और आसपास के इलाकों में तोपखाने से गोलाबारी की खबरें हैं। इस ताजा हिंसा ने एक बार फिर संघर्ष विराम के टिके रहने पर चिंताएं बढ़ा दी हैं, जिसे अमेरिकी अधिकारी ईरान के साथ निरंतर बातचीत के लिए अनुकूल माहौल बनाने के लिहाज से बेहद आवश्यक मान रहे हैं। 14-सूत्रीय एमओयू के तहत, बातचीत की अवधि के दौरान सभी पक्षों और उनके क्षेत्रीय सहयोगियों से लेबनान में जारी शत्रुता सहित सभी सैन्य अभियानों को रोकने की उम्मीद की गयी थी। इजरायल का रुख हालांकि यह रहा है कि वह औपचारिक रूप से इस समझौते का हिस्सा नहीं है और उसने हिजबुल्लाह के ठिकानों के खिलाफ सैन्य अभियान जारी रखा है। यह तनाव अमेरिका के वरिष्ठ नेताओं के लेबनान में इजरायल के अभियान की बढ़ती आलोचना के बावजूद बढ़ा है। राष्ट्रपति ट्रंप और उप-राष्ट्रपति वेंस दोनों ने सार्वजनिक रूप से इजरायली सैन्य कार्रवाइयों पर निराशा व्यक्त की है और तर्क दिया है कि इससे नाजुक राजनयिक प्रयासों को नुकसान पहुंचने का जोखिम है। इसके बावजूद श्री ट्रंप ने इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू के साथ मतभेदों की अटकलों को खारिज करने का प्रयास किया। श्री ट्रंप ने शुक्रवार को एनबीसी न्यूज से कहा, ''बीबी (नेतन्याहू) के साथ मेरे संबंध हमेशा अच्छे रहे हैं। बस आपको कभी-कभी शांत रहना होता है और दिमाग से काम लेना होता है। लेबनान का यह संघर्ष अमेरिका-ईरान के बीच व्यापक संबंधों की बहाली में बड़ा रोड़ा बनकर उभरा है। इस साल की शुरुआत में ईरान से जुड़े विवादों के बढ़ने के तुरंत बाद हिजबुल्लाह इस क्षेत्रीय संघर्ष में शामिल हो गया था, जिसके चलते इजरायल को लेबनानी क्षेत्र में अंदर तक सैन्य कार्रवाइयां करनी पड़ीं। राजनयिक प्रयास अब इस बात पर केंद्रित हैं कि लेबनान में संघर्ष विराम तब तक बना रहे, जिससे बातचीत आगे बढ़ सके। कुछ रिपब्लिकन सांसदों ने तर्क दिया है कि ट्रंप प्रशासन ईरान को जरूरत से ज्यादा रियायतें दे रहा है।

## सरकार ने 16...

ने स्पष्ट किया कि सरकार सुरक्षित, प्रभावी और वैज्ञानिक रूप से प्रमाणित दवाओं की उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध है। इससे पहले भी विस्तृत वैज्ञानिक समीक्षा के बाद कई तर्कहीन एफडीसी पर प्रतिबंध लगाया जा चुका है। मंत्रालय का मानना है कि यह कदम रोगी सुरक्षा को मजबूत करने और साक्ष्य आधारित स्वास्थ्य सेवाओं को बढ़ावा देने की दिशा में महत्वपूर्ण साबित होगा। अधिसूचना के अनुसार प्रतिबंधित 16 एफडीसी दवाओं का निर्माण, बिक्री और वितरण अब पूरे देश में तत्काल प्रभाव से बंद रहेगा। सभी राज्य औषधि नियंत्रकों, नियामक प्राधिकरणों और प्रवर्तन एजेंसियों को निर्देश दिए गए हैं कि वे इस आदेश का कड़ाई से पालन सुनिश्चित करें।

## हनुमान मंदिर की...

के ठीक सामने सभा मंडप का निर्माण कार्य चल रहा था। इसी सभा मंडप की छत अचानक ढह गई। जिला कलेक्टर संजय चव्हाण, उपमंडल अधिकारी संगीता चव्हाण और तहसीलदार पांडुरंग माछेवाड़ ने बताया कि 32 लोगों में से 7 की मौत हो गई और 25 गंभीर रूप से घायल हो गए।

## योगमय होगा उत्तर प्रदेश...

के मार्गदर्शन में प्रदेश ने योग को स्कूली जीवन और जनस्वास्थ्य से जोड़ने में उल्लेखनीय काम किया है। नियमित योग गतिविधियों से छात्रों में अनुशासन, एकाग्रता और सकारात्मक सोच विकसित हो रही है। 21 जून का यह आयोजन योग की वैश्विक पहचान मजबूत करने के साथ नई पीढ़ी को स्वस्थ और आत्मविश्वासी बनाने के संकल्प को नई ऊर्जा देगा।

## माफियाराज से विकासराज...

वनों की अवैध कटान, गौतस्करी करते थे। प्रदेश को बंजर बनाते थे। इन लोगों ने यूपी को बीमारू बनाकर बुंदेलखंड के नौजवानों को पलायन पर मजबूर किया। बहन-बेटियों को कष्ट दिया था, लेकिन आज ललितपुर की बेटियां व नौजवान यूपी पुलिस समेत सरकारी नौकरियों में भर्ती होते हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि पिछली सरकारों की उपेक्षा का दंश झेलने वाला ललितपुर विकास की योजनाओं से कोसों दूर था। सड़क, बिजली, शिक्षा, स्वास्थ्य, विकास परियोजनाएं नहीं थीं। पानी होने के बावजूद खेती के लिए सिंचाई, गरीब के लिए आवास की सुविधा नहीं थी। मिट्टी के घड़े में पानी ढोते-ढोते माता-बहनों की जिंदगी व्यतीत हो जाती थी। यहां के संसाधनों व वन संपदा में लूट होती थी और मुट्ठी भर लोग अवैध खनन कर अव्यवस्था पैदा करते थे। मुख्यमंत्री ने कहा कि ललितपुर अब विकास की ऊंचाइयों को प्राप्त कर नवाचार के लिए जाना जा रहा है। प्रदेश की पहली गोशाला देकर ललितपुर ने बताया था कि सरकार भी गोशाला का संचालन कर सकती है। तुवन सरकार की कृपा से तत्कालीन जिला प्रशासन ने पहली गोशाला प्रारंभ की थी। अब वहां से कंपोस्ट का निर्यात अन्य देशों को होने जा रहा है। अब ललितपुर के पास मेडिकल कॉलेज, अटल आवासीय विद्यालय भी है। 1500 एकड़ में यूपी का पहला फार्मा पार्क ललितपुर में बनेगा, इसकी तैयारी हो चुकी है। इससे हजारों नौजवानों को नौकरी मिलेगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि अब बहन-बेटियां, माताएं सिर पर घड़ा लेकर नहीं जातीं, क्योंकि बुंदेलखंड में हर घर जल की योजना साकार हो रही है। हर घर तक शुद्ध पेयजल पहुंच रहा है। सीएम ने बुंदेलखंड एक्सप्रेसवे की चर्चा करते हुए कहा कि हम लोग यूपी का सबसे बड़ा औद्योगिक शहर बुंदेलखंड में बसाने जा रहे हैं। पहले यहां का युवा पलायन करता था। ठोकर से घड़ा फूट जाता था तो माताएं-बहनें किस्मत पर रोती थीं। आपके पूर्वजों ने बुंदेलखंड को सजाया-संवारा था, लेकिन पिछली सरकारों के निकम्मेपन और माफियावृत्ति के कारण बुंदेलखंड पिछड़ा था। हर जनपद में माफिया नौजवानों की नौकरी पर डकैती डालता था। विकास योजनाओं पर गुंडों को बैठाकर जनता के हक को छीना जाता था, जिससे बुंदेलखंड ठगा महसूस करता था। योगी ने याद दिलाया कि सरकार ने बुंदेलखंड को भी डिफेंस मैन्युफैक्चरिंग कॉरिडोर के हब के रूप में विकसित करने की बात कही थी। अभी इस कॉरिडोर में यूपी के अंदर ब्रह्मोस मिसाइल बन रही है। ऑपरेशन सिंदूर में जब यह मिसाइल दागी गई तो पाकिस्तान त्राहिमाम करते हुए जान की भीख मांग रहा था। प्रधानमंत्री मोदी नए भारत को ताकत दे रहे हैं। उनके नेतृत्व में उत्तर प्रदेश समेत बुंदेलखंड का कायाकल्प हो रहा है। यहां की पहचान अब नौजवानों को नौकरी, बहन-बेटियों की सुरक्षा-समृद्धि से हो रही है। महिला स्वयंसेवी समूह की बहनें बलिनी मिल्क प्रोड्यूसर के माध्यम से तेजी से कैसे आय बढ़ा सकती हैं, बुंदेलखंड, ललितपुर, झांसी इस मॉडल का प्रतीक बन रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि समग्र विकास का कोई विकल्प नहीं हो सकता। विकास ही जीवन में परिवर्तन लाएगा। नौजवान, किसान, कारीगर, हस्तशिल्पी, व्यापारी, बेटी-बहन समेत समाज के हर तबके को विकास का वाहक बनाना पड़ेगा, तब किस्मत बदलेगी और समृद्धि आएगी। डबल इंजन की भाजपा सरकार ने यही कार्य किया। लंबित सिंचाई परियोजनाओं को तेजी से बढ़ाया गया है। दशकों से लंबित अर्जुन सहायक परियोजना अब पूरी हो गई। रतौली बांध, बावनी बांध, कचनौदा बांध, चिल्ली सिंचाई आदि परियोजनाओं ने बुंदेलखंड के किसानों की किस्मत बदली है। किसानों की आमदनी अब कई गुना हो रही है।

# मुख्यमंत्री धामी ने 4,400 श्रमिकों के खातों में ट्रांसफर की 11 करोड़ की धनराशि

कैनविज टाइम्स संवाददाता




देहरादून। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने शनिवार को उत्तराखंड भवन व अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण बोर्ड की विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं के 4400 से अधिक श्रमिक लाभार्थियों के खाते में डीबीटी (डायरेक्ट बेनिफिट ट्रांसफर) के माध्यम से लगभग 11 करोड़ रुपये की धनराशि का अंतरण किया।

मुख्यमंत्री आवास में आयोजित कार्यक्रम में मुख्यमंत्री धामी ने बोर्ड की विवाह के बाद सहायता, मृत्यु अनुदान, प्रसूति सुविधा व शिक्षा सहायता योजनाओं के लाभाथियों के खाते में वन क्लिक के माध्यम से यह राशि ट्रांसफर की। मुख्यमंत्री धामी ने श्रम विभाग को निर्देश दिए कि श्रमिक कल्याण योजनाओं का व्यापक प्रचार-प्रसार किया जाए तथा विभिन्न क्षेत्रों में शिविर आयोजित कर अधिक से अधिक पात्र श्रमिकों को योजनाओं का लाभ पहुंचाया जाए। उन्होंने कहा कि श्रमिकों के कार्यस्थलों के निकट ही आवश्यक सामग्री वितरण की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए, जिससे उन्हें सुविधाजनक तरीके से लाभ मिल सके। मुख्यमंत्री ने श्रमिकों के स्वास्थ्य परीक्षण, उनके आश्रित बच्चों की शिक्षा को प्रोत्साहन तथा जीवनोपयोगी सामग्री के वितरण के लिए विशेष शिविरों के आयोजन पर भी जोर दिया। उन्होंने सभी योजनाओं के संचालन में पूर्ण पारदर्शिता बनाए रखने और सूचना प्रौद्योगिकी के अधिकाधिक उपयोग के निर्देश दिए। साथ कहा कि यह सुनिश्चित किया जाए कि केवल पात्र श्रमिकों को ही योजना का लाभ मिले। जानकारी दी गई कि बोर्ड द्वारा पिछले एक वर्ष में 24323 श्रमिकों को विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं के माध्यम से कुल 93 करोड़ 6 लाख रुपये की अनुदान राशि वितरित की जा चुकी है। इस अवसर पर संविदा बोर्ड के राज्य सलाहकार कैलाश पंत, सतर्कता समिति अध्यक्ष गीता रावत, राज्य सतर्कता समिति उपाध्यक्ष मोहिनी पोखरिया, अपर सचिव विनीत कुमार, उप श्रमआयुक्त विपिन कुमार, सहायक श्रम आयुक्त शैलेश सती, वरिष्ठ तकनीकी विशेषज्ञ दुर्गा चमोली उपस्थित रहे।

# जालंधर पुलिस ने फिरौती और फायरिंग गिरोह के चार सदस्य को किया गिरफ्तार

कैनविज टाइम्स संवाददाता




जालंधर। जालंधर कमिश्नरेट पुलिस ने जबरन वसूली और फायरिंग की वारदातों में शामिल एक बड़े गिरोह का पर्दाफाश करते हुए इसके चार सक्रिय सदस्यों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपितों के कब्जे से तीन आधुनिक पिस्तौल और बड़ी मात्रा में जिंदा कारतूस बरामद किए हैं।

प्रारंभिक जांच में गिरफ्तार आरोपित विदेशों में बैठे आपराधिक हैंडलरों के सीधे संपर्क में थे और उनके इशारों पर ही वारदातों को अंजाम देते थे। पुलिस के अनुसार, इस गिरफ्तारी से पंजाब के दो जिलों में टारगेट किलिंग और दहशत फैलाने की एक बड़ी साजिश को विफल कर दिया गया है। पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि कुछ अपराधी शहर में किसी बड़ी वारदात को अंजाम देने की फिराक में घूम रहे हैं। इसके बाद पुलिस टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए जाल बिछाया और गिरोह के चार सदस्यों को हथियारों सहित गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ के दौरान यह खुलासा हुआ कि आरोपी विदेशों में बैठे अपने आकाओं के निर्देश पर काम कर रहे थे। ये हैंडलर इंटरनेट कॉलिंग और सोशल मीडिया ऐप्स के माध्यम से उन्हें टारगेट और आर्थिक सहायता उपलब्ध कराते थे। पुलिस अधिकारियों के अनुसार गिरफ्तार आरोपी जालंधर और शहीद भगत सिंह नगर जिले में फायरिंग की कई घटनाओं की योजना बनाने और उन्हें अंजाम देने में शामिल थे। गिरोह का मुख्य उद्देश्य व्यापारियों और प्रभावशाली लोगों को डराकर उनसे मोटी रकम वसूलना था। पुलिस के मुताबिक गिरोह के सदस्यों ने हाल के दिनों में दहशत फैलाने के उद्देश्य से कई स्थानों की रेकी भी की थी। समय रहते की गई कार्रवाई के चलते संभावित बड़ी वारदातों को टालने में सफलता मिली है। इस मामले में जालंधर कमिश्नरेट के भार्गो कैंप थाने में संबंधित धाराओं के तहत मामला दर्ज कर लिया गया है। पुलिस ने आरोपियों को रिमांड पर लेकर पूछताछ शुरू कर दी है, ताकि पूरे नेटवर्क का खुलासा किया जा सके। पुलिस यह भी जांच कर रही है कि आरोपितों तक हथियार कहां से पहुंचे और स्थानीय स्तर पर उन्हें किसने सहयोग दिया। गिरोह के पुराने और मौजूदा संपर्कों की जांच के लिए तकनीकी टीमों की भी मदद ली जा रही है।

## संक्षिप्त समाचार

### 217 प्रशिक्षु जवान पुलिस सेवा में शामिल दीक्षांत समारोह में ली कर्तव्यनिष्ठा की शपथ

**सुपौल।** जिला मुख्यालय स्थित पुलिस लाइन परिसर में शनिवार को 217 प्रशिक्षु जवानों का भव्य दीक्षांत समारोह आयोजित किया गया। कठिन एवं व्यापक प्रशिक्षण पूरा करने के बाद जवानों ने पुलिस सेवा में शामिल होते हुए ईमानदारी, कर्तव्यनिष्ठा और समर्पण के साथ दायित्व निभाने की शपथ ली। समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित डीआईजी कुमार आशीष ने जवानों को पुलिस विभाग की गरिमा बनाए रखने और जनसेवा को सर्वोच्च प्राथमिकता देने का संदेश दिया। अपने संबोधन में डीआईजी कुमार आशीष ने कहा कि पुलिस की वर्दी केवल अधिकार का नहीं, बल्कि जिम्मेदारी और जनता के विश्वास का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि एक अच्छे पुलिसकर्मी की पहचान केवल अपराध नियंत्रण से नहीं, बल्कि पीड़ितों की सहायता, कमजोर वर्गों की सुरक्षा और समाज में विश्वास का वातावरण कायम करने से होती है। उन्होंने जवानों से हर परिस्थिति में धैर्य, अनुशासन और संवेदनशीलता के साथ कार्य करने की अपील की। दीक्षांत समारोह के दौरान प्रशिक्षु जवानों ने आकर्षक परेड का प्रदर्शन किया। कदमताल और अनुशासित प्रस्तुति के माध्यम से उन्होंने प्रशिक्षण के दौरान अर्जित शारीरिक दक्षता, टीम भावना और आत्मविश्वास का परिचय दिया। जवानों की प्रस्तुति को अधिकारियों और उपस्थित लोगों ने सराहा। डीआईजी ने आधुनिक पुलिसिंग की चुनौतियों का उल्लेख करते हुए कहा कि बदलते समय में पुलिसकर्मियों को तकनीक, डिजिटल माध्यमों और आधुनिक अनुसंधान पद्धतियों की जानकारी होना आवश्यक है। उन्होंने कहा कि तकनीक के प्रभावी उपयोग से पुलिस व्यवस्था को और मजबूत बनाया जा सकता है। साथ ही उन्होंने जवानों को निष्पक्षता और पारदर्शिता के साथ कार्य करने की सीख दी। प्रशिक्षण अवधि के दौरान जवानों को शारीरिक दक्षता, कानून की जानकारी, हथियार संचालन, आपदा प्रबंधन, भीड़ नियंत्रण, मानवाधिकार, अपराध अनुसंधान और यातायात प्रबंधन सहित विभिन्न विषयों का प्रशिक्षण दिया गया। समारोह में प्रशिक्षण के दौरान उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले जवानों को सम्मानित भी किया गया। इस अवसर पर जिलाधिकारी सावन कुमार, पुलिस अधीक्षक सारथ आर.एस. समेत पुलिस विभाग के कई वरीय अधिकारी, प्रशिक्षक, जवानों के परिजन और बड़ी संख्या में पुलिसकर्मी उपस्थित थे। अधिकारियों ने विश्वास जताया कि 217 नए जवानों के पुलिस बल में शामिल होने से जिले की सुरक्षा व्यवस्था और कानून-व्यवस्था को और मजबूती मिलेगी।

### मंत्री आशीष सूद ने नीट परीक्षा केंद्र सीएम श्री स्कूल का किया दौरा

**नई दिल्ली।** दिल्ली के शिक्षा मंत्री आशीष सूद ने राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा (नीट) की दोबारा परीक्षा से पहले शनिवार को पंडारा रोड स्थित परीक्षा केंद्र सीएम श्री स्कूल का दौरा किया। मंत्री आशीष सूद ने यहां पत्रकारों को संबोधित करते हुए शिक्षा मंत्रालय 21 जून को होने वाली परीक्षा को बहुत सावधानी और सतर्कता के साथ आयोजित कर रहा है। दिल्ली सरकार की ओर से हमने हर परीक्षा केंद्र पर एक 'कूलिंग जोन' बनाया है ताकि भीषण गर्मी में बाहर आने वाले अभिभावकों को राहत मिल सके। इससे उन्हें आराम से समय बिताने और उनकी चिंता कम करने में भी मदद मिलेगी, क्योंकि उनमें से कई लोग इन केंद्रों तक पहुंचने के लिए दूर-दराज के इलाकों से आते हैं। दिल्ली के सभी 97 परीक्षा केंद्रों पर पर लगभग 2,000 वर्ग फुट के क्षेत्र में पानी, शिकंजी और अन्य सुविधाओं का इंतजाम किया है। उन्होंने कहा कि वे इन इंतजामों का जायजा लेने के लिए स्थानीय एसडीएम (उप-विभागीय मजिस्ट्रेट) के साथ यहां की तैयारियों का निरीक्षण कर रहे हैं और शाम को एक और निरीक्षण करेंगे ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि आने वाले सभी अभिभावकों, खासकर दूर से आने वालों को बेहतरीन सुविधाएं मिलें। दिल्ली सरकार ओर से हम सभी छात्रों को शुभकामनाएं देते हैं।

### विकास योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाएं : चौधरी

**हरिद्वार।** ग्राम्य विकास मंत्री भरत सिंह चौधरी ने अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि केंद्र एवं राज्य सरकार की जनकल्याणकारी एवं रोजगारपरक योजनाओं का लाभ समाज के अंतिम छोर पर खड़े व्यक्ति तक पहुंचाने के लिए संवेदनशीलता और समन्वय के साथ कार्य किया जाए। उन्होंने कहा कि योजनाओं के क्रियान्वयन में पारदर्शिता, गुणवत्ता, समयबद्धता और जवाबदेही सुनिश्चित की जाए। विकास भवन सभागार में आयोजित समीक्षा बैठक में मंत्री ने ग्राम्य विकास, स्वरोजगार, लघु एवं सूक्ष्म उद्योग, खादी एवं ग्रामोद्योग, मनरेगा, कृषि, उद्यान, पशुपालन, ग्रामीण अवस्थापना विकास और आजीविका संवर्धन सहित विभिन्न विभागों की प्रगति की समीक्षा की। उन्होंने कहा कि सरकार का लक्ष्य गांव, गरीब, किसान, महिला और युवाओं तक योजनाओं का सीधा लाभ पहुंचाना है। महिला सशक्तिकरण पर विशेष जोर देते हुए मंत्री ने स्वयं सहायता समूहों और राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन (एनआरएलएम) के माध्यम से महिलाओं को स्वरोजगार से जोड़ने तथा 'लखपति दीदी योजना' के तहत शत-प्रतिशत लक्ष्य प्राप्त करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि इससे महिलाओं की आर्थिक स्थिति मजबूत होगी और वे आत्मनिर्भर बन सकेंगी। उन्होंने जनपद में संचालित 'क्लाउड किचन योजना' की सराहना करते हुए कहा कि यह महिलाओं को स्वरोजगार उपलब्ध कराने की दिशा में एक प्रभावी पहल है। उन्होंने अधिक से अधिक महिलाओं को इस योजना से जोड़ने पर बल दिया। पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा देने के लिए मंत्री ने 'एक पेड़ मां के नाम' और 'एक पेड़ गुरु के नाम' अभियान के तहत पौधारोपण करने तथा लगाए गए पौधों के संरक्षण की जिम्मेदारी तय करने के निर्देश दिए।

### नाबालिग से दुष्कर्म का आरोपित गिरफ्तार

**हरिद्वार।** महिला एवं बाल अपराधों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत भगवानपुर पुलिस ने नाबालिग बालिका से दुष्कर्म के आरोपित को गिरफ्तार कर लिया है। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपित को हिरासत में लेकर आगे की वैधानिक कार्रवाई शुरू कर दी है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, भगवानपुर क्षेत्र निवासी एक व्यक्ति ने 18 जून को कोतवाली भगवानपुर में तहरीर देकर आरोप लगाया कि उसकी नाबालिग पुत्री के साथ ग्राम हलजौरा निवासी एक युवक ने दुष्कर्म किया है। तहरीर के आधार पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू की। मामले में कोतवाली भगवानपुर में पॉक्सो अधिनियम समेत अन्य धाराओं में अभियोग पंजीकृत किया गया।एसएसपी के निर्देश पर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण, क्षेत्राधिकारी भगवानपुर एवं प्रभारी निरीक्षक भगवानपुर के नेतृत्व में गठित टीम ने कार्रवाई करते हुए आरोपित को गिरफ्तार कर लिया।

# मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता असोला भाटी की नीली झील के किनारे करेंगी योग

कैनविज टाइम्स संवाददाता



नई दिल्ली। दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर 21 जून (रविवार) सुबह दक्षिण दिल्ली स्थित असोला भाटी वन्यजीव अभयारण्य में आयोजित विशेष योग कार्यक्रम में भाग लेंगी। प्रकृति की मनोरम वादियों और हरियाली से घिरे नीली झील क्षेत्र में आयोजित इस कार्यक्रम में मुख्यमंत्री स्वयं योगाभ्यास करेंगी और नागरिकों को स्वस्थ जीवनशैली अपनाने का संदेश देंगी। इस विशेष कार्यक्रम में पर्यावरण मंत्री मनजिंदर सिंह सिरसा, वरिष्ठ सरकारी अधिकारी, पर्यावरण विशेषज्ञ और बड़ी संख्या में स्थानीय निवासी भी शामिल होंगे। कार्यक्रम के माध्यम से योग, पर्यावरण संरक्षण और हरित जीवनशैली का सामूहिक संदेश दिया जाएगा। मुख्यमंत्री ने शनिवार को एक विज्ञप्ति जारी करते हुए ने कहा कि योग भारत की प्राचीन सांस्कृतिक विरासत है, जिसने आज पूरी दुनिया को स्वास्थ्य, संतुलन और सकारात्मक जीवन का मार्ग दिखाया है। योग केवल शारीरिक व्यायाम नहीं, बल्कि शरीर, मन और आत्मा के समन्वय का विज्ञान है। वर्तमान समय की व्यस्त जीवनशैली में योग व्यक्ति को मानसिक शांति, ऊर्जा और आत्मविश्वास प्रदान करता है। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के दूरदर्शी प्रयासों और वैश्विक नेतृत्व के परिणामस्वरूप संयुक्त राष्ट्र महासभा ने 21 जून को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के रूप में मान्यता प्रदान की। आज विश्व के सैकड़ों देशों में करोड़ों लोग इस दिन योग कर भारत की इस महान परंपरा का सम्मान कर रहे हैं। यह प्रत्येक भारतीय के लिए गर्व का विषय है कि भारत की सांस्कृतिक धरोहर को वैश्विक स्वीकार्यता मिली है। दिल्ली सरकार स्वस्थ नागरिक, स्वच्छ पर्यावरण और हरित दिल्ली के संकल्प के साथ कार्य कर रही है। इसी उद्देश्य से इस वर्ष अंतरराष्ट्रीय योग दिवस का आयोजन प्रकृति और पर्यावरण संरक्षण के संदेश के साथ असोला भाटी वन्यजीव अभयारण्य जैसे महत्वपूर्ण पारिस्थितिक क्षेत्र में किया जा रहा है। योग कार्यक्रम के बाद मुख्यमंत्री वन्यजीव अभयारण्य परिसर में विकसित भारत नर्सरी का निरीक्षण करेंगी। इस दौरान वह वहां उगाए जा रहे विभिन्न देशी वृक्षों, पौधों तथा जैव विविधता संवर्धन से जुड़ी गतिविधियों की समीक्षा करेंगी। मुख्यमंत्री नर्सरी में तैयार किए जा रहे पौधों की गुणवत्ता, संरक्षण व्यवस्था और हरित क्षेत्र के विस्तार के लिए किए जा रहे प्रयासों का भी अवलोकन करेंगी। इसके बाद मुख्यमंत्री असोला क्षेत्र और दक्षिणी रिज के विभिन्न हिस्सों में चल रहे पौधारोपण अभियान का निरीक्षण करेंगी तथा दिल्ली को अधिक हरित और पर्यावरण अनुकूल बनाने के लिए किए जा रहे कार्यों की प्रगति का जायजा लेंगी।

## शराब और नशे की लत ने उजाड़ा परिवार, पिता की पिटाई से 2 साल के बेटे की मौत

नई दिल्ली। दक्षिण-पूर्वी दिल्ली के जैतपुर इलाके में घरेलू विवाद के दौरान पिता की बेरहमी का शिकार हुए दो साल के मासूम ने इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। पुलिस ने आरोपी पिता को गिरफ्तार कर लिया है। शुरुआती जांच में सामने आया है कि आरोपी शराब और नशे का आदी है। पुलिस के मुताबिक, 19 जून को दोपहर करीब 1:30 बजे जैतपुर थाना पुलिस को पीसीआर कॉल मिली थी। सूचना में मिथापुर स्थित लखपत कॉलोनी पार्ट-2 में एक परिवार के साथ मारपीट की जानकारी दी गई। सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची। वहां रहने वाली आरती ने पुलिस को बताया कि उसके पति चंदन शर्मा ने घरेलू विवाद के बाद उसके साथ और दोनों नाबालिग बच्चों के साथ बेरहमी से मारपीट की। मारपीट में गंभीर रूप से घायल दो वर्षीय बेटे को तुरंत सफदरजंग अस्पताल में भर्ती कराया गया। डॉक्टरों ने उसे बचाने की कोशिश की, लेकिन इलाज के दौरान 20 जून की सुबह उसकी मौत हो गई।

# परिवहन खर्च और गर्मी से सब्जियों के दाम में उछाल से जनता परेशान

कैनविज टाइम्स संवाददाता



चंडीगढ़। पेट्रोल-डीजल की बढ़ती कीमतों और भीषण गर्मी का असर अब आम आदमी की रसोई पर साफ दिखाई देने लगा है। पिछले 15 दिनों में सब्जियों और फलों के दामों में 20 से 40 फीसदी तक बढ़ोतरी दर्ज की गई है।

मंडी व्यापारियों के अनुसार डीजल महंगा होने से परिवहन खर्च बढ़ गया है, जबकि गर्मी के कारण सब्जियों को नुकसान पहुंच रहा है, जिससे बाजार में आपूर्ति कम हो गई है। सबसे ज्यादा असर टमाटर, प्याज, नींबू, हरी मिर्च और लहसुन की कीमतों पर पड़ा है। टमाटर का भाव 20 रुपये से बढ़कर 50 रुपये प्रति किलो, प्याज 20 से 30 रुपये प्रति किलो और नींबू 50 से 80 रुपये प्रति किलो तक पहुंच गया है। लहसुन 150 से 200 रुपये प्रति किलो बिक रहा है। घीया और तोरी के दाम भी 30-32 रुपये से बढ़कर 40-45 रुपये प्रति किलो हो गए हैं। सब्जी विक्रेता सचिन ने बताया कि पहले ट्रक का भाड़ा 18-20 हजार रुपये था, जो अब बढ़कर 25 हजार रुपये तक पहुंच गया है। इसके अलावा तेज गर्मी के कारण सब्जियां जल्दी खराब हो रही हैं, जिससे लागत बढ़ रही है। महंगाई का असर ग्राहकों पर भी पड़ रहा है। लोगों का कहना है कि जहां पहले वे एक किलो सब्जी खरीदते थे, अब आधा किलो खरीदकर काम चला रहे हैं। बढ़ती कीमतों से घरेलू बजट बिगड़ गया है और लोग कम दाम वाली सब्जियों की ओर रुख कर रहे हैं।

# कोसी ने पार किया 58 हजार क्यूसेक का आंकड़ा, वीरपुर बराज के 7 फाटक खोले गए

कैनविज टाइम्स संवाददाता

सुपौल। बिहार और नेपाल के सीमावर्ती क्षेत्रों में रहने वाले लोगों की चिंता बढ़ाने वाली खबर सामने आई है। बाढ़ अवधि 2026 के दौरान पहली बार कोसी नदी का जलप्रवाह 50 हजार क्यूसेक के पार पहुंच गया है। शनिवार सुबह आठ बजे वीरपुर स्थित कोसी बराज पर नदी का डिस्चार्ज 58,765 क्यूसेक दर्ज किया गया। बढ़ते जलदबाव को देखते हुए बराज के 56 फाटकों में से 7 फाटक खोल दिए गए हैं। प्रशासन और जल संसाधन विभाग स्थिति पर लगातार नजर बनाए हुए हैं। कोसी बराज कंट्रोल रूम से प्राप्त जानकारी के अनुसार नेपाल के पहाड़ी और जलग्रहण क्षेत्रों में हुई बारिश के कारण नदी में पानी की मात्रा लगातार बढ़ रही है। नेपाल के बराहक्षेत्र में भी जलप्रवाह बढ़कर करीब 43 हजार क्यूसेक तक पहुंच गया है। विशेषज्ञों का मानना है कि यदि ऊपरी क्षेत्रों में वर्षा जारी रही तो आने वाले दिनों में कोसी के जलस्तर में और वृद्धि हो सकती है। नदी के बढ़ते जलप्रवाह को देखते हुए वीरपुर बराज के सात फाटक खोलकर पानी की निकासी सुनिश्चित की जा रही है। जल संसाधन विभाग के अधिकारी लगातार जलस्तर की निगरानी कर रहे हैं और किसी भी संभावित स्थिति से निपटने के लिए सतर्क हैं। बाढ़ के मौसम की औपचारिक शुरुआत से पहले ही कोसी का जलप्रवाह तेजी से बढ़ना प्रशासन के साथ-साथ नदी किनारे बसे लोगों के लिए भी चिंता का विषय बन गया है।

# केंद्र एवं दिल्ली सरकार की उपलब्धियों को लेकर भाजपा का घर-घर सम्पर्क अभियान सम्पूर्ण

कैनविज टाइम्स संवाददाता



नई दिल्ली। केंद्र एवं दिल्ली सरकार की उपलब्धियों एवं योजनाओं को लेकर भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) द्वारा चलाये जा रहे घर-घर सम्पर्क अभियान के अंतिम दिन शनिवार को प्रातः दिल्ली भाजपा के संगठन महामंत्री पवन राणा ने गांधी मार्किट, दीनदयाल उपाध्याय मार्ग पर घर-घर जा कर लोगों से चर्चा की। दिल्ली भाजपा के सह कार्यालय मंत्री अमित गुप्ता एवं अन्य स्थानीय कार्यकर्ता भी सम्मिलित हुए। राज्यसभा सांसद स्वाति मालीवाल ने स्थानीय कार्यकर्ताओं के साथ दिल्ली गेट वार्ड की समिति 115 एवं 116 में घर-घर जा मोदी सरकार एवं दिल्ली की भाजपा सरकार की उपलब्धियों को लोगों के बीच रखा। चांदनी चौक से सांसद प्रवीन खंडेलवाल ने चांदनी चौक विधानसभा के सिविल लाइन वार्ड में घर-घर सम्पर्क अभियान के अंतर्गत क्षेत्र के प्रबुद्ध नागरिक एवं विशिष्ट कवि सुरेंद्र शर्मा के घर जाकर मोदी सरकार एवं दिल्ली सरकार की उपलब्धियों पर उनसे चर्चा की। उत्तर पूर्व दिल्ली के सांसद मनोज तिवारी ने बाबरपुर विधानसभा के गोरख पार्क में स्थानीय कार्यकर्ताओं के साथ जनसंपर्क अभियान चलाया। पूर्व प्रदेश अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने मयूर विहार फ़ेज- एक में जनसंपर्क अभियान चला कर केन्द्र सरकार की उपलब्धियों के पत्रक वितरित किये। प्रदेश महामंत्री विष्णु मित्तल ने स्थानीय कार्यकर्ताओं के साथ प्रीत विहार मंडल में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी सरकार की उपलब्धियों के पत्रक घर-घर जा कर वितृत किये। प्रदेश महामंत्री एवं सांसद योगेन्द्र चांदोलिया ने नरेला बखतावरपुर में स्थानीय कार्यकर्ताओं के साथ जनसम्पर्क अभियान को आगे बढ़ाया। विधायक राजकरन खत्री और निगम पार्षद सुमित चौहान भी सम्मिलित हुए। प्रदेश महामंत्री एवं सांसद कमलजीत सहरावत ने विधायक प्रदुमन राजपूत के साथ सागरपुर, द्वारका विधानसभा में घर घर सम्पर्क अभियान चलाया। दिल्ली विधानसभा के उपाध्यक्ष मोहन सिंह बिष्ट ने शिवविहार के पोलिंग बूथ 63 पर पत्रक वितरित किये। दिल्ली जलबोर्ड उपाध्यक्ष सतीश उपाध्याय ने ग्रीन पार्क मार्किट में जनसम्पर्क अभियान को आगे बढ़ाया।

## बसंतपुर आकांक्षी प्रखंड के विकास कार्यों की समीक्षा

सुपौल। आकांक्षी प्रखंड बसंतपुर के समग्र विकास को गति देने के उद्देश्य से प्रखंड कार्यालय परिसर स्थित बीडीओ कार्यालय कक्ष में ब्लॉक लेवल टास्क फोर्स की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता प्रखंड विकास पदाधिकारी (बीडीओ) सुजीत कुमार मिश्रा ने की। इसमें विभिन्न विभागों के अधिकारियों ने भाग लेकर अपने-अपने विभागों की योजनाओं और विकास कार्यों की प्रगति की समीक्षा की। बैठक के दौरान बीडीओ ने सभी विभागीय अधिकारियों से संचालित योजनाओं की अद्यतन जानकारी प्राप्त की। अधिकारियों ने अपने विभागों की उपलब्धियों, प्रगति रिपोर्ट और आगामी कार्ययोजनाओं को विस्तार से प्रस्तुत किया। समीक्षा में विभिन्न विकास योजनाओं की वर्तमान स्थिति का आकलन करते हुए संबंधित अधिकारियों को निर्धारित समयसीमा के भीतर कार्यों को शत-प्रतिशत पूरा करने का निर्देश दिया गया। बैठक में स्वास्थ्य, कृषि और रोजगार सृजन से जुड़े मुद्दों पर विशेष रूप से चर्चा हुई।

चेयरमैन एवं प्रधान सम्पादक - **राकेश कुमार पाण्डेय** कार्यकारी सम्पादक* - **अरशद सईद खान** स्टेट हेड - **संदीप मिश्रा**

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक राकेश कुमार पाण्डेय द्वारा सरस्वती प्रिंटर्स वाटर वर्क्स रोड ऐशबाग, लखनऊ से मुद्रित एवं सी-46, कृष टॉवर, विभूति खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ, पिन-226010 से प्रकाशित। * इस अंक में प्रकाशित सभी समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पीआरबी एक्ट के तहत उत्तरदायी।

समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय क्षेत्र के ही अधीन होंगे। फोन नं। 0522-4249333 फैक्स नं.- 4249333 **e-mail** : info@kanwhizztimes.com RNI NO - UPHIN/2012/42063